डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹ 78500 10 ग्राम

₹ 99000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
| --- | --- |
| 78,058.16 | 87.560 |
| -213.12 | +0.226 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

माघ शुक्ल पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 07 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-114, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 रवींद्र जडेजा 600 अंतरराष्ट्रीय...

## एक नजर

### सीएम को हाईकोर्ट से राहत बरकरार, अगली सुनवाई आठ सप्ताह बाद

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रिट पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। गुरुवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय लिया गया। जिसके बाद अदालत ने आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े मामले में अगली सुनवाई के लिए आठ सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है। इसके साथ ही अदालत ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई तक के लिए विस्तार दिया है। न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने इस मामले की सुनवाई की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की है। जिसमें उन्होंने अदालत से यह गुहार लगाई है कि चाईबासा जिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द की जाये।

### तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा, मौत

**रामगढ़।** एनएच 23 रामगढ़-बोकारो मार्ग के मुरूबंदा के समीप गुरुवार को हुए सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। मृतक की पहचान गोला निवासी 40 वर्षीय पवन कुमार और 45 वर्षीय सिकंदर मुंडा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पवन एवं सिकंदर **शेष पेज 11 पर**

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# जवान ने कैंप से चुराए गए एके-47 से किया था डबल मर्डर, साथी के साथ गिरफ्तार

**रांची पुलिस ने 36 घंटे के भीतर वारदात का खुलासा किया**




**रांची।** नगड़ी में हुए डबल मर्डर मामले में आश्चर्यजनक खुलासा हुआ है। बीते मंगलवार बुधराम मुंडा और मनोज कच्छप की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस के जांच में खुलासा हुआ है कि मनोज और बुधराम की हत्या सेना की यूनिट से चुराए गए एके-47 राइफल से की गई थी। पुलिस ने एके 47 राइफल भी बरामद कर लिया है। मामले में कार्रवाई करते हुए रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की स्पेशल टीम ने मामले के मुख्य आरोपी सहित दो को गिरफ्तार कर किया। एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मोरंजन टोपनो भारतीय सेना में है और उसकी तैनाती जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में है। वह एक महीने की छुट्टी पर आया था। इसी दौरान उसने साजिश के तैहत डबल मर्डर की घटना को अंजाम दिया। वह अपने यूनिट से चोरी करके एके 47 राइफल लेकर आया था और मंगलवार को उसी राइफल से मनोरंजन टोपनो ने मनोज और बुधराम की गोली मार कर हत्या कर दी थी।

**जमीन विवाद के कारण डबल मर्डर की घटना को दिया अंजाम :** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि डबल मर्डर को जमीन विवाद के कारण अंजाम दिया गया था। दरअसल सेना के जवान मनोरंजन ने 2016 में ही मारे गए बुधराम के भाई स्वर्गीय शनिचरा को दो लाख रुपए 26 डिसमिल जमीन खरीदने **शेष पेज 11 पर**

# सांसद विष्णु दयाल राम ने जल शक्ति मंत्री से की मुलाकात

**मंडल डैम परियोजना को जल्द पूरा कराने का अनुरोध**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटील से मुलाकात कर उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) परियोजना के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने का अनुरोध किया। सांसद ने बताया कि झारखंड के लातेहार जिले में स्थित यह परियोजना पलामू, गढ़वा, लातेहार (झारखंड) और गया, औरंगाबाद (बिहार) की 1,11,521 हेक्टेयर सूखाग्रस्त भूमि को सिंचाई और पेयजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ उद्योगों के लिए भी महत्वपूर्ण है।

2014 में केंद्र सरकार बनने के बाद इस परियोजना के पुनर्निर्माण के लिए 1622.27 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे। प्रधानमंत्री ने 5 जनवरी 2019 को इसका शिलान्यास किया था, जिससे स्थानीय लोगों को उम्मीद जगी थी। हालांकि, डूब क्षेत्र के ग्रामीणों के मुआवजे और पुनर्वास की मांग तथा राज्य सरकार **शेष पेज 11 पर**

# कोलकाता के कालीघाट मंदिर में सीएम हेमंत ने लगाई हाजिरी

**सफल रहा कोलकाता दौरा, झारखंड में 26 हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव**



**रांची/कोलकाता।** 5 फरवरी को कोलकाता में आयोजित बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट- 2025 के आठवें संस्करण के उद्घाटन समारोह में शिरकत करने के बाद 6 फरवरी की सुबह सीएम हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ कालीघाट शक्तिपीठ मंदिर पहुंचे और मां काली की विधि विधान से पूजा की।

मुख्यमंत्री ने पत्नी संग मंदिर की परिक्रमा कर राज्य की उन्नति, सुख समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद थे। आपको बता दें कि कोलकाता के कालीघाट में काली मां का प्राचीन मंदिर है। यह 51 शक्तिपीठों में से एक है।

पूजा-अर्चना के बाद पत्रकारों से बातचीत के क्रम में सीएम ने कहा कि देश और राज्य के विकास में कई लोगों की भागीदारी होती है। हमारे राज्य में कई लोग निवेश करते हैं। बंगाल और झारखंड में कई समानताएं हैं। यह पूछने पर कि क्या झारखंड में भी बंगाल की तरह निवेशक सम्मेलन करेंगे, उन्होंने कहा कि झारखंड में तो लोग ऐसे ही रुचि रखते हैं।

दरअसल, सीएम का यह कोलकाता दौरा कई मायनों में बेहद सफल रहा है। क्योंकि झारखंड को 26 हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश का प्रस्ताव मिल चुका है। इससे राज्य में 15 हजार से ज्यादा रोजगार सृजित होगा। सीएम को निवेश के लिए प्रस्ताव देने वाली कंपनियों में एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड, द इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट लिमिटेड, गजानन फेरो प्राइवेट लिमिटेड, एस एम स्टील एंड पावर लिमिटेड, वॉल्टेक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड, रामकृष्ण फोरगिन्स लिमिटेड, बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रश्मि मेटलीक्स लिमिटेड, सुप्रीम मेटल एक्सपोर्ट लिमिटेड और एसकेवाई कॉर्प के नाम शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एसएम ग्रुप के चेयरमैन ने की मुलाकात, झारखंड में करेंगे निवेश



**रांची।** झारखंड में एसएम ग्रुप ऑफ कंपनी बड़ा निवेश करने की तैयारी में है। इस सिलसिले में कंपनी के चेयरमैन मनीष खेमका और सहयोगी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से कोलकाता में आयोजित दो दिवसीय बंगाल ग्लोबल समिट में गुरुवार को मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान खेमका ने मुख्यमंत्री से राज्य में बिजनेस की संभावनाओं और निवेश की आकांक्षाओं के साथ एसएम ग्रुप कंपनी की तीन नई परियोजना जानकारी साझा की, जिसके अन्तर्गत 14 हजार करोड़ का निवेश कर रही है। इस निवेश से राज्य में 10 हजार से अधिक रोजगार सृजित होंगे। झारखंड में परियोजनाओं में नीमडीह सरायकेला खरसावां में 1.2 एमटीपीए एकीकृत क्षमता वाले इस्पात संयंत्र की स्थापना होगी। वहीं नीमडीह सरायकेला खरसावां में 1.2 एमटीपीए क्षमता वाले रोलिंग मिल की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा सीएफबीसी आधारित 491 मेगावाट क्षमता के स्वतंत्र विद्युत संयंत्र बरवाडीह लातेहार की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री ने उनकी प्रस्तावित परियोजनाओं की स्थापना के लिए कंपनी को राज्य से सहयोग का आश्वासन दिया है। इसके लिए संबंधित विभाग शीघ्र ही परियोजना प्रस्तावक और राज्य के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कराने की तैयारी में है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार, उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, उद्योग संयुक्त निदेशक प्रणव पाल भी मौजूद थे।

पीएम ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में कहा-

# कांग्रेस से सबका साथ-सबका विकास की अपेक्षा गलत, इनके मॉडल में 'फैमिली फर्स्ट'



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यसभा में गुरुवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर संबोधन दे रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने एक बार फिर 'सबका साथ, सबका विकास' को लेकर अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके, अलावा पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के मॉडल में 'फैमिली फर्स्ट' सर्वोपरि है। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने भारत की उपलब्धियों के बारे में, दुनिया की भारत से अपेक्षाओं के बारे में और भारत के सामान्य मानवी का आत्मविश्वास, विकसित भारत का संकल्प जैसे सभी विषयों की विस्तार से चर्चा की थी। देश को आगे की दिशा भी उन्होंने दिखाई। राष्ट्रपति का अभिभाषण प्रेरक भी था, प्रभावी भी था और हम सब के लिए भविष्य का मार्गदर्शक भी था। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सांसदों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यहां 'सबका साथ, सबका विकास' के बारे में बहुत कुछ कहा गया है। मुझे समझ में नहीं आता कि लोग इस पर क्यों परेशान हो रहे हैं। यह **शेष पेज 11 पर**

### अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों को भेजने पर सदन में हंगामा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राज्यसभा में कहा, अवैध प्रवासी अमानवीय हालात में फंसे थे। इन्हें वापस लाना ही था। अवैध प्रवासी को भेजने का तरीका नया नहीं है। नियमों के तहत इन्हें वापस भेजा गया है। अमेरिका से भारतीय प्रवासियों को भेजे जाने के मुद्दे पर सदन में मंत्री ने 2009 से अब तक अमेरिका से निर्वासन का विवरण भी साझा किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, विदेशों में अवैध रूप से रह रहे अपने नागरिकों को वापस लेना सभी देशों का दायित्व है। यह नीति केवल एक देश पर लागू नहीं है। निर्वासन की मौजूदा प्रक्रिया नयी नहीं है, यह कई वर्षों से जारी है। उन्होंने कहा, **शेष पेज 11 पर**

## आज | कल




# डॉ. नटवा हांसदा बने जैक अध्यक्ष, अधिसूचना जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक और इंटर पर लगा ग्रहण टल गया है। राज्य सरकार ने राजकीय महिला पॉलिटेक्निक रांची के सेवानिवृत प्रभारी प्राचार्य डॉ नटवा हांसदा को जैक का अध्यक्ष बनाया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने आज 6 फरवरी को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। सरकार के संयुक्त सचिव मोईनुद्दीन खान के हस्ताक्षर से जारी अधिसूचना के तहत नए जैक अध्यक्ष का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने से 3 वर्षों का होगा। गौरतलब है कि 18 जनवरी को झारखंड अधिविद्द परिषद यानी जैक के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो और उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से नए अध्यक्ष के मनोनयन की प्रतिक्षा की जा रही थी। जानकारी के मुताबिक जल्द ही जैक के नये अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा पदभार ग्रहण करने जा रहे हैं।

**मैट्रिक-इंटर की परीक्षा तय समय पर होगी :** जैक से मिली जानकारी के मुताबिक राज्य में तय समय पर मैट्रिक-इंटर की परीक्षा होगी। गौरतलब है कि 11 फरवरी से 3 मार्च तक राज्य में मैट्रिक इंटर की परीक्षा होने हैं, जिसमें 7, 83, 711 विद्यार्थी शामिल होने वाले हैं। जैक ने इन परीक्षार्थियों के लिए राज्य में 2100 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां की प्रारंभिक तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

## नवोदय विद्यालय परिसर में छात्र का पेड़ से झूलता शव मिला, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**गिरिडीह।** गांडेय स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में एक छात्र का शव संदिग्ध स्थिति में पेड़ पर झूलता मिला है। सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के जवाहर नवोदय विद्यालय के 11 वीं का छात्र 17 वर्षीय रामप्रसाद यादव (राजधनवार थाना क्षेत्र के बलहारा निवासी) का शव विद्यालय परिसर के अंदर निर्मित छात्रावास के बाहर एक पेड़ में फांसी के फंदे से झूलता मिला।

**स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों पर लगा हत्या का आरोप :** गुरुवार की सुबह जब छात्रों की नजर मृत छात्र पर पड़ी तो हो हल्ला करना शुरू कर दिया। इसके बाद गांडेय थाना प्रभारी दल बल के साथ पहुंचे और शव को नीचे उतारा। इधर छात्रों और परिजनों ने स्कूल के प्राचार्य समेत शिक्षकों पर हत्या का आरोप लगाया है। मौके पर एसडीपीओ जीत वाहन उरांव, बीडीओ निसात अंजुम, प्रमुख राजकुमार पाठक, इंस्पेक्टर मो. कमाल खान भी पहुंचे और जानकारी ली। इधर सामाजिक और राजनीतिक पेंच के बीच करीब 8 घंटे के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# पति से अलग हो चुकी महिला को दूसरे पति से गुजारा प्राप्त करने का पूरा अधिकार है : सुप्रीम कोर्ट

**भले ही उसकी पहली शादी कानूनी तौर पर समाप्त न हुई हो**



**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति बीवी नागरत्न व सतीश चंद्र शर्मा की खंडपीठ ने महिलाओं के अधिकारों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। इस खंडपीठ ने कहा है कि एक महिला, जो पहले पति से अलग हो चुकी है, उसे दूसरे पति से गुजारा प्राप्त करने का पूरा अधिकार है, भले ही उसकी पहली शादी कानूनी तौर पर समाप्त न हुई हो। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर महिला और पहला पति आपसी सहमति से अलग हुए हैं, तो कानूनी तलाक न होने के बावजूद महिला दूसरे पति से गुजारा मांग सकती है। यह मामला तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश से जुड़ा था, जिसमें महिला को उसके दूसरे पति से गुजारा देने से इनकार किया गया था। हाईकोर्ट ने यह फैसला सीआरपीसी की धारा 125 के आधार पर सुनाया था, जिसमें कहा गया था कि चूंकि महिला ने अपनी पहली शादी कानूनी तौर पर खत्म नहीं की है, इसलिए उसे दूसरे पति से गुजारा नहीं मिल सकता। लेकिन, अब सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश को पलटते हुए महिला की अपील को स्वीकार कर लिया है। **शेष पेज 11 पर**

# इंडिया: अवैध अप्रवासियों को भारत पहुंचाकर अमेरिका ने क्या किया?



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

प्रधानमंत्री मोदी की संभावित अमेरिकी यात्रा से लगभग एक हफ्ते पहले डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा भारतीय अवैध प्रवासियों की वापसी चर्चित घटना है। चूंकि भारत अवैध प्रवासन का समर्थन नहीं करता और जैसा विदेश मंत्री पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं, बात सिर्फ अमेरिका की नहीं है, अगर कोई भारतीय नागरिक दुनिया के किसी भी देश में अवैध रूप से रहता हुआ पाया जाता है, तो भारत उसे वापस लाने की प्रक्रिया का समर्थन करता है।ध्यान रखा जाना चाहिए कि यह कोई पहली बार नहीं है, जब अमेरिका से अवैध प्रवासियों को भारत वापस भेजा गया हो।विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया कि अमेरिका से भारतीयों को डिपोर्ट करने की प्रक्रिया कई सालों से चल रही है, यह कोई नई बात नहीं है। पिछले वर्ष अक्तूबर में करीब सौ लोगों को और 2023-24 में अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे एक हजार से ज्यादा लोगों को भारत भेजा गया था। लेकिन इसके लिए महंगे सैन्य विमान का उपयोग बेशक चौंकाने वाला है। अवैध आप्रवासियों का मुद्दा ट्रंप के चुनावी अभियान में केंद्रीत रहा था, और संभवतः इसीलिए सैन्य विमानों के इस्तेमाल से वह अपने समर्थकों को खुश करने के साथ यह संदेश भी देना चाह रहे हों कि अमेरिका अवैध प्रवासियों को कितना बड़ा खतरा मानता है।पिछले महीने डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभालने के बाद, अमेरिका की एजेंसियों ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ जो अभियान छेड़ा हुआ है, उसे कठोर कहने वाले भी हैं, लेकिन शायद यही ट्रंप की शैली है। वैसे भारत के लिए यह जरूर एक गंभीर विषय है। अवैध रूप से विदेश जाने के लिए लोग अक्सर लाखों रुपए खर्च कर डंकी रूट या दूसरे खतरनाक रास्तों का उपयोग करते हैं, जो न केवल उनके जीवन के लिए जोखिमपूर्ण है, बल्कि मानव तस्करी जैसे अपराधों को भी बढ़ावा देता है। सवाल उन परिस्थितियों पर भी उठने चाहिए, जिनसे बचने के लिए देश के युवा इतना जोखिम उठाने को तैयार हो जाते हैं। जो वापस आ रहे हैं, उनके सहारे उन माफियाओं तक तो पकड़ बनाई जा सकती है, जो लोगों को अवैध ढंग से दूसरे देशों में भेजने के काम में लिप्त हैं,




ताकि देश के युवाओं की ऊर्जा यों बर्बाद होने से रोकी जा सके। यह एक सच्चाई है की रोजगार के लिए पड़ोस के मोहल्ले से लेकर पड़ोसी राज्य और सात समुंदर पार तक लोग जाते रहे हैं जिन्हें कभी-कभी जबरन भेजा जाता है और कभी-कभी अच्छे भविष्य के लिए बड़े खतरे मोल कर लोग ऐसा करते हैं। भारत स्वयं इसका शिकार है जहां पाकिस्तान और बांग्लादेश के नागरिक घुसपैठ करते रहे हैं जिनमें कुछ का उद्देश्य रोजगार पाना तो कुछ का उद्देश्य भारत को अस्थिर करना रहता है। संसद में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि आप प्रवासियों का साथ है सब व्यवहार ना हो इस पर चर्चा होगी उपाय होंगे लेकिन इस पर एक अच्छी बात या है की बहुत सारे लोगों को यह बात स्पष्ट रूप से समझ में आ गई होगी की जान जोखिम में डालकर अमेरिका या कनाडा जैसे समृद्ध देशों में अवेद हा रूप से बचने का सपना आसान नहीं दूसरी ओर आप यदि भारत रोहिंग्या मुसलमान और बांग्लादेशी घुसपैठियों को उनके देश भेजता है तो विश्व समुदाय उस पर संभवतः सवाल नहीं उठा पाएगा क्योंकि अमेरिका ऐसा कर चुका है। किसी भी देश को यह अधिकार है कि वह अपनी संप्रभुता को बचाए रखने के लिए किसी अवैध अतिक्रमणकारियों को अपने देश से खदेड़ सके । इस मुद्दे पर यदि विपक्ष खामोश रहता है तो भविष्य में उसे भारत सरकार के पुराने शत्रुओं को देश निकाला देने पर बोलने का अवसर नहीं रहेगा।अमेरिका से वापस भेजे गए सभी अप्रवासी भारतीयों का बायोमीट्रिक स्कैन किया गया है और अब ये सभी अप्रवासी भविष्य में कभी वैध डॉक्यूमेंट्स के साथ भी अमेरिका जाने की कोशिश करेंगे, तो इन्हें वीजा नहीं मिल पाएगा। अमेरिका की वीजा पॉलिसी को कनाडा, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन समेत दुनिया के 20 देश फॉलो करते हैं, इसलिए इन अप्रवासियों को अब इन सभी देशों में भी एंट्री नहीं मिल पाएगी। इन लोगों की अमेरिका पहुंचने के तरीकों और भारत में किसी अपराध में संलिप्त होने की जांच भारतीय पुलिस जरूर करेगी। इनमें से कई लोग ऐसे हो सकते हैं जो भारत से वैध टूरिस्ट वीजा लेकर अमेरिका गए हों, लेकिन वहां अवैध रूप से रहने लगे या फिर किसी मानव तस्करी गिरोह के माध्यम से अमेरिका में प्रवेश किया हो तो ऐसे मामलों में पुलिस उन लोगों पर कानूनी कार्रवाई जरूर करेगी। अगर किसी अप्रवासी ने डंकी रूट से अमेरिका पहुंचने के लिए पैसा दिया हो तो उन लोगों पर आयकर अधिनियम 1961 के तहत ईडी कार्रवाई कर सकती है। अगर पासपोर्ट में हेराफेरी का मामला हुआ तो नागरिकता अधिनियम 1955 और पासपोर्ट अधिनियम 1967 के तहत कार्रवाई हो सकती है।

# दिल्ली में जमे हैं कांग्रेस के सभी विधायक और मंत्री



**राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से आज करेंगे मुलाकात**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार में गठबंधन के तौर पर सहभागी बनने के बाद कांग्रेस के सभी मंत्री और विधायक अपने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करने के लिए नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। ये सभी नेता सरकार बनने के बाद पहली बार वहां पहुंचे हैं और भविष्य के लिए केंद्रीय नेतृत्व से मार्गदर्शन प्राप्त कर लौटेंगे। पहले उन्हें गुरुवार को ही मिलने का समय दिया गया था, लेकिन कुछ कारणों से अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात शुक्रवार को हो पाएगी। जानकारी मिलने के बाद सभी नेता नई दिल्ली स्थित झारखंड भवन में ही रुक गए। इन नेताओं की वापसी की योजना अब शनिवार को है। कांग्रेस के नेताओं ने सरकार बनने के बाद ही आभार प्रकट करने के लिए समय की मांग की थी। केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें अब जाकर समय दिया है। नई दिल्ली पहुंचने वाले नेताओं में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के अलावे विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप खास तौर पर शामिल हैं। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन के साथ बैठक में राज्य सरकार के कामकाज पर चर्चा के साथ-साथ मंत्रियों के प्रदर्शन की जानकारी और विधायकों का फीडबैक होगा अहम होगा।

# महुदंड में प्रशासन की सख्त कार्रवाई दो एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के महुडंड पंचायत के नईया गांव में गुरुवार सुबह पुलिस ने अवैध अफीम खेती के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। प्रशासन ने वन विभाग की भूमि पर करीब दो एकड़ में लगी अफीम की फसल को नष्ट कर दिया।

**गुप्त सूचना पर हुई छापेमारी :** हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब को सूचना मिली थी कि हुसैनाबाद और पांडू थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव नईया में अवैध अफीम की खेती की जा रही है। इस आधार पर एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया गया।



### करीब पांच करोड़ रुपये की अफीम फसल नष्ट

छापेमारी के दौरान महुडंड पंचायत के नईया गांव के पास अफीम की खेती पाई गई। मौके पर पुलिस टीम ने पूरी फसल को नष्ट कर दिया। इस अवैध खेती की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये आंकी गई है।

### किसी की गिरफ्तारी नहीं, अभियान जारी रहेगा

अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि अफीम की अवैध खेती को लेकर प्रशासन लगातार सख्ती से अभियान चला रहा है। **अभियान में शामिल अधिकारी :** इस अभियान में हुसैनाबाद एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, महुडंड पुलिस पिकेट प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

# चतरा सांसद ने केंद्र सरकार से अमानत बैराज नहर निर्माण की मांग की

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** क्षेत्र स्थित अमानत बैराज से जुड़ी नहरों के निर्माण की मांग को लेकर सांसद कालीचरण सिंह ने लोकसभा में नियम 377 के तहत यह मुद्दा उठाया। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि यह बैराज किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया था, लेकिन नहरों के निर्माण न होने के कारण यह परियोजना अपने उद्देश्य को पूरा नहीं कर पाई है। हजारों किसान सिंचाई सुविधा के अभाव में प्राकृतिक वर्षा पर निर्भर हैं, जिससे उनकी फसलें अनिश्चितता की स्थिति में रहती हैं। अतिवृष्टि या सूखा, दोनों ही स्थितियों में किसान आर्थिक संकट का सामना करते हैं। यदि नहरों का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाए, तो इससे क्षेत्र के किसानों को राहत मिलेगी और कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी। सांसद ने केंद्र सरकार से शीघ्र नहरों के निर्माण की प्राथमिकता पर जोर दिया और इसे किसानों की समृद्धि से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम बताया।



# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ओपीडी सेवा शुरू, 26 लोगों का टीकाकरण



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** राजनडीह स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में गुरुवार से ओपीडी सेवा दोबारा शुरू की गई। सीएचओ रामी किण्डो ने मरीजों की जांच कर उन्हें दवा और उचित सलाह दी। वहीं, एएनएम सुरेखा कुमारी ने 26 महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण किया।

**ग्रामीणों को बड़ी राहत**

लंबे समय बाद स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी सेवा बहाल होने से राजनडीह के अलावा रामनगर, किशुनडीह, पदारथडीह, गाटरतर, झरीवा, नदीपर, गोलापत्थर और माहूर गांव के ग्रामीणों में खुशी है। मौके पर स्वास्थ्य कर्मी ओपीडी सेवा के पहले दिन एमपीडब्ल्यू दिलीप उरांव, एएनएम उर्मिला कुमारी और आउटसोर्स कर्मी नीरज कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आदेश पर शुरू हुई सेवा

गौरतलब है कि 'नवीन मेल' में प्रकाशित खबर को गंभीरता से लेते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हुसैनाबाद के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनेश कुमार ने बंद पड़ी ओपीडी सेवा को फिर से शुरू करने का आदेश जारी किया। उन्होंने एमपीडब्ल्यू और आउटसोर्स कर्मियों की जवाबदेही तय करते हुए प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट देने का निर्देश भी दिया है।

### सरस्वती पूजा पर भक्ति जागरण, श्रद्धालुओं ने उठाया भक्तिरस का आनंद

**सतबरबा।** सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर बुधवार की रात सतबरवा प्रखंड के रेवारातु स्थित चपरना गांव में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पांकी विधायक के सतबरवा प्रतिनिधि अजय उरांव, प्रमुख प्रतिनिधि युगल किशोर राम, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा और मुखिया प्रतिनिधि संजय तुरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से क्षेत्र में खुशहाली और आपसी समरसता बढ़ती है। उन्होंने मां सरस्वती से सभी को सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की और कहा कि भक्तिमय संगीत से जीवन आनंदित होता है। भक्ति जागरण में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। इस मौके पर विजय सिंह, मो. शबीर, विनय भुईंया, लक्ष्मण उरांव समेत कई लोग उपस्थित रहे। वहीं, अजय उरांव ने कमेटी को 2100 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की।

# खेत से युवती का शव बरामद, एक युवक हिरासत में



▸ **रेहला थाना क्षेत्र के केतात गांव का मामला**

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र के केतात गांव में गुरुवार सुबह एक युवती का शव खेत में पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान केतात गांव निवासी नन्हकू राम की पुत्री श्वेता उर्फ रुबी के रूप में हुई। वह अपनी मां कबूतरी देवी के साथ गांव में रहती थी, जबकि पिता और भाई बाहर काम करते हैं।

### हत्या की आशंका, युवक हिरासत में

युवती का शव घर के पास लहसुन के खेत में मिला, उसके चेहरे और गले पर निशान थे। पुलिस ने संदेह के आधार पर बसना गांव निवासी विकास कुमार को हिरासत में लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि एक युवक से पूछताछ की जा रही है, मामले की जांच जारी है।

# हुसैनाबाद नगर पंचायत में नवनिर्मित नाली एक माह में ही जर्जर, अनियमितताओं पर उठे सवाल

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद / हैदरनगर।** अनुमंडल मुख्यालय सह नगर पंचायत क्षेत्र हुसैनाबाद में महज एक माह पहले बनी नवनिर्मित नाली जगह-जगह टूटने लगी है। इससे राहगीरों को रात के अंधेरे में चलना जोखिम भरा हो गया है।

**निर्माण में घोर लापरवाही**

जपला-छतरपुर मुख्य पथ से पवन अग्रवाल की दुकान होते हुए संतोष पासवान के घर तक इस नाली का निर्माण एक महीने पहले ही कराया गया था। लेकिन अब यह कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति पवन अग्रवाल की दुकान के पास देखी गई है।

**सरकारी राशि के दुरुपयोग के आरोप :** स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत के कनीय अभियंता और कार्यपालक पदाधिकारी की मिलीभगत से घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है। लोगों ने इस भ्रष्टाचार की जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



### एसडीओ से जांच की मांग

नगरवासियों ने हुसैनाबाद के एसडीओ गौरांग महतो से इस मामले की अविलंब जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की अपील की है। उनका कहना है कि सरकारी राशि की लूट अब आम बात हो गई है, जिससे नगर विकास कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

# सिंचाई और पेयजल योजनाओं में देरी से किसान चिंतित, काम की सुस्त रफ्तार पर उठे सवाल



### जून 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य

यह परियोजना सीडब्ल्यूसी के फंड से 2019 में शुरू हुई थी, लेकिन घटिया निर्माण के आरोपों और ठेकेदार कंपनी के लेन-देन विवादों के कारण काम में रुकावट आई। अगस्त 2023 में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के निर्देश पर हुई बैठक में पलामू सांसद वीडी राम समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने जल्द काम पूरा करने को कहा था। कंपनी ने जून 2025 तक काम पूरा करने का वादा किया, लेकिन किसानों को अब भी संदेह है कि बिहार और झारखंड सरकार उनकी समस्याओं का समाधान कब करेंगी।

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल से जुड़ी दो बड़ी योजनाओं में देरी से किसानों की चिंता बढ़ गई है। उत्तर कोयल मुख्य नहर लाइनिंग परियोजना और हर घर नल-जल योजना समय पर पूरा नहीं हो रही हैं, जिससे ग्रामीणों और किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**उत्तर कोयल नहर लाइनिंग कार्य अधूरा, किसानों को नुकसान**

उत्तर कोयल मुख्य नहर की लाइनिंग का काम 2019 से चल रहा है, लेकिन अब तक पूरा नहीं हो सका है। इस वर्ष भी नवंबर में जलप्रवाह रोक दिया गया, लेकिन काम की रफ्तार बेहद धीमी है। रबी सीजन में सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

**कोल्हुआ और सोनबरसा में जल आपूर्ति परियोजनाएं भी अधूरी :** कोयल नदी के पास कोल्हुआ में इंटकवेल और सोनबरसा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का काम भी अधर में लटका हुआ है। इंटकवेल निर्माण की डिजाइन में गड़बड़ी के चलते इसे दोबारा बनाने का आदेश दिया गया, जबकि पाइपलाइन बिछाने का काम अब तक शुरू नहीं हुआ है।

**सांसद प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण, शीघ्र कार्रवाई की मांग :** सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने इन योजनाओं की धीमी प्रगति पर चिंता जताते हुए कार्य स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने सांसद विष्णुदयाल राम से इन योजनाओं को शीघ्र पूरा कराने के लिए पहल करने का अनुरोध किया है। ग्रामीणों का सवाल है कि क्या केंद्र और राज्य सरकारें इन महत्वाकांक्षी योजनाओं को समय पर पूरा कर पाएंगी, या फिर ये परियोजनाएं सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाएंगी?

### हर घर नल-जल योजना की सुस्त रफ्तार

मोहम्मदगंज के 39 गांवों के 8501 घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए चलाई जा रही हर घर नल-जल योजना की प्रगति बेहद धीमी है। वर्क ऑर्डर जारी हुए दो साल बीत चुके हैं, लेकिन अब तक सिर्फ 20% काम ही पूरा हो सका है। इस योजना को मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए समय पर काम पूरा होने की संभावना कम है।

### कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे वाहन की ऑटो से टक्कर, 5 घायल

**पांकी।** पांकी - मेदिनीनगर मुख्य पथ पर तेतराई हाई स्कूल के समीप गुरुवार की संध्या एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पांकी से कुंभ स्नान के लिए चार पहिया वाहन में सवार श्रद्धालु 15 मिनट पहले प्रयागराज के लिए रवाना हुए थे। इसी बीच तेतराई हाई स्कूल के पास एक ऑटो से उनकी चार पहिया वाहन की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में ऑटो चालक सहित चार पहिया वाहन में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चैनपुर निवासी ऑटो चालक अरविंद साहू (25 वर्ष), पांकी निवासी प्रेम सोनी (45 वर्ष), मुरली सोनी (60 वर्ष), रेखा देवी और एक अन्य महिला शामिल हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर किरण कुमारी ने सभी का इलाज किया। गंभीर रूप से घायल अरविंद साहू को बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर किया गया। पांकी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

# जमीन संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों ने उठाए ठोस कदम, पंचायतवार कैंप लगाने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** अनुमंडल पदाधिकारी सह एलआरडीसी गौरांग महतो और प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी रणवीर कुमार ने भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाते हुए पंचायतवार कैंप लगाने का निर्देश जारी किया है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मियों को पारदर्शिता सुनिश्चित करने और भ्रष्टाचार मुक्त सेवा देने की सख्त हिदायत दी है।

**स्थलीय सत्यापन के बाद ही होगा दाखिल-खारिज**

निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रभारी अंचल राजस्व निरीक्षक प्रेमचंद कुमार को निर्देश दिया कि वे कार्यालय कार्यों के साथ-साथ क्षेत्र में भी भ्रमण करें और भूमि विवादों को हल करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थलीय भौतिक सत्यापन के बाद ही दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) का निष्पादन किया जाए। इसके लिए भूमि के चौहद्दीदारों और स्थानीय ग्रामीणों के हस्ताक्षर अनिवार्य करने की बात कही गई, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

**भ्रष्टाचार की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन जारी**

उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त सेवा सुनिश्चित करने के लिए मोबाइल नंबर - 8235503866 जारी किया है, जिस पर कोई भी व्यक्ति कर्मचारियों द्वारा पैसे मांगने या किसी भी अनियमितता की शिकायत कर सकता है।




### सप्ताह में तीन दिन कैंप लगाकर निपटाए जाएंगे भूमि संबंधी मामले

प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी रणवीर कुमार ने निर्देश दिया कि प्रत्येक सप्ताह सोमवार, गुरुवार और शनिवार को कैंप लगाकर भूमि संबंधी आवेदनों का निष्पादन किया जाए। इसमें लगान रसीद, रैयत के नाम, खाता-प्लॉट संख्या की त्रुटियों में सुधार जैसी सेवाएं शामिल रहेंगी।

### पंचायतवार कैंप का शेड्यूल जारी

**प्रशासन ने फरवरी माह के लिए पंचायतवार कैंप की तिथियां तय की हैं:**

रामबांध - 10 फरवरी
पंसा - 13 फरवरी
कोल्हुआ-सोनबरसा - 15 फरवरी
लटपौरी - 17 फरवरी
गोड़ाडीह - 20 फरवरी
मोहम्मदगंज - 22 फरवरी
भजनियां - 24 फरवरी
कादलकुर्मी - 27 फरवरी

कैंप का समय पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक रहेगा। प्रत्येक कैंप में राजस्व उपनिरीक्षक, प्रभारी अंचल निरीक्षक और अमीन की प्रतिनियुक्ति की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सभी मामलों का निष्पादन दोपहर 4 बजे तक रिपोर्ट के रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इससे भू-राजस्व संबंधित कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

# ज्ञान मेला पांकी की धरती पर स्नेह और स्वधर्म का संगम : अविनाश




नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पांकी की धरती, जो संघर्ष की प्रतीक रही है, ने एक बार फिर ज्ञान मेला के माध्यम से स्नेह और स्वधर्म की धारा प्रवाहित की। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता एवं संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने दिवंगत मंत्री मधु सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष ने अविनाश देव का अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अविनाश देव ने अपने संबोधन में कहा कि मेला मिलन का वह संगम है, जहां से स्नेह और स्वधर्म की धारा बहती है। उन्होंने इस मेले को दो दिवसीय करने की आवश्यकता पर बल दिया और विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में यह मेला दुबियाखाड़ मेले जैसा राजकीय मेला बनेगा। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य निधि सिंह, दिवंगत मधु सिंह की पत्नी, मेला कमिटी के अध्यक्ष अरविंद सिंह, पांकी थानेदार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### एसटी -एससी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**हुसैनाबाद।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पूर्व के केस में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि उक्त आरोपी हुसैनाबाद थाना कांड संख्या- 109/023 के एसटी एससी मामले में गम्हर विगहा गांव निवासी सूरज सिंह डेढ़ वर्षों से फरार चल रहे थे। जिसको गिरफ्तार कर मेदिनीनगर न्यायालय में भेज दिया गया।




## आस्था

### माघ पूर्णिमा पर आमने-सामने होते हैं सूर्य और चंद्रमा, धार्मिक और वैज्ञानिक दृष्टि से विशेष

# गंगा स्नान से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं : पं. कुंडल तिवारी

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद / हैदरनगर।** सनातन धर्म में माघ पूर्णिमा का विशेष महत्व बताया गया है। ज्योतिष जिज्ञासु पं. कुंडल तिवारी के अनुसार, सभी मास की पूर्णिमा पर श्री विष्णु, माता लक्ष्मी की पूजा और श्री सत्यनारायण की कथा श्रवण की परंपरा है, लेकिन माघ पूर्णिमा को इनमें सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस दिन गंगा स्नान से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और मोक्ष की प्राप्ति मानी जाती है।

**माघ पूर्णिमा का ज्योतिषीय महत्व** :27 नक्षत्रों में मघा नक्षत्र, जिसके स्वामी केतु हैं, इस दिन विशेष प्रभावी रहता है। सिंह राशि के चारों चरण केतु के प्रभाव में आते हैं। इस तिथि को सूर्य और चंद्रमा एक-दूसरे के आमने-सामने होते हैं, जिससे चंद्रमा पूर्ण प्रकाश में दिखाई देता है।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी विशेष**

माघ पूर्णिमा के दौरान सूर्य और चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल अधिक होने से समुद्र में ऊँची लहरें उठती हैं।

### धार्मिक मान्यता

माघ पूर्णिमा पर सभी देवता और पितृगण पृथ्वीलोक में आते हैं। इस दिन तीन बार स्नान करने से अश्वमेघ यज्ञ के समान पुण्य प्राप्त होता है। स्नान के बाद भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी की पूजा, कथा श्रवण और गरीबों को गर्म वस्त्र एवं गुड़ का दान शुभ माना जाता है। गुरु पूर्णिमा के दिन बाल-दाढ़ी, नाखून कटवाना, बुजुर्गों का अपमान, क्रोध और अपशब्दों का प्रयोग वर्जित है। तामसिक प्रवृत्तियों का त्याग करना चाहिए।

आयुर्वेद में भी इस दिन को खास माना गया है, क्योंकि इस समय मन, शरीर और आत्मा के संतुलन को श्रेष्ठ माना जाता है। ध्यान, साधना, योग और जप से आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है।


**पूर्णिमा तिथि और शुभ मुहूर्त**

माघ पूर्णिमा 11 फरवरी को संध्या 6:30 बजे शुरू होकर 12 फरवरी को संध्या 6:42 बजे समाप्त होगी। सनातन परंपरा के अनुसार, उदया तिथि को ही पूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा, यानी 12 फरवरी को व्रत, स्नान, दान और पूजन करना श्रेष्ठ रहेगा।

# हुसैनाबाद थाना दिवस में 11 फरियादियों ने दिया आवेदन, जल्द निपटारे का आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जमीन संबंधी मामलों के निपटारे के लिए सरकार के निर्देश पर हुसैनाबाद थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इसमें अंचलाधिकारी पंकज कुमार और अंचल पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कुल 11 मामलों पर सुनवाई हुई, जिनके समाधान के लिए सीओ ने अगले थाना दिवस तक निपटारा करने का आश्वासन दिया। सीओ पंकज कुमार ने कहा कि हर थाना दिवस में दोनों पक्षों की उपस्थिति अनिवार्य है ताकि निष्पक्ष फैसला हो सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि बेवजह जमीन विवादों में न उलझें और यदि किसी को जानकारी का अभाव हो तो कार्यदिवस में अंचल कार्यालय आकर सीधे जानकारी लें। गौरतलब है कि यह थाना दिवस कई महीनों से शिथिल पड़ा हुआ था, लेकिन अब अंचलाधिकारी के प्रयास से इसे पुनः हर बुधवार को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, पुअनि संजय कुमार यादव समेत अन्य पुलिसकर्मी और दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।



## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधार कार्ड बनवाने में आ रही समस्याओं पर हुई चर्चा

**हुसैनाबाद।** गुरुवार को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक उर्दू मध्य विद्यालय में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी ने की। बैठक में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को शत-प्रतिशत सफल बनाने और आधार कार्ड बनाने में आ रही समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। इसके अलावा, जुलाई 2021 से 31 जनवरी 2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के सामूहिक सम्मान समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया, जिसमें 24 शिक्षक शामिल होंगे।

# डायट पलामू में विज्ञान और सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की प्रतिभा का प्रदर्शन

**68 विद्यालयों के 249 छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए नवाचार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पलामू के तत्वावधान में जिला स्तरीय विज्ञान और सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उद्घाटन सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो, पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार, डायट प्राचार्या अमृता सिंह, एडीपीओ संजय कापरी, और प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया।

प्रदर्शनी में 68 विद्यालयों के कक्षा 6 से 12 तक के 249 छात्र-छात्राओं और 74 शिक्षकों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि विश्वजीत महतो ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन का प्रत्येक अवसर विशेष होता है, इसे गंवाना नहीं चाहिए, बल्कि इसका लाभ उठाना चाहिए। जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने कहा कि ये प्रतिभाएं देश के नव निर्माण में योगदान देंगी। प्राचार्या अमृता सिंह ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को मंच प्रदान




करना है ताकि वे विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में अपने नवाचारों का प्रदर्शन कर सकें। निर्णायक मंडल में डॉ. राजीव कुमार सिंह, अमरेन्द्र नारायण (विज्ञान) और विजय प्रकाश, श्यामलाल उरांव (सामाजिक विज्ञान) शामिल थे। सामाजिक विज्ञान वर्ग 6 से 8 में कस्तूरबा पाटन को संसद भवन के मॉडल के लिए प्रथम, उच्च विद्यालय तरहसी को बहुउद्देशीय चूल्हा के लिए द्वितीय, और उच्च विद्यालय कुटमू को जल संरक्षण मॉडल के लिए तृतीय स्थान मिला। कक्षा 9 से 12 में पीएम श्री सरजा पोलपोल को ज्वालामुखी और 'जागो ग्राहक जागो' मॉडल के लिए प्रथम, सदगुरु हरिप्रताप चैनपुर को वर्षा जल संरक्षण के लिए द्वितीय, तथा उच्च विद्यालय पाटन को पवन ऊर्जा और जनता उच्च विद्यालय विश्रामपुर को कार्बन शुद्धिकरण के लिए संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला। इंस्पायर्ड अवार्ड श्रेणी में गिरिवर उच्च विद्यालय को ट्रेन एयर बैग सिस्टम के लिए प्रथम, तरहसी उच्च विद्यालय को ग्रास कटर के लिए द्वितीय, और जेबी हाई स्कूल को एयर स्लीप अलार्म के लिए तृतीय पुरस्कार मिला। प्रदर्शनी की सफलता में डायट के संकाय सदस्य नूतन कुमारी, मो. हसन रजा, मृत्युंजय कुमार, मो. शाहिद अनवर, और जितेन्द्र कुमार तिवारी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## 300 आदिम जनजाति परिवार कुंभ स्नान के लिए रवाना



**प्रथम महापौर ने दी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं, कहा– किसी भी दिक्कत पर करें संपर्क**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बनवासी कल्याण केंद्र के लगभग 300 आदिम जनजाति परिवारों को कुंभ स्नान के लिए ट्रेन द्वारा रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं को अंग वस्त्र एवं खाद्य सामग्री प्रदान कर उनके मंगलमय यात्रा की कामना की। कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री सुमन एवं पूर्व जिला अध्यक्ष विजयनंद पाठक भी उपस्थित रहे। महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि 144 वर्षों बाद आयोजित कुंभ मेला की व्यवस्था अत्यंत भव्य और अद्भुत है, जिसके लिए योगी सरकार धन्यवाद की पात्र है। उन्होंने श्रद्धालुओं से मेले में संयम और अनुशासन बनाए रखने की अपील की और निर्देश दिए कि सभी लोग एक-दूसरे का हाथ पकड़कर चलें और अपना आई-कार्ड अनिवार्य रूप से साथ रखें। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर किसी को कोई भी दिक्कत हो, तो तुरंत मुझे सूचित करें। मेरा नंबर सभी लोग अपने पास रखें, आपकी बहन हर संभव व्यवस्था करेगी। महापौर ने आदिम जनजाति परिवारों के कुंभ स्नान की पहल के लिए संगठन मंत्री सुमन जी को हृदय से बधाई दी और कहा कि हर हिंदू की इच्छा होती है कि वह कुंभ में स्नान करे, ऐसे में आदिम जनजाति के परिवारों को यह अवसर दिलाना एक पुनीत कार्य है। श्रद्धालुओं के रवाना होने के साथ ही पूरे माहौल में भक्ति और सेवा का भाव नजर आया।

# नगर आयुक्त व डीडीसी ने लिया आदिवासी विकास महाकुंभ मेले की तैयारियों का जायजा

**11-12 फरवरी को दुबियाखांड में होगा आयोजन, तैयारियों में तेजी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के दुबियाखांड में 11-12 फरवरी को आयोजित होने वाले आदिवासी विकास महाकुंभ मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। जिला प्रशासन और मेला आयोजन समिति लगातार तैयारियों में जुटी हुई है। गुरुवार को नगर आयुक्त जावेद हुसैन और उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शब्बीर अहमद ने अधिकारियों के साथ मेला स्थल का निरीक्षण किया और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीना, जिला कल्याण पदाधिकारी सह जिला खेल पदाधिकारी सेवा राम साहू, मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, हृदयानंद सिंह, भर्दुल कुमार सिंह, उमेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।



### मुख्य तैयारियां और प्रशासनिक निर्देश

- भूमि समतलीकरण कार्य पूरा, स्टॉल, जर्मन टेंट और हैंगर लगाने का कार्य जारी।
- साफ-सफाई, बिजली और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश।
- मुख्य समारोह स्थल के लिए वैकल्पिक प्रवेश मार्ग तैयार करने का निर्देश।
- वीआईपी और सामान्य पार्किंग स्थल चिन्हित, साइनेज लगाने के निर्देश।
- विभिन्न विभागों के स्टॉल तैयार, विभागीय फ्लेक्स बोर्ड लगाने को कहा गया।
- सामुदायिक भवन को दुरुस्त करने की मांग, जल्द कार्रवाई का भरोसा।

## योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में 'भारतीय ज्ञान परंपरा' पर ऑनलाइन व्याख्यान

**मेदिनीनगर।** योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में 'भारतीय ज्ञान परंपरा' व्याख्यान श्रृंखला के दूसरे सत्र का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या डॉ. मोहिनी गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने कहा कि यह व्याख्यान श्रृंखला छात्राओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक होगी। इससे प्राचीन परंपराओं की समझ विकसित होगी और चरित्र निर्माण व नैतिक मूल्यों का सृजन संभव होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव ने भारतीय ज्ञान परंपरा के रहस्यों और व्यवहारिक पक्ष को उजागर किया। उन्होंने बताया कि ज्ञान केवल सूचना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास का साधन है। एक कर्तव्यनिष्ठ नागरिक का निर्माण भी ज्ञान से ही संभव है। इसके अलावा भारतीय और पाश्चात्य धर्मशास्त्र की तुलनात्मक व्याख्या प्रस्तुत की। दोनों व्याख्यानों ने भारतीय चिंतन में वेदों और धर्मग्रंथों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। यह वेबिनार क्द्अउ के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ललिता भगत ने किया, जिसमें कई छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और भारतीय ज्ञान परंपरा की गहराइयों को समझने का अवसर प्राप्त किया।

## ग्रामीणों की जागरूकता से ग्राम स्वराज संभव : गणेश रवि



**मेदिनीनगर।** मनरेगा जागरूकता पखवाड़ा के तहत पाटन प्रखंड के पचकेड़िया पंचायत भवन में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उज्ज्वल जी ने की, जबकि संचालन प्रदीप कुमार ने किया। इसका आयोजन संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र और नागरिक सहायता केंद्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों को साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, पलामू लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी गणेश रवि ने कहा कि सरकार की योजनाएं ग्रामीणों को सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए हैं। यदि इन्हें सही तरीके से धरातल पर लागू किया जाए, तो महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य के सपने को साकार किया जा सकता है। मुखिया बसंती देवी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। रोजगार सेवक परमानंद मिश्रा ने कहा कि हम अधिक से अधिक लोगों को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बीपीओ स्वीटी जी ने कहा कि इस पंचायत की मुखिया भी महिला हैं और मैं भी महिला अधिकारी हूं, इसलिए महिलाओं का कोई भी कार्य रुकेगा नहीं। उन्होंने सभी को जागरूक होकर आगे बढ़ने की अपील की। शिविर में नरेगा जेई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अवैध खनन के खिलाफ एसडीएम की कार्यवाही, आठ ट्रैक्टर जब्त



**मेदिनीनगर।** सदर अनुमंडल क्षेत्र के सुआ कौड़ियां में बुधवार रात करीब 12:30 बजे सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा और सदर सीओ अमरदीप बल्होत्रा ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में आठ ट्रैक्टर जब्त किए गए, जिनमें से सात ट्रैक्टर में बालू लदी हुई थी, जबकि एक ट्रैक्टर खाली था। सभी ट्रैक्टरों को जब्त करके सदर परिसर में रखा गया।

इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम ने बताया कि वर्तमान में बालू पर पूरी तरह से प्रतिबंध है, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र से लगातार अवैध खनन की सूचना मिल रही थी, जिस पर पलामू उपयुक्त के निर्देश पर बुधवार रात छापेमारी अभियान चलाया गया। सात ट्रैक्टरों पर बालू लदा हुआ था, जबकि एक ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट का था, जिसकी जानकारी डीटीओ को दी जा चुकी है। बाकी ट्रैक्टरों पर जुमार्ना लगाया जाएगा।

एसडीएम ने यह भी कहा कि अवैध बालू खनन के खिलाफ यह कार्रवाई जारी रहेगी और आगे भी इस पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

## महात्मा नारायण दास ग्रोवर शिक्षा क्षेत्र के क्रांति नायक थे : जीएन खान



**महात्मा नारायण दास ग्रोवर की 17वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में महात्मा नारायण दास ग्रोवर की 17वीं पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एवं विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन. खान ने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ महात्मा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी शिक्षकों ने महात्मा जी को श्रद्धांजलि दी।

प्रातःकालीन प्रार्थना सभा की सभी गतिविधियां महात्मा जी के जीवन पर केंद्रित थीं। कक्षा 9वीं 'ब' की छात्राओं, स्नेहा और प्रतीक्षा, ने महात्मा जी पर एक सुंदर कविता प्रस्तुत की, जबकि कक्षा 11वीं 'ब' की छात्रा जस्सी ने उनके जीवन और कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

इस अवसर पर डॉक्टर जीएन खान ने बताया कि महात्मा नारायण दास ग्रोवर शिक्षा क्षेत्र के क्रांति नायक थे। रसायन शास्त्र में परास्नातक होने के बावजूद, उन्होंने सरकारी क्षेत्र में न जाकर स्वामी दयानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए डीएवी से जुड़ने का निर्णय लिया। महात्मा जी ने बिहार, झारखंड, और उड़ीसा में डीएवी संस्थाओं का व्यापक विस्तार किया। उन्हें आदिवासी बच्चों से विशेष स्नेह था और उनके उत्थान के लिए उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। सादा जीवन और उच्च विचार को अपनाते हुए, वे 'झोले वाला बाबा' के नाम से प्रसिद्ध थे। वर्तमान में, बिहार, झारखंड, और उड़ीसा में संचालित 200 से अधिक डीएवी संस्थाएं उनकी जीवित स्मारक के रूप में विद्यमान हैं। डॉक्टर खान ने विभिन्न संस्मरणों के माध्यम से महात्मा जी को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

शिक्षक अरविंद कुमार ने छात्रों के साथ हवन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, नीरज श्रीवास्तव, एके पांडे, जितेंद्र तिवारी सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजक शिक्षक कन्हैया राय थे।

## पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में संगठन विस्तार और अनुशासन पर चर्चा

**नगर निकाय चुनाव को लेकर भी हुआ मंथन**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक गुरुवार को कांग्रेस भवन में जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक (बिट्टू पाठक) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया।

बैठक में पार्टी संगठन के विस्तार और अनुशासन पर चर्चा हुई। बिट्टू पाठक ने कहा कि संगठन को ग्रासरूट स्तर तक मजबूत करने की जरूरत है, जिसमें बूथ स्तर तक कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने पार्टी अनुशासन पर जोर देते हुए कहा कि जिला स्तरीय पदाधिकारियों की कार्यशैली की समीक्षा की जाएगी, और निष्क्रिय पदाधिकारियों को चिन्हित कर पदमुक्त किया जाएगा। सभी प्रखंड अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि वे हर मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कैंप कर जनसमस्याओं के समाधान में सहयोग करें। इसके साथ ही, राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने और प्रखंड व अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया गया। यदि बीडीओ या सीओ जनहित की बात नहीं सुनते, तो पार्टी कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करेंगे। बैठक में नगर निकाय चुनाव को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## ट्रेन से उतरते हुए युवक का एक पैर कटा, दूसरा जख्मी

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर एक युवक रामप्रवेश राम (उम्र 32) ट्रेन से उतरते समय अनियंत्रित होकर गिर गया, जिससे उसके दोनों पैर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उसे मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची के रिम्स रेफर कर दिया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, रामप्रवेश राम रामगढ़ का रहने वाला है और वह मजदूरों को काम के लिए भेजने के लिए हावड़ा से जबलपुर (शक्तिपुंज एक्सप्रेस) ट्रेन पर चढ़ा रहा था। इस दौरान वह ट्रेन से उतरने के दौरान गिर गया और उसके दोनों पैर में गंभीर चोट आई, जिनमें से एक पैर कटकर अलग हो गया। उसे तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

## जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न

# पलामू के 250 से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में किया शानदार प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में जीएलए कॉलेज स्टेडियम में दो दिवसीय जूनियर बालक-बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से 250 से अधिक खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

मुख्य अतिथि प्राचार्य रोहित कुमार तिवारी (उत्कृष्ट सीएम जिला स्कूल डाल्टनगंज) और पलामू ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से 600 मीटर दौड़ के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथियों में पलामू जिला ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे, कासीआडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोविंद प्रसाद और शारीरिक शिक्षा शिक्षक प्रदीप मेहता शामिल रहे।

**विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन :** प्रतियोगिता में लंबी कूद, ऊंची कूद, 60 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक और किड्स जैवलिन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। खेल संचालन की जिम्मेदारी एथलेटिक्स कोच मोनू कुमार, प्रीति कुमारी, सतीश कुमार ठाकुर, उपेंद्र कुमार, निधि उपाध्याय, रंजीत कुमार सिंह, रमन सिंह, शिवानी कुमारी, सुहानी सिंह, आर्या सिंह, मोहित कुमार, गोलू, विमलेश सिंह और आशुतोष पांडे ने निभाई।

पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को 2025 में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। इसके अलावा, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट में भी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की पूरी टीम को बधाई दी गई।

### प्रतियोगिता के परिणाम

**अंडर-16 (बालिका वर्ग)**

**60 मीटर दौड़ :** साधना कुमारी (प्रथम), गौसिया परवीन (द्वितीय), रानी कुमारी (तृतीय), **600 मीटर दौड़ :** साधना कुमारी (प्रथम), रानी कुमारी (द्वितीय), ज्योति कुमारी (तृतीय), **शॉट पुट :** सुहानी सिंह (प्रथम), सोनाक्षी कुमारी (द्वितीय), करीना कुमारी (तृतीय, **जैवलिन थ्रो :** मानसी सिंह (प्रथम), सोनाक्षी कुमारी (द्वितीय), साधना कुमारी (तृतीय)

**अंडर-16 (बालक वर्ग)**

**60 मीटर दौड़ :** आशुतोष कुमार ठाकुर (प्रथम), अनमोल तिवारी (द्वितीय), प्रिंस शर्मा (तृतीय), **600 मीटर दौड़ :** सुधाकर कुमार मेहता (प्रथम), निलेश कुमार (द्वितीय), राधेश्याम ठाकुर (तृतीय), **शॉट पुट :** आयुष कुमार (प्रथम), तेज प्रताप (द्वितीय), आयुष कुमार तिवारी (तृतीय), **जैवलिन थ्रो :** आयुष कुमार (प्रथम), राधेश्याम ठाकुर (द्वितीय), सौरभ कुमार (तृतीय), **लॉन्ग जंप :** आशुतोष कुमार ठाकुर (प्रथम), अनमोल तिवारी (द्वितीय), सनी कुमार (तृतीय), **हाई जंप :** शिवम कुमार मिश्रा (प्रथम), आयुष कुमार दुबे (द्वितीय), निलेश कुमार (तृतीय)

**अंडर-14 (बालिका वर्ग)**

**60 मीटर दौड़ :** अर्पना राज (प्रथम), कल्पना सिंह (द्वितीय), पीहू रानी (तृतीय), **लॉन्ग जंप :** कल्पना सिंह (प्रथम), तानिया पांडे (द्वितीय), पीहू रानी (तृतीय), **हाई जंप :** नेहा कुमारी (प्रथम), कल्पना सिंह (द्वितीय), अर्पना राज (तृतीय)

**अंडर-14 (बालक वर्ग)**

**60 मीटर दौड़ :** आयुष प्रजापति (प्रथम), अभिषेक मेहता (द्वितीय), पंकज मेहता (तृतीय), **लॉन्ग जंप :** कुश कुमार मेहता (प्रथम), अभिषेक मेहता (द्वितीय), पंकज मेहता (तृतीय), **हाई जंप :** शुभम कुमार (प्रथम), आयुष प्रजापति (द्वितीय), अभिषेक मेहता (तृतीय)

## कोई भी काम करें तो अच्छाई के साथ करें, क्योंकि अगर दुआ लगती है तो बद्दुआ भी लगती है : अलका किशोरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय सुदन के तुलसी मानस मंदिर के मैदान में देवी मंडप ट्रस्ट द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के दूसरे दिन की कथा वृंदावन से पधारी भागवत कथा व्यास अलका किशोरी ने सुनाई। इस दिन उन्होंने माता सती अनसूया के चरित्र का वर्णन किया।

किशोरी जी ने बताया कि तीनों देवताओं ने माता सती अनसूया के पति वर्ता धर्म की परीक्षा लेने के लिए उनका दर्शन किया। तीनों देव साधु के रूप में कुटिया में पहुंचे और उनसे भिक्षा प्राप्त करने के लिए कुछ शर्तें रखी। माता अनसूया ने कहा कि यह संभव नहीं है, क्योंकि कोई भी स्त्री पराए पुरुष के पास बिना लाज और मयार्दा के भिक्षा कैसे दे सकती है। इस पर माता का क्रोध शांत हुआ और उन्होंने तीनों देवताओं को नवजात बच्चों के रूप में बदल दिया। इसके बाद, देवी सरस्वती, लक्ष्मी और पार्वती माता अनसूया से माफी मांगती हैं और कहती हैं कि आगे से ऐसा नहीं करेंगे। माता अनसूया ने कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है, क्योंकि तीनों पुत्र और उनकी बहुएं एक साथ मेरे घर आए हैं। आगे उन्होंने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति अच्छे मन से कार्य करता है, तो वह जरूर सफल होता है। उन्होंने लोगों से मंदिर निर्माण के लिए बढ़-चढ़कर दान देने की अपील की और कहा कि किसी भी कार्य को अच्छाई से करना चाहिए, क्योंकि किसी की दुआ लगने के साथ-साथ बद्दुआ भी लग सकती है।

## एक नजर

### नाईट क्रिकेट टूनार्मेंट एक मार्च से



**केतार।** लोहिया समता उच्च विद्यालय के मैदान में मां चतुर्भुजी नाईट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन एक मार्च से होगा। आयोजन कमिटी के अध्यक्ष विभुति नारायण सिंह ने बताया कि इस टूनार्मेंट में 32 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए 3500 रुपए की इंट्री फीस रखी गई है। विजेता टीम को 51 हजार रुपए और ट्रॉफी, जबकि उप विजेता को 31 हजार रुपए और ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। इस टूनार्मेंट का उद्घाटन समाजसेवी पंकज सिंह करेंगे। आयोजन के लिए सभी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोशलीबार में छात्रों के बीच पोशाक का वितरण

**खरौंधी।** (गढ़वा) गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोशलीबार में 23 छात्रों को पोशाक वितरित की गई। प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार राम ने बताया कि सरकार द्वारा छात्रों को निःशुल्क पोशाक, शिक्षण सामग्री और बैग प्रदान किया जा रहा है। इस प्रक्रिया से अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम होता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधन समिति की उपाध्यक्ष कलावती देवी और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### नाई समाज ने कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, सफाई अभियान भी चलाया

**खरौंधी।** (गढ़वा) गुरुवार को नाई समाज के सदस्यों ने कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उसके आसपास सफाई अभियान चलाया। समाज के अध्यक्ष धीरज ठाकुर ने बताया कि हर गुरुवार को सामूहिक रूप से सैलून की दुकानें बंद रखी जाती हैं और समाज के विकास पर बैठक की जाती है। इस दिन प्रतिमा के आसपास सफाई और सामाजिक कार्य किए जाते हैं।

# ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश

**सभी योजनाओं में प्रगति लाने पर जोर**




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, मनरेगा, तालाबों का पुनरुद्धार, सिद्धू-कान्हू क्लब, पंचायत स्तर पर भारत नेट की सुविधा, बायोमेट्रिक की स्थिति सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी बीडीओ और सीओ को निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर कार्यों का पर्याप्त पर्यवेक्षण और समीक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण करने, मनरेगा के तहत लंबित योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने, तालाबों के पुनरुद्धार कार्य में तेजी लाने, सिद्धू-कान्हू क्लब की स्थापना में प्रगति लाने, पंचायत स्तर पर भारत नेट की सुविधा को सुचारू रूप से उपलब्ध कराने, बायोमेट्रिक की स्थिति को सुधारने सहित अन्य योजनाओं के कार्यों को अगले एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, अनुमंडल पदाधिकारी नगर उंटारी प्रभाकर मिर्धा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, डीआरडीए डायरेक्टर रवीश राज सिंह, कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश सहित जिले के सभी वरीय पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### बीडीओ ने कनीय अभियंता को सात पंचायत आवंटित किए



**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने कनीय अभियंता आनंद कुमार को सात पंचायतों का जिम्मा सौंपा है। यह पंचायतें मुकुन्दपुर, केतार, बलिगढ़, परती कुशवानी, लोहरगाडा, परसोडीह और पाचाडुमर हैं। बीडीओ ने कनीय अभियंता को इन पंचायतों का भ्रमण करने और योजनाओं की मापी पुस्तिका एमआइएस में प्रविष्ट करने का निर्देश दिया है।

## न्यूज बॉक्स

### रामचरित मानस नवाह्न पारायण यज्ञ महोत्सव में मनाया गया श्री राम के जीवन का महत्व

**कांडी।** प्रखंड के राणाडीह गांव में आयोजित श्री राम चरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ महोत्सव में कानपुर से पधारी मानस मंजरी रामकथा वाचिका पुष्पांजलि शुक्ला ने कहा कि कथा समाज को नई दिशा देने और विकास के पथ पर अग्रसर करने वाली होती है। यज्ञ के तीसरे दिन प्रवचन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कथा जीवन के पाप का हरण करती है और इससे जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। कथा सुनने से आत्मविश्वास जागृत होता है। प्रवचन सत्र को वाराणसी से पधारे पंडित सच्चितानंद त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। यज्ञ के पैंतीसवें अधिवेशन में प्रतिदिन सुबह से शाम तक वाराणसी से पधारे आचार्य अवधेश मिश्रा और उनके सहयोगियों द्वारा वैदिक मंत्रों से देवी-देवताओं का पूजन, पाठ और आरती की जा रही है। यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष श्याम बिहारी दुबे, सचिव ब्रजमोहन मिश्रा, संरक्षक श्यामसुंदर शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय चौबे, भंडारी उपेन्द्र चौबे, सत्यनारायण पाण्डेय, सत्येन्द्र चौबे, प्रवेश राम,मुन्ना दुबे सहित सभी ग्रामीण लगे हुए हैं। यज्ञ 12 फरवरी तक चलेगा।

### विश्व पुस्तक मेला में सुरेन्द्र चंद्रवंशी की काव्य-गजल संग्रह कचनार के फूल की धूम

**भवनाथपुर।** स्थानीय कवि और उपन्यासकार सुरेन्द्र चंद्रवंशी सचेत की चौथी पुस्तक कचनार के फूल काव्य-गजल संग्रह ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित विश्व पुस्तक मेला में धूम मचाई है। इस पुस्तक का प्रकाशन नवी मुंबई के शब्दगाथा मीडिया पब्लिशर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है। यह पुस्तक शब्दगाथा मीडिया पब्लिशर के स्टॉल पर उपलब्ध है। पुस्तक का लोकार्पण कुछ माह पहले लौहनगरी टाटा में अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती झारखंड इकाई द्वारा आयोजित एक भव्य पुस्तक विमोचन समारोह में किया गया था। इससे पहले भी श्री चंद्रवंशी की दो कविता संग्रह धूप छांव काव्य प्रवाह और यादों का पिटारा काव्य रसधारा, उपन्यास पश्चाताप और सांझा संकलन आए अवध श्रीराम प्रकाशित हो चुके हैं। सुरेन्द्र चंद्रवंशी सचेत बीएसएम कॉलेज भवनाथपुर में भूगोल विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। वे कई अखबारों में पत्रकारिता का काम कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि विश्व पुस्तक मेला में इस पुस्तक की सहभागिता क्षेत्र और समाज के लिए गर्व की बात है।

### मझिआंव नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी ने बकायेदारों के खातों को फ्रीज करने की चेतावनी दी

**मझिआंव, गढ़वा।** नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने नगर पंचायत कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की, जिसमें उन्होंने कहा कि मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कुल 15 होल्डिंग टैक्स धारकों को कई बार बकाया होल्डिंग टैक्स भुगतान के लिए नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उनके द्वारा अब तक कोई बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 184 में बकायेदार के नाम का खाता अन्य वित्तीय प्रपत्रों के साथ प्रावधान है। इस नियम के तहत होल्डिंग टैक्स बकायेदारों का खाता फ्रीज कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के तहत बकायदार होल्डिंग टैक्स धारकों को खाता फ्रीज करने के लिए सभी बैंकों को लेटर भेजे गए हैं, जिनमें इंडिया बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शामिल हैं। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि अभी भी उनके पास मौका है, यदि वे बकाया होल्डिंग टैक्स राशि जमा करते हैं, तो उनका खाता फ्रीज नहीं किया जाएगा।

## जन वितरण प्रणाली से 560 लाभुकों को नहीं मिला तीन माह का खाद्यान्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** डंडई गांव के 560 लाभुकों को तीन माह से खाद्यान्न नहीं मिल पाया है। ग्रामीण पिछले 8-10 महीने से जन वितरण दुकानदार की दुकान और विभागीय कार्यालयों का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें खाद्यान्न नहीं मिल रहा। बताया गया कि मई 2024 का खाद्यान्न जन वितरण दुकानदार सफीक अंसारी द्वारा गबन कर लिया गया था, जिसके बाद ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई।अंचल निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव की जांच में यह पुष्टि हुई थी कि दुकानदार ने 256 क्विंटल खाद्यान्न काला बाजार में बेच दिया। इस मामले में प्रभारी एमओ यशवंत नायक द्वारा डंडई थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई, और डीएसओ रामगोपाल पांडे ने दुकानदार को निलंबित कर दिया। लाभुकों ने बताया कि मई और अक्टूबर 2024 का खाद्यान्न नहीं मिला है, साथ ही मार्च 2025 का खाद्यान्न भी नहीं दिया जा रहा है। दुकानदार का कहना है कि विभाग से आवंटन टैग नहीं बनाया गया, जिससे गोदाम से खाद्यान्न नहीं मिल पाया। इस स्थिति से ग्रामीणों में हताशा है, क्योंकि अब वित्तीय वर्ष समाप्त होने वाला है। लाभुकों ने कहा कि साल भर के भीतर तीन माह का खाद्यान्न न मिलना उनके हक का उल्लंघन है।

## तसरार पंचायत में जलमीनार योजना विफल




**खराब जलमीनार ने ग्रामीणों को पुराने कुएं पर निर्भर रहने पर विवश किया, शिकायतों के बावजूद सुधार नहीं**

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** गर्म मौसम की शुरूआत होते ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए जलमीनारों की स्थिति खस्ता होने लगी है। इस दौरान कुछ जलमीनारों से पानी पूरी तरह से निकलना बंद हो गया है, तो कुछ केवल एक-दो बाल्टी पानी दे रहे हैं। तसरार पंचायत स्थित मुखिया मुनीता देवी के घर के पास लगाए गए जलमीनार का उदाहरण इसी समस्या को उजागर करता है। यहां जलमीनार लगाए हुए अभी 6 माह भी नहीं हुए थे कि वह पूरी तरह खराब हो गया। अब यह जलमीनार सिर्फ दिखावा बनकर रह गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनार के लगने से उन्हें बहुत खुशी हुई थी, क्योंकि यह उम्मीद थी कि अब उन्हें कुएं से पानी नहीं निकालना पड़ेगा। लेकिन जलमीनार एक सप्ताह भी ठीक से नहीं चला और खराब हो गया, जिससे ग्रामीणों को पुराने कुएं से पानी निकालने पर मजबूर होना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में भी उन्हें अपनी जान को जोखिम में डालकर कुएं से पानी भरना पड़ा। इसी तरह मुखिया मुनीता देवी ने भी अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने कई बार जलमीनार की स्थिति को लेकर संवेदक और विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि भारी कुएं से पानी निकालते समय वह खुद गिर गई थीं, लेकिन किसी तरह बच गईं। मुनीता देवी ने यह भी बताया कि इस योजना का उद्देश्य केवल दिखावा था, क्योंकि अगर यह वास्तव में जनता के हित में होती तो उनकी शिकायतों का गंभीरता से समाधान किया जाता।

## खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं, आवश्यकता है अच्छे प्लेटफार्म की: पंकज सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के अंजनिया गांव में गुरुवार को आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन समाजसेवी पंकज सिंह ने किया। पंकज सिंह ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन उन्हें एक अच्छे प्लेटफार्म की आवश्यकता है। उन्होंने आयोजकों को धन्यवाद दिया और बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला और राज्य स्तर पर खेलने के लिए पूरा सहयोग देने की बात कही। टूनार्मेंट के उद्घाटन मैच में ताली और बुका टीम के बीच मुकाबला हुआ। बुका टीम ने 12 ओवर में 143 रन बनाए, जबकि ताली की टीम 100 रन बनाकर आउट हो गई। इस मौके पर रविंद्र सोनी, संतोष पासवान, पंकज यादव, अशोक ठाकुर, भागीरथी गुप्ता, मंजेश शर्मा और श्रीकांत गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मनरेगा सामाजिक अंकेक्षण में उपप्रमुख के अपमान का आरोप

**खरौंधी।** प्रखंड कार्यालय में आयोजित प्रखंड स्तरीय मनरेगा सामाजिक अंकेक्षण के दौरान विवाद उत्पन्न हो गया। उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में ऊफढ सुनील तिवारी द्वारा उपप्रमुख के खिलाफ विवादित टिप्पणी की गई। उपप्रमुख ने इसे अपमानजनक करार देते हुए प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की है। इस बैठक में मनरेगा कर्मियों ने भी विरोध जताया, लेकिन प्रशासन के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ और बैठक जारी रही।

## मजदूर यूनियन संघ ने भ्रष्टाचार और शोषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव गढ़वा।** प्रखंड क्षेत्र में भ्रष्टाचार और मजदूरों के शोषण के खिलाफ मजदूर यूनियन संघ ने प्रखंड कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इसमें नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सब्जी मंडी में गुमटी लगाकर कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। सब्जी विक्रेताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है और ठेकेदारों द्वारा प्रति टोकरी ?10 वसूला जाता है। इसके अलावा, रसोईया और संयोजिका को ?2000 प्रति माह के मानदेय में कोई वृद्धि न होने के खिलाफ भी प्रदर्शन किया गया। इन कर्मियों को 6000 प्रतिमाह जीवन बीमा सहित अस्थाईकरण के साथ सेवानिवृत्त होने पर बड़ी राशि देने की मांग की गई। मजदूर यूनियन संघ ने यह भी मांग की कि मनरेगा योजना में जेसीबी से कार्य न कराया जाए, ताकि स्थानीय मजदूरों को काम मिल सके। संघ ने जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों पर भी आरोप लगाया कि वे 2-3 किलो राशन की कटौती करते हैं, जिससे गरीब लोग नाराज हैं। प्रदर्शन में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के रसोईया और संयोजिका ने भाग लिया, और इस धरना प्रदर्शन का संचालन मजदूर यूनियन संघ के अध्यक्ष अवध बिहारी सिंह ने किया। अंत में, मजदूर यूनियन संघ ने प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कर्णक को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा।

## गैस सिलेंडर पर अनधिकृत डिलीवरी चार्ज लेने का आरोप, ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** समाजसेवी नित्यानंद पाठक ने घरेलू गैस सिलेंडर पर अनधिकृत डिलीवरी चार्ज और छूट नहीं मिलने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने कार्रवाई के लिए सीओ शंभु राम को आवेदन सौंपा है। साथ ही पत्र की प्रतिलिपि डिलीवरी चार्ज और डिस्ट्रीब्यूटर कमीशन संबंधी पेट्रोलियम मंत्रालय भारत सरकार को भी भेजी गई है। सीओ को लिखे आवेदन में समाजसेवी ने उल्लेख किया है कि कंपनी द्वारा घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के मूल्य में पहले से ही ?29.26 डिलीवरी चार्ज शामिल किया जाता है। इसके बावजूद गैस एजेंसी द्वारा सिलेंडर डिलीवरी करने पर अतिरिक्त ?40-50 का शुल्क वसूला जा रहा है। साथ ही, जो उपभोक्ता स्वयं गोदाम से गैस सिलेंडर ले जाते हैं, उन्हें भी डिलीवरी चार्ज में कोई छूट नहीं दी जाती। यह प्रथा उपभोक्ताओं के साथ अन्यायपूर्ण और असंवैधानिक है। यह स्थिति न केवल उपभोक्ता संरक्षण नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य नीति के भी विपरीत है। इससे आम नागरिकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने गैस कंपनी द्वारा अतिरिक्त डिलीवरी शुल्क वसूलने पर रोक लगाने, स्वयं गोदाम से गैस लेने वाले उपभोक्ताओं को डिलीवरी चार्ज में उचित छूट देने और इस संबंध में सभी गैस एजेंसियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा हो सके।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार।**

**अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/RM-13/2024-25 दिनांक 06.02.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि | :– | 11.02.2025 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 03 | निविदा जमा करने की तिथि समय एवं स्थान | :– | 13.02.2025 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 13.02.2025 अपरान 04:00 बजे तक। |
| 05 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | :– | कार्य0 अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of T/well | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair and Maintenance of Drilled T/Well in Different Block of Latehar District for Yr 2023-24. | LATEHAR | 200 | 184400 | 4000 | 500 | 45 Days |
| 2 | | MANIKA | 200 | 184400 | 4000 | 500 | 45 Days |
| 3 | | CHANDWA | 200 | 184400 | 4000 | 500 | 45 Days |
| 4 | | BALUMATH | 200 | 184400 | 4000 | 500 | 45 Days |
| 5 | | BARIYATU | 200 | 184400 | 4000 | 500 | 45 Days |
| 6 | | HERHANJ | 200 | 184400 | 4000 | 500 | 45 Days |
| 7 | | BARWADIH | 200 | 184400 | 4000 | 500 | 45 Days |
| 8 | | GARU | 200 | 184400 | 4000 | 500 | 45 Days |
| 9 | | MAHUWADANR | 200 | 184400 | 4000 | 500 | 45 Days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on Notice Board of OFFICE

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार।

PR 345952 Drinking Water and Sanitation(24-25)D



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. technical (Part –I) and Financial (Part -II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentioned work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 345/PR/JUSNL/ 2024-25 | Roof treatment, provision of floor tiles and other repair work of control room building at 132/33 kV GSS, Garhwa Road. | 04 Months | 5900/- | 33,600/- | 16,78,964.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e -Tender website | 11.02.2025 at 02.00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 11.02.2025 at 02.00 PM |
| End date and time of upload of BID | 04.03.2025 Up to 05.00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 06.03.2025 at 11.30 AM |
| BID Opening date for Price Part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone -IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 345920 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)D


## कार्यक्रम

### भाजपा मंडल की बैठक सह कार्यशाला आयोजित, शक्ति केंद्रों के प्रभारी का चयन

# विद्यालय में कार्यशाला के दौरान विभिन्न शक्ति केंद्रों के प्रभारी और सह प्रभारी का हुआ चयन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखण्ड के लक्ष्मी चंद्रवंशी कन्या उच्च विद्यालय कांडी के प्रांगण में गुरुवार को भाजपा मंडल की बैठक सह कार्यशाला आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशिरंजन दुबे ने की। कार्यशाला में मुख्य प्रभारी के रूप में ओम प्रकाश तिवारी और सह प्रभारी ललित बैठा उपस्थित थे। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रखण्ड के सभी शक्ति केंद्रों के प्रभारी और सह प्रभारी का चयन करना था। पार्टी पर्यवेक्षक की उपस्थिति में शक्ति केंद्रों के प्रभारी का चयन किया गया। चयनित प्रभारी इस प्रकार रहेः कांडी के लिए सुरेन्द्र सिंह, पतरिया के लिए राम लखन प्रसाद, सरकोनी के लिए राम लखन चंद्रवंशी, बलियारी के लिए अजय कुमार सिंह, गड़ाखुर्द के लिए अरुण राम, खरौंधा के लिए श्रीकांत पाण्डेय, पतीला के लिए ब्रज किशोर लाल, रानाडीह के लिए राजू कुमार, शिवपुर के लिए सुरेश पासवान, खुटहेरिया के लिए सीता राम तिवारी, घटहुआँ कला के लिए मोती यादव, लामरी कला के लिए राज नाथ शर्मा और चटनियां शक्ति केंद्र के लिए रामजन्म प्रसाद का चयन प्रभारी के रूप में किया गया।कार्यशाला में भोला मेहता, ब्रजेन्द्र कुमार, उपेन्द्र मेहता, सुरेन्द्र प्रसाद चंद्रवँशी, सूर्यदेव प्रसाद मेहता, जानकी रजवार, गोपाल चौधरी, संतोष कुमार सिंह, अमरजीत कुमार सिंह, रामाश्रय मेहता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### टंडवा में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन, विधायक ने की बैठक में भागीदारी

**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में विधायक उज्जवल दास की उपस्थिति में एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ देवलाल उरांव ने की, और संचालन भा.ज.पा. नेता ईश्वर दयाल पांडेय ने किया। बैठक में गाड़ीलौंग के खाता 161 में अवैध अतिक्रमण पर चर्चा हुई, जिसमें राजस्व विभाग को समीक्षा और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, शहीद चौक पर भारी वाहनों के बेधड़क परिचालन से हो रही समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कड़ी फटकार भी लगाई गई। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुदीप कुमार, रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना, बीपीओ सुबोध पासवान, और भाजपा नेता उदय पांडेय समेत कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों से पूछा गया स्पष्टीकरण की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों और पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछा गया। बैठक के दौरान विभागवार योजनाओं की समीक्षा भी की गई।

बैठक में प्रशासन द्वारा बालू ढुलाई के दौरान पकड़े गए ट्रैक्टर और जब्त की गई बालू के बारे में चर्चा हुई। प्रशासन ने कहा कि बालू की ढुलाई में रुकावट के कारण अबूआ आवास, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, आवेदक आवास सहित अन्य योजनाओं के संचालन में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस पर अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी ने उच्च अधिकारियों से संपर्क करने और खनन विभाग से बातचीत करने की सलाह दी।

बैठक में मनरेगा कार्य में सुस्ती पर भी रोष व्यक्त किया गया। कहा गया कि वित्तीय वर्ष का अंतिम दौर आ चुका है, लेकिन नई योजनाओं के लिए प्रशासनिक स्वीकृति अभी तक नहीं मिली है और पूर्व की योजनाएं भी सही से लागू नहीं हो पा रही हैं। इस स्थिति के कारण मजदूरों को पलायन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास और आवास योजनाओं की सूची उपलब्ध नहीं कराने पर प्रखंड समन्वयक फरहत नाजनी को जमकर फटकार भी लगाई गई। इसके साथ ही, लाभार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय किस्त का राशि भुगतान शीघ्र करने का निर्देश दिया गया। बैठक में नए लाभार्थियों के चयन को लेकर जनप्रतिनिधियों को सूचना न देने पर भी असंतोष व्यक्त किया गया। जनप्रतिनिधियों ने सभी अधिकारियों से सभी प्रकार की जानकारी देने की अपील की।

बैठक की अध्यक्षता प्रमुख ने की, जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने संचालन किया। बैठक में उपप्रमुख, अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, डॉक्टर अमृता अनुप्रिया, कुमारी अंजली भगत, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, विधायक प्रतिनिधि कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, वार्डन बिंदु पोद्दार और विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### धान अधिप्राप्ति से संबंधित बैठक में उपायुक्त ने दिए दिशा-निर्देश

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के तहत धान अधिप्राप्ति से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने धान खरीद के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को त्वरित गति से कार्य सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी लैंप्स के कर्मियों को निर्देशित किया कि वे निबंधित किसानों से संपर्क कर उन्हें धान आपूर्ति के लिए प्रेरित करें। उपायुक्त ने चेतावनी दी कि धान अधिप्राप्ति में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो और अन्य उपस्थित थे।

### ब्राह्मण समाज ने मनाई हरसू ब्रह्मदेव की जयंती

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में गुरुवार को ब्राह्मण समाज ने हरसू ब्रह्मदेव की जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने हरसू ब्रह्मदेव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। यह जयंती राजा शारिवाहन के गुरु महापंडित हरसू ब्रह्मदेव की माघ शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। यह आयोजन विशेष रूप से हरसू ब्रह्मदेव के वंशजों द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर पांडे ने की, जबकि संचालन ब्राह्मण समाज के प्रदेश कार्यकारी सदस्य यदुनंदन पांडेय ने किया। इस अवसर पर संजय पांडेय, सत्यदेव पांडेय, कृष्णा पांडेय, मुनि पांडेय, सूरज देव पांडेय, जमुना पांडेय, कामदेव पांडेय, गन्दोरी पांडेय और जवाहर पांडेय सहित समाज के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### जन शिकायत निवारण कोषांग की समीक्षा बैठक

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण कोषांग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जन शिकायत निवारण से प्राप्त शिकायतों और उनके निष्पादन की विभागवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें और शिकायतकर्ता को निष्पादन की सूचना दें। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राजस्व कर्मचारी विहीन अंचल में जमीन संबंधित कार्य प्रभावित

**मयूरहंड (चतरा)।** मयूरहंड अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारियों की कमी के कारण जमीन संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। दस पंचायतों में केवल एक राजस्व कर्मचारी से कार्य चल रहा था, लेकिन उन्हें अवैध बालू भंडारण में संलिप्त रहने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। इस स्थिति के कारण म्यूटेशन, राजस्व वसूली और अन्य संबंधित कार्य नहीं हो पा रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### संकुल संसाधन केंद्र काली में चित्रांकन और निबंध प्रतियोगिता

**चंदवा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान लातेहार के तत्वाधान में चंदवा प्रखंड के संकुल साधन केंद्र काली में गुरुवार को जिला स्तरीय कविता पाठ, चित्रांकन और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में परी कुमारी ने प्रथम, अंश राज गोप ने द्वितीय और करिश्मा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ में रिकेश प्रजापति ने प्रथम, स्वाति कुमारी ने द्वितीय और नाजिया कौसर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### भाजपा का संगठन महापर्व कार्यशाला

**चंदवा।** भाजपा ने गुरुवार को इंदिरा गांधी चौक के पास पथ निर्माण विश्रामागार में संगठन महापर्व कार्यशाला का आयोजन किया। बैठक में आगामी 12 फरवरी तक सभी बूथों पर बूथ कमेटी बनाने पर जोर दिया गया। मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तय समय पर बूथ कमेटी का निर्माण करें। इस अवसर पर कई भाजपा कार्यकताओं ने भाग लिया और पार्टी के आगामी चुनावी रणनीतियों पर चर्चा की।

### मादक पदार्थों के दुष्परिणामों पर संगोष्ठी

**लातेहार।** जिला सूचना भवन में मादक पदार्थों के दुष्परिणाम और इसके रोकथाम में मीडिया की भूमिका पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला जनसंपर्क अधिकारी डॉ. चंदन ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग से होने वाले सामाजिक और व्यक्तिगत नुकसानों पर प्रकाश डाला। वरीय पत्रकार आशीष टैगोर और अन्य विशेषज्ञों ने भी इस विषय पर चर्चा की। संगोष्ठी में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।

### विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को कार्य और दायित्व का प्रशिक्षण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएमश्री मध्य विद्यालय में गुरुवार को विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान सीआरपी राजकुमार राजू ने टीएलएम, एफएलएन, बाल संसद के कार्य और दायित्व, प्रयास कार्यक्रम, प्रोजेक्ट इम्पैक्ट, अनुदान राशि का समुचित उपयोग, पाठ्य सहगामी क्रियाएं, ईको क्लब और प्रबंधन समिति के अधिकार और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# बारियातू पुलिस ने 15 एकड़ अवैध पोस्ता की खेती को किया नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत में अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट किया। यह कार्रवाई बालुभांग, इंदुआ, और डकादिरी गांवों में वन भूमि पर की गई, जहां अलग-अलग प्लॉट में अवैध रूप से पोस्ता की खेती की जा रही थी। पुलिस को लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मिली गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। दल ने ट्रैक्टर से खेती को रौंदकर और लाठी-डंडों से पीटकर 15 एकड़ में फैली अवैध पोस्ता की फसल को नष्ट किया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि अभी अभियान जारी है, और इस अवैध खेती में संलिप्त कुछ व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध पोस्ता की खेती करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में थाना पुलिस के कई अधिकारी और जवान शामिल थे।

### विद्युत विभाग के सहायक अभियंता ने किया पदभार ग्रहण

**चतरा।** विद्युत विभाग के नए सहायक अभियंता सत्यदेव कुमार ने बुधवार को शहर के गंदौरी मंदिर स्थित विद्युत कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान एसडीओ हरिमोहन चौधरी से जिम्मेदारी ली। पदभार ग्रहण के दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नियमित बिजली आपूर्ति उनकी प्राथमिकता होगी, और जर्जर तारों को शीघ्र दुरुस्त किया जाएगा। इसके अलावा, नए बिजली कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। इससे पहले, कुमार साहेबगंज में सहायक अभियंता के रूप में कार्यरत थे, जहां उनके कार्यकाल में विद्युत व्यवस्था काफी बेहतर रही। निवर्तमान एसडीओ चौधरी को प्रोन्नति देकर रांची मुख्यालय में नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर विभाग के कनीय अभियंता और कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर नए सहायक अभियंता का स्वागत किया।

### एसडीओ ने कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण, कमियां पाई, संबंधितों को फटकार

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का गुरुवार को सिमरिया एसडीओ शनि राज ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी कलींद्र साहू और अंचलाधिकारी उदल राम भी मौजूद थे। निरीक्षण में विद्यालय में पानी की गंभीर समस्या पाई गई, साथ ही निर्माण कार्य में भी अनियमितताएं मिलीं। एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी को पानी की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने का आदेश दिया। इसके अलावा, विद्यालय की वार्डन बंटी कुमारी को साफ-सफाई पर ध्यान देने की हिदायत दी। सब्जी सप्लायर दीपेंद्र प्रजापति को भी चेतावनी दी और सुधार की बात कही। एसडीओ ने यह भी कहा कि अगर सुधार नहीं हुआ, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### वीबीडीए की इकाई गठन के लिए रक्त केंद्र लातेहार में बैठक का आयोजन, सिविल सर्जन रहे शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** वोलेंटरी ब्लड डोनेशन अवेयरनेस कमिटी (वीबीडीए) की लातेहार जिला इकाई का गठन गुरुवार को ब्लड बैंक लातेहार परिसर में आयोजित बैठक में हुआ। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह ने की। इस मौके पर झारखंड वोलेंटरी ब्लड डोनेशन अवेयरनेस के संस्थापक सदस्य एसके मुखर्जी, जनरल सेकेट्री कमल घोस और पूर्व जनरल सेकेट्री ने भी सहभागिता की। बैठक में उपायुक्त लातेहार को वीबीडीए का पदेन अध्यक्ष, सिविल सर्जन लातेहार को पदेन चेयरमैन और अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। अनुरोध बाग को कार्यकारी अध्यक्ष, शैलेश कुमार, छोटू राजा, और केदार प्रजापति को उपाध्यक्ष बनाया गया, जबकि विकासकांत पाठक को सचिव और जीतेंद्र सिंह, आफताब खुस्तर को सह सचिव नियुक्त किया गया। अन्य पदाधिकारियों में श्याम अग्रवाल को जिला संयोजक, नवनीत कुमार और उत्तम कुमार को सह जिला संयोजक, और धर्मेंद्र जायसवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। आशीष टैगोर को पत्रकार प्रतिनिधि और विक्रांत कुमार सिंह को कानूनी सलाहकार नियुक्त किया गया।

# बीडीओ के मनमानी रवैया से क्षुब्ध होकर प्रमुख सहित जनप्रतिनिधि बैठे धरने पर

**15वीं वित्त आयोग मद की राशि भुगतान नहीं करने का आरोप**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय में जब प्रमुख अनीता यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि धरने पर बैठ गए, तो अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के मनमानी रवैये से जनप्रतिनिधि खासे परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 15वीं वित्त आयोग मद की योजना पूरी होने के बावजूद राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे लाभुकों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। प्रमुख अनीता यादव और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि वे लगातार प्रखंड विकास पदाधिकारी से भुगतान की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। इसके साथ ही, मनरेगा योजना में भी मजदूरों का भुगतान लंबित है, जिससे मजदूरों की परेशानी और बढ़ रही है।

प्रमुख ने आरोप लगाया कि प्रखंड और अंचल कर्मी नियमित रूप से 12 बजे से पहले कार्यालय नहीं पहुंचते, जिससे ग्रामीणों का कार्य समय पर पूरा नहीं हो पा रहा है। प्रमुख ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही राशि का भुगतान नहीं किया गया और कर्मियों के रवैये में बदलाव नहीं आया, तो वह आंदोलन करेंगी। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, जनप्रतिनिधि और लाभुक भी धरने में शामिल थे।

### सिंदुआरी फाइटर ने सुहानी ट्रेडर्स को नौ विकेट से हराया

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जा रहे गिद्धौर प्रीमियर लीग सीजन टू के अंतर्गत गुरुवार को सिंदुआरी फाइटर और सुहानी ट्रेडर्स के बीच एक रोमांचक मैच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुहानी ट्रेडर्स की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर केवल 87 रन ही बनाए। सुहानी ट्रेडर्स की तरफ से संतोष कुमार निराला ने 32 रन और सुमित ने 20 रन का योगदान दिया। सिंदुआरी फाइटर के गेंदबाज गणेश सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महत्वपूर्ण तीन विकेट हासिल किए। इसके बाद, सिंदुआरी फाइटर ने मात्र एक विकेट खोकर 88 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया और मैच को नौ विकेट से जीत लिया। गणेश सिंह ने 11 गेंदों में 31 नाबाद रन बनाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया, जबकि विकाश कुमार ने 27 रन का योगदान किया। बेहतर प्रदर्शन के कारण गणेश सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# ईसीआरकेयू ने रेलकर्मियों से जुड़े मुद्दों को लेकर बैठक की, ज्ञापन सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार स्टेशन परिसर के इंजीनियरिंग विभाग और कॉलोनी क्षेत्र में ईसीआरकेयू ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया। इसके बाद रेलकर्मियों की एक आम बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पीएम प्रभारी मो. जयाउद्दीन और बरकाकाना शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर प्रसाद की अगुवाई में रेलकर्मियों ने अपने विभिन्न मुद्दों को प्रशासन के समक्ष रखा और ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर लातेहार के विभिन्न विभागों के वरीय सुपरवाइजर्स, स्टेशन प्रबंधक और सक्रिय रेलकर्मियों ने अपने विचार साझा किए। मो. जयाउद्दीन ने बताया कि यह कार्यक्रम 27-28 जनवरी को चेन्नई में संपन्न हुए वर्किंग कमेटी के निर्णय के आधार पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आठवें वेतन आयोग से संबंधित विभिन्न विभागों के रेलकर्मियों के वेतन, भत्ते, पदोन्नति और अन्य सुविधाओं की मांगों का संकलन कर आयोग को भेजने का निर्णय लिया गया। ईसीआरकेयू रेलकर्मियों से जुड़े मुद्दों पर लगातार आवाज उठाता रहेगा। उन्होंने कहा कि धरना प्रदर्शन और आमसभाओं का आयोजन तब तक किया जाएगा जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता। प्रमुख मुद्दों में आठवें वेतन आयोग से रेलकर्मियों के वेतन और भत्तों में उचित वृद्धि, ट्रैकमेन्टेनर को 4200 ग्रेड पे स्वीकृति, प्वाइंट मैन के लिए पदोन्नति चैनल की उपलब्धता, जोखिम कार्यों से जुड़े कर्मचारियों को भत्ता और लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर को उचित ग्रेड पे स्वीकृति शामिल हैं। इस कार्यक्रम में बरकाकाना शाखा के सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी वेलफेयर फेडरेशन के बरकाकाना सचिव सरयू प्रसाद, और अन्य कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर प्रसाद, शिव प्रसाद, सनाउल्लाह, अभय राज, मुकेश कुमार, अरविंद कुमार, संतोष ठाकुर, जितेंद्र सिंह, गोविंद राम, संतोष कुमार, सतेंद्र कुमार, दीपक कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।


**ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (द्वितीय आमंत्रण)**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–28/2024-25/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 06.02.2025

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction of Health Sub Centre at Khamikhas, Dist-Latehar | 55,50,000.00 | 09 (Nine) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 13/02/2025 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 20/02/2025 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 21/02/2025 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल,लातेहार

PR 345923 Building(24-25).D



**कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।**
(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–24, वर्ष 2024–25)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 19.02.2025 से 21.02.2025 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : 22.02.2025 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 22.02.2025 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी/मद – : अनाबद्ध (367, दिनांक 14.10.24)

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजनाओं का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | चतरा | सीमा | गरवाडीह | रमरसबागी से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हफुआ तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2495500 | 5000 | 50000 | 03 माह |
| 2 | चतरा | दारियातु | खरीक | म0वि0 की चाहरदिवारी निर्माण। | 1753700 | 5000 | 35500 | 03 माह |
| 3 | मयुरहण्ड | मंझगांवा | मंझगांवा | हाई स्कुल से अंजनवा जलरूप होते हुए रेलवे स्टेशन तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2499000 | 5000 | 50000 | 03 माह |
| 4 | मयुरहण्ड | पंदनी | मायापुर | टाल पर से सनपुरा का पुल तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2495000 | 5000 | 50000 | 03 माह |
| 5 | ईटखोरी | करनी | पीपरा | पीपल पेड से विशम्भर सिंह के घर होते हुए भाया पिपराही आहर तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2480600 | 5000 | 50000 | 03 माह |
| 6 | पत्थलगड़ा | सिंघानी | सिंघानी | लोहार टोला लंगड़ी बाड़ी में बहुउदेष्यीय भवन का निर्माण। | 1945250 | 5000 | 39000 | 06 माह |
| 7 | पत्थलगड़ा | कुब्बा | कुब्बा | मुख्य पथ से केन्दुवा बागी तक पीसीसी पथ निर्माण। | 2490000 | 5000 | 50000 | 03 माह |
| 8 | कान्हाचट्टी | चिरीदिरी | चिरीदिरी | चिरीदिरी डैम में छठ घाट का निर्माण। | 2440800 | 5000 | 49000 | 04 माह |
| 9 | कान्हाचट्टी | कान्हाचट्टी | पोलपोल | पोलपोल में उपेन्द्र सिंह के घर से पीसीसी पथ तक पीसीस पथ निर्माण। | 1499000 | 2500 | 30000 | 03 माह |

निविदा की शर्ते
1. जिला परिषद् चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित रहने की सूचना प्राप्ति होने की स्थिति में उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा।

PR 345916 District(24-25)D

# उपायुक्त ने बाल श्रम रोकथाम के जागरूकता अभियान रथ को रवाना किया




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा झारखण्ड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना, एवं प्रवासी मजदुरों/दुसरे राज्यो में काम करने जाने वाले मजदूरों हेतु महत्वपूर्ण सूचना हेतु अभियान तथा बाल श्रम अधिनियम 1986 के तहत बाल श्रम की रोकथाम हेतु पंचायत स्तर पर एक सप्ताह तक लगातार वाहन से प्रचार प्रसार के लिए उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण, लोहरदगा द्वारा श्रम अधीक्षक के कार्यालय के दो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रथ रवाना किया गया। इस वाहन द्वारा निम्न योजना की सम्पूर्ण जानकारी दी जाएगी।

**श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा झारखण्ड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना**

इस योजना के तहत 18 से 59 वर्ष तक की उम्र के स्वनियोजित कर्मकार जो ढ़ाई एकड़ या उससे कम कृषि योग्य भूमि धारित करते हो,या मजदुरी कर्मकार जिसकी आय सरकार द्वारा निर्धारित न्युनतम मजदुरी दर से अधिक नही हो ऐसे श्रमिक अपने निबंधन पर ऑनलाईन आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते हैं जिसमें झारखंड असंगटित कर्मकार मृत्यु/दुर्घटना सहायता योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, मातृत्व प्रसुविधा योजना, कौशल उन्नयन योजना, उपचार आजीविका सहायता योजना, मुख्यमंत्री असंगठित श्रमिक औजार सहायता योजना, साईकिल सहायाता योजना, सिलाई मशीन सहायता योजना, विवाह सहायता योजना शामिल है।

**प्रवासी मजदुरों/दुसरे राज्यो में काम करने जाने वाले मजदूरों हेतु महत्वपूर्ण सूचना**

श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा प्रवासी मजदुरों/दुसरे राज्यो में काम करने जाने वाले मजदूरों हेतु महत्वपूर्ण सूचना के तहत किसी एजेन्ट/सरदार/ठेकेदार आदि के माध्यम से दुसरे राज्य में काम हेतू जाने वाले मजदूर को उसी दिन से मजदूरी देना होगा जिस दिन से काम पर ले जाने का समझौता हुआ हो। प्रवासी मजदूरों को विस्थापन भता के रूप में आधा महीना मजदूरी के बराबर राशि का भुगतान एजेन्ट द्वारा देना होगा। आने जाने का किराया तथा यात्रा में व्यतीत हुए समय की मजदुरी भी एजेन्ट को देना होगा तथा साथ ही दुसरे राज्य में काम करने हेतु ले जाने वाले ठकेदार को श्रम विभाग से लाईसेंस प्राप्त करना होगा। निबंधन हेतु आधार संख्या, खाता संख्या मोबाईल नम्बर की आवश्यकता पड़ेगी। इस योजना के तहत प्राकृतिक आपदा/दुर्घटना में प्रवासी मजदूर की मृत्यु या स्थायी या पूर्ण अशक्तता होने पर और दुर्घदना में दो ऑखों या दो अंगो की हानि होने पर पंजीकृत प्रवासी कर्मकार के आश्रितों को 200000 रुपये दिया जायगा वही अपंजीकृत प्रवासी कर्मकार के आश्रितों को 150000 रुपये दिया जायगा। दुर्घटना में एक ऑखों या एक अंगो की हानि होने पर पंजीकृत प्रवासी कर्मकार के आश्रितों को 100000 रुपये दिया जायगा वही अपंजीकृत प्रवासी कर्मकार के आश्रितों को 75000 रुपये दिया जायगा।

### प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय संचालन समिति की बैठक आयोजित

**भंडरा ।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में गुरुवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुस्तकालय में विद्यार्थियों के नामांकन एवं इसके सुचारु रुप से संचालन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवं सफत संचालन हेतु आवश्यक योजना बनाई गई। श्रीमती प्रतिमा कुमारी ने कहा कि पुस्तकालय में सभी आवश्यक संसाधन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अच्छी पुस्तके उपलब्ध हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों के बीच पुस्तकालय का व्यापक प्रचार प्रसार कर बच्चों क नामांकन सुनिश्चित कराएँ। इसके साथ ही उपस्थित कुछ विद्यार्थियों का नामांकन भी किया गया एवं नामांकन पत्रों वितरण भी किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से सत्यकाम श्रीवास्तव , मनीष अग्रवाल, सिद्धों कान्हु युवा खेल क्लब के प्रखंड अध्यक्ष मंसूर अंसारी, लाल बहादुर शास्त्री उच्च विद्यालय के अध्यापक गण सैफ अली सहित कई अन्य छात्र छात्राएं मौजूद रहें।

# भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से काम करती है : सचिन कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कार्यशाला बैठक अटल भवन में भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें नगर चुनाव प्रभारी जगनंदन पोरानी उपस्थित हुए। भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी है और इसका संगठन चुनाव के आधार से चलता है । उन्होंने कहा कि नगर के सभी बुथ में निस्वार्थ भाव से कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के लिए काम करते हैं। कार्यकर्ता से ही संगठन चलता है। अभी संगठन के द्वारा सदस्यता अभियान भी जिले में चलाया गया अब पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए बुथ स्तर तक काम करना है। जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया बूथ अस्तर से प्रारंभ होगी।इसके लिए मंडल पंचायत एवं बुथ चुनाव प्रभारी नियुक्ति करने को लेकर 5 से 7 फरवरी तक मंडल स्तर पर कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर उपस्थित, परमेश्वर साहू,ओम गुप्ता, पवन तिग्गा, लक्ष्मी भगत,प्रद्युमन पाठक इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियन्ता, एन०आर०ई०पी०,लोहरदगा**
**प्रथम तल्ला विकास भवन, लोहरदगा**

ई0 आमंत्रण सूचना
ई0–निविदा संख्या :–02/2024–25/NREP/LOHARDAGA दिनांक 06.02.2024.25

कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e Procutment पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | NREP/ LOHARDAGA /01/2024-25 | राजकीय उत्कृष्ट उच्च विधालय नगजुआ में 04 ACR एवं 02 यूनिट शौचलय निर्माण | 39,41,217.00 | उनचालिस लाख एकतालिस हजार दो सौ सत्रह रू0 | दो माह | प्रथम |
| | | राजकीयकृत मध्य विघायल जूरिया में 04 ACR निर्माण | 35,76724.00 | पैतिस लाख छिहत्तर हजार सात सौ चौबिस रूपये | दो माह | प्रथम |

2:–वेबसाईट में निविदा प्रकाश की तिथि:– :– 17.02.2025
3:–ई–निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि :– 01.03.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक
4:–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 03.03.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
5:–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पत्ता :– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
6:– ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष स0:–8409767005
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा

PR 345910 Lohardaga(24-25).D


# फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के सभागार में फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिये सेविकाओ को प्रशिक्षण दिया गया.स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षक एमपीडब्ल्यू अनुज कुमार सिंह द्वारा फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया गया.वही अनुज कुमार सिंहा ने प्रशिक्षण के दौरान फाइलेरिया से बचाव और रोक थाम के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि फाइलेरिया बीमारी का रोक थाम के लिये और फाइलेरिया को जड़ से मिटाने के लिए सेविकाओं को फाइलेरिया से ग्रसित व्यक्तियों का पहचान कर दवा देना है.इस लिए पहले फाइलेरिया रोग के बारे में पूरी जानकारी रखें यह बीमारी किस तरह से होता है.और बीमारी का लक्षण व कारण क्या है.जिसे लोग हाथी पांव का शिकार होते हैं.इस के लिए समय समय पर एमडिटी का दवा लें बीमारी का लक्षण 10 से 15 वर्ष में दिखाई देने लगता है।

# शिक्षक संगोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
भंडरा प्रखंड स्थित लाल बहादुर शास्त्री उच्च विद्यालय के प्रांगण में बुधवार को शिक्षक संगोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त समारोह में अतिथियों के साथ प्रखंड के अंचल पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी प्राथमिक से लेकर +2 उच्च विद्यालय के लगभग 250 शिक्षक शामिल हुए ।शिक्षक हित में एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। सेवानिवृत्ति पूर्व प्रधानाध्यापक धनेश्वर महतो , प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयनाथ महतो के साथ प्रखंड के सेवानिवृत्त शिक्षक डीपी सिंह, अनिल कुमार शुक्ला, परमेश्वर भगत, कमला कुमारी ,सुमित्रा कुमारी ,अमृत कुमारी बेग ,हीरा मुनि कुमारी के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार दास एवं लाल उमाशंकर नाथ शाहदेव ने किया शिक्षकों की ओर से मनोरमा कुजूर, अजय तिर्की, विनीता कुजूर , रामप्रवेश गुप्ता, दिगंबर मिश्रा ,सोमरा उरांव ने अतिथियों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए संबोधन किया । प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयनाथ महतो एवं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक धनेश्वर महतो ने संबोधन में अपने जीवन कार्य की विस्मरणीय पल की चर्चा की। शिक्षकों द्वारा दिये गए सम्मान के लिए अपने उद्गार प्रकट किये ।अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार ने सभी सेवानिवृत्त अतिथियों एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य जीवन एवं कार्य निर्वहन करने की अपनी शुभकामनाएं प्रकट की। कार्यक्रम के आयोजन में राजेश कुमार सिंह, राजेश प्रसाद सिंह, निशांत कुमार, महावीर साहू,पर्मिला भगत सहित प्रखंड के सभी शिक्षकों ने कार्य अपना पूर्ण सहयोग दिया।


झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
प्रेस विज्ञप्ति
झारखण्ड दन्त चिकित्सक संवर्ग के दन्त चिकित्सकों के लिए सूचना

झारखण्ड दन्त चिकित्सा संवर्ग के दन्त चिकित्सकों को DACP योजना के तहत वित्तीय उन्नयन का लाभ प्रदान करने के क्रम में सेवा इतिहास (विहित प्रपत्र में), वांछित चारित्री प्रतिवेदन, सेवा संपुष्टि एवं सम्पति विवरणी की आवश्यकता है।

एतद् द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सभी दन्त चिकित्सकों को सूचित किया जाता है कि सेवा संपुश्टि करने/DACP प्रदान करने के क्रम में विभागीय परीक्षा से संबंधित सूचना, वांछित सेवा इतिहास, चारित्री प्रतिवेदन एवं सम्पति विवरणी विहित प्रपत्र में विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(धीरंजन प्रसाद शर्मा)
सरकार के अवर सचिव
स्वा0,चि0शि0 एवं प0क0 विभाग,
झारखण्ड, राँची।

PR 345894 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)D


### सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का समीक्षा हुई

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजन किया गया.आयोजित बैठक में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू द्वारा समीक्षा किया गया.जिसमे प्रखंड क्षेत्र में संचालित प्रधानमंत्री आवास, अबुवा आवास योजना,आम बागवानी,सिंचाई कूप निर्माण योजना सहित सभी योजनाओं का बड़ी बड़ी से समीक्षा किया गया। योजनाओं को गुणवत्ता के साथ ससमय पूर्ण करने व लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। योजनाओं का राशि भुगतान हो जाने के वावजूद कार्य नही कर रहे लाभुकों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई.साथ ही सबंधित पदाधिकारियों को कार्य पूर्ण कराने या कानूनी नियमानुसार लाभुकों से राशि की वापसी कराने का सखग निर्देश दिया। नए योजनाओं में बिना भेदभाव का विकास योजनाओं में आवश्यकता अनुसार लाभुक व योजना का चयन करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर सुजीत उरांव,डॉली तिर्की,नागमनी उरांव, आरती चेरमाको,ओमप्रकाश साहु,संगीता गाड़ी,संदीप रजक,माही कुमारी समेत अन्य पंचायत सचिव और जनसेवक उपस्थित थे।

### लंबित कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करें : बीडीओ



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को विकास योजनाओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक किया गया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र में संचालित प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास योजना द्वारा संचालित कार्यो का बिंदुवार समीक्षा की गई। योजनाओं को गुणवत्ता पूर्ण ससमय पूर्ण करवाने व लंबित कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करवाने का निर्देश दिया। वही योजनाओं में राशि भुगतान के वावजूद कार्य नही कर रहे लाभुकों के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सबंधित पदाधिकारी को कार्य पूर्ण कराने अन्यथा कानूनी प्रवधान के अनुसार लाभुकों से राशि की वापसी कराने का निर्देश दिया।साथ ही विकास योजनाओं में बिना किसी भेदभाव के आवश्यकता के अनुसार लाभुक व योजना का चयन करते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से

### अज्ञात ऑटो ने बाइक सवार को मारी टक्कर युवक घायल



**भंडरा।** भंडरा-चट्टी मुख्य पथ में पझरी गांव के समीप अज्ञात ऑटो के टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भंडरा के एक निजी क्लीनिक में प्राथमिक उपचार कराने के पश्चात रांची रिम्स ले जाया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र के सुरसा गांव निवासी मुजाहिद अंसारी का पुत्र समसुल अंसारी (21 वर्ष) अपने चचेरे भाई तालीम अंसारी (19 वर्ष) के साथ अपने मोटरसाइकिल से किसी काम को लेकर बेड़ो जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही ऑटो ने टक्कर मार भाग निकला।

#### लाभुकों के चयन हेतु जिलास्तरीय समिति की बैठक हुई

## अनुदान पर मिलेंगे कृषि उपकरण होगा किसानों को फायदा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अगुवाई में भूमि संरक्षण विभाग लोहरदगा द्वारा पंपसेट, ट्रैक्टर, सहायक कृषि यंत्र, मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना इत्यादि के लाभुको के चयन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई।जिसमे योजना के लाभुकों की सूची का अनुमोदन किया गया। जिसमें पंपसेट का लक्ष्य 550 के विरुद्ध 723 आवेदन प्राप्त हुए हैं उसका मूल्यांकन किया गया। जिसमें टाना भगतो के 73 आवेदन को आगे बढ़ाने का निर्देश प्राप्त हुआ। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 300 एवं 2024-25 में 250 वितरण का लक्ष्य था। मिनी ट्रैक्टर हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5 और 2024-25 में 10 लक्ष्य था जिसके विरुद्ध 10 आवेदन प्राप्त हुई। जिसमें सहमति जताया गया। मुख्यमंत्री ट्रैक्टर योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में 30 एवं 2024-25 में 50 लक्ष्य के विरुद्ध कुल आवेदन 95 आए। जिसमे विधायक की अनुशंसा की आवश्यकता होगी। मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, आईटीडीए निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय प्रताप तिर्की, कृषि पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के अधिकारी समेत अन्य मौजूद थे।


**न्यायालय-जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, लातेहार**
**(नीलाम पत्र कार्यालय)**

नोटिस

चूँ बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि निम्नांकित वादों की दिनांक 31.01.2025 को सुनवाई के क्रम में आप सभी देनदार अनुपस्थित थे।

अतएव आपको पुनः आदेश दिया जाता है कि बकाया राशि बैंक ऑफ इंडिया, चंदवा, झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार, चंदवा/सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार/केनरा बैंक, लातेहार को यथाशीघ्र जमा करते हुए दिनांक 11.02.2025 (मंगलवार) को अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में साक्ष्य सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरूद्ध बिहार–उडीसा पब्लिक डिमांड रिकवरी एक्ट 1914 की धारा–38 के तहत गिरफ्तारी एवं धारा–18 के तहत कुर्की जब्ती या दोनों धाराओं के अधीन विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

बकायादारों की सूची (विवरणी सहित) निम्नवतहैः–

| क्रम सख्या | वाद संख्या | वर्ष | विभाग का नाम | देनदार का नाम एवं पता | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 24 | 2016-17 | बैंक ऑफ इंडिया, चंदवा | विजय यादव, पिता तपेश्वर यादव, ग्राम–सेरक, पो0+थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 168200.00 |
| 2- | 142 | 2015-16 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | अशोक प्रसाद पिता राजेन्द्र प्रसाद, ग्राम–डुरूआ, पो0+थाना+जिला –लातेहार | 153870.00 |
| 3. | 19 | 2015-16 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | रवि शंकर राम, पिता फली राम, ग्राम–सेमरटाड़, शाहपूर, पोस्ट+थाना–चैनपूर, जिला–पलामू | 369417.00 |
| 4. | 129 | 2015-16 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | रामकेश्वर लोहरा, पिता धुंशी लोहरा, ग्राम–परसही, पोस्ट–लेधपा, थाना+जिला–लातेहार | 407851.00 |
| 5. | 91 | 2017-18 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | ईश्वरी साव, पिता स्व0 सुखदेव साव, ग्राम–करकट, पो0+थाना+जिला–लातेहार | 224739.00 |
| 6. | 734 | 2022-23 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | एनामुल असांरी पिता रखीम असांरी, ग्राम+पो0–नावागढ़, थाना+जिला–लातेहार | 143958.00 |
| 7. | 736 | 2022-23 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | फैयाज आलम, पिता स्व0 अकबर हुसैन, ग्राम+पो0–नावागढ़, थाना+जिला–लातेहार | 194538.00 |
| 8. | 166 | 2021-22 | केनरा बैंक, लातेहार | मेसर्स विंध्यवासिनी ट्रेडर्स, अभिषेक कुमार, पिता रामकुमार प्रसाद, मेन रोड लातेहार, पो0+थाना+जिला–लातेहार। | 968000.00 |
| 9. | 169 | 2021-22 | केनरा बैंक, लातेहार | गुन्जन प्रसाद, पिता बद्रीप्रसाद, मेन रोड लातेहार, पो0+थाना+जिला–लातेहार। | 831000.00 |
| 10. | 8 | 2021-22 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, लातेहार | 1. महेन्द्र यादव, पिता मदन यादव, ग्राम–सबानो, पो0–उदयपुरा, थाना–लातेहार 2. रविन्द्र सिंह पिता रामजतन सिंह, ग्राम–डुरंगी खुर्द, पो0–लातेहार, थाना–लातेहार | 1022475.30 |
| 11. | 233 | 2021-22 | सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हेठपोचरा, लातेहार | प्रेमचन्द पाण्डेय, पिता बृजमोहन पाण्डे, ग्राम–विशुनपुर, पो0+जिला–लातेहार | 217043.00 |
| 12. | 6 | 2021-22 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, चंदवा | विजय कुमार नाथ शाही पिता युगल किशोर नाथ शाही, ग्राम–देवी मंडप रोड, चंदवा, पो0–चंदवा, थाना–चदंवा 2. मो0 मोहीब खान, पिता मो0 सरदार खान, ग्राम–चकला, पो0–चकला, चंदवा, जिला–लातेहार | 1221821.00 |
| 13. | 5 | 2021-22 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, चंदवा | 1 उदय कुमार नाथ शाही पिता युगल किशोर नाथ साही, 2 मो0 असगर ख ान, पिता मोइम खान, ग्राम–देवी मंडप रोड, चदंवा, पो0–चंदवा, ग्राम–चकला थाना–चंदवा, जिला–लातेहार | 1394960.00 |
| 14. | 727 | 2022-23 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | चन्देश्वर सिंह, पिता बनवारी सिंह, ग्राम–बारियातु खालसा, थाना+पो0+जिला–लातेहार | 161811.00 |
| 15. | 728 | 2022-23 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | श्रवण सिंह पिता श्याम नारायण सिंह, ग्राम–नेगाई, पो0–कैमा, थाना+जिला–लातेहार | 761566.00 |
| 16. | 729 | 2022-23 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | मोहन भुईया, पिता ठेगु भुईया, ग्राम–ओदान, पो0–पोचरा, थाना+जिला–लातेहार | 345498.00 |
| 17. | 727 | 2022-23 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | चन्देश्वर सिंह, पिता बनवारी सिंह, ग्राम–बारियातु खालसा, थाना+पो0+जिला–लातेहार | 161811.00 |
| 18. | 730 | 2022-23 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | जीकु महली पिता गुठल महली, ग्राम–भुसूर, पो0–जालिम, थाना+जिला–लातेहार | 389967.00 |
| 19. | 731 | 2022-23 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | कृष्णा राम पिता गणेश राम, ग्राम–अमवाटीकर, थाना+पो0+जिला–लातेहार | 703599.00 |
| 20. | 732 | 2022-23 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | रूपेश प्रसाद सोनी पिता राम प्रसाद, ग्राम–धरमपुर, थाना+पो0+जिला–लातेहार | 642467.00 |
| 21. | 733 | 2022-23 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | मुमताज अहमद पिता नूर मोहम्मद, ग्राम–डुरूआ(LRS), पो0–लातेहार स्टेशन, थाना+जिला–लातेहार | 245933.00 |
| 22. | 738 | 2022-23 | झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, स्टेशन, लातेहार | सबीला खातुन पति आशिक मियां, ग्राम–तरवाडीह, पो0–नावागढ़, थाना+जिला–लातेहार, | 139778.00 |
| 23. | | | | | |

इसे सख्त ताकिद समझा जाय।

जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी,
लातेहार।

PR.NO.345882 District(24-25):D


# जिला मुखिया संघ ने मांगा गन एवं पिस्टल का लाइसेंस

**मनरेगा, 15वें वित्त का आईडी पासवर्ड प्रदान करने को लेकर सौंपा ज्ञापन**



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला मुखिया संघ ने जिले के मुखियाओं को गन एवं पिस्टल का लाइसेंस निर्गत करने को लेकर जिला उपायुक्त तथा मनरेगा एवं 15वें वित्त संबंधी मुखिया का आईडी पासवर्ड प्रदान करने को लेकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिला उपायुक्त से कहा कि आए दिन मुखियाओं के साथ हत्या जैसी घटना दुर्घटनाएं होती रहती है, जिसके कारण वे सभी अपने क्षेत्र में कार्य करने में सुरक्षा की दृष्टि से असहजता महसूस कर रहे हैं। कहा की इच्छुक मुखिया को अपने सुरक्षा के लिए गन एवं पिस्टल का लाइसेंस निर्गत किया जाए। वही जिला पंचायती राज पदाधिकारी से कहा कि जिला अंतर्गत सभी पंचायत से जानकारी मिली है कि अभी तक पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव को अपना आईडी पासवर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है।

# लोहरदगा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा को आईएएस में मिला प्रमोशन

## बच्चों की शिक्षा की नींव को मजबूत बनाने की ओर रहेगा फोकस : सीता पुष्पा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड के छह नॉन स्टेट सिविल सर्विस के अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा के तहत झारखंड कैडर में प्रोन्नति मिली है। साल 2023 की रिक्तियों के विरुद्ध इन सभी को प्रोन्नति मिली है। जिसमे जिला की समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा को आईएएस में प्रोन्नति मिली हैं। सीता पुष्पा रांची के कांके की रहने वाली हैं। उनके पति बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में अधिकारी हैं। जबकि पुत्र रांची लॉ यूनिवर्सिटी में चौथे वर्ष का विद्यार्थी है।

डीएसडब्ल्यूओ सीता पुष्पा ने लोहरदगा से ही अपने कैरियर की शुरूआत की है और लोहरदगा में ही रहते हुए उन्हें आईएएस में प्रोन्नति मिला है। महिला बाल विकास सेवा से आने वाली सीता पुष्पा ने 16 अक्टूबर 2000 में लोहरदगा के किस्को प्रखण्ड में बतौर सीडीपीओ में जॉइन किया था। किस्को प्रखण्ड में उनका पहला पोस्टिंग था। जिसके बाद उनका सफर शुरू हुआ। कुछ सालों बाद लोहरदगा में ही सदर प्रखंड में सीडीपीओ के पद पर वर्ष 2014 से 18 तक रही थी। इसके बाद उनका प्रमोशन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के रूप में हो गया और वो गुमला में चार साल तक डीएसडब्ल्यूओ रही । इसके बाद लोहरदगा में पुनः 2023 में पोस्टिंग हुई।जिसके बाद से अभी तक यही हैं। बातचीत के दौरान डीएसडब्ल्यूओ सीता पुष्पा ने कहा कि मेहनत, लगन और समर्पण से किया हुआ कार्य कभी व्यर्थ नही जाता है। कहा कि कोई भी दायित्व मिले उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी से करना चाहिए। विभागीय दायित्वों को उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में निर्धारित समय सीमा के अंदर शत-प्रतिशत पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आईएएस बनने के बाद मेरा फोकस बच्चों की शिक्षा की नींव को मजबूत बनाने की ओर रहेगा। उन्होंने बताया कि युवाओं को सरकारी नौकरी करना हो मकसद नही होना चाहिए बल्कि देश प्रथम का जज्बा होना चाहिए। बच्चों को उसका मकसद बताना चाहिए ताकि वो जान सके। उन्हें बचपन से ही प्रकृति से मिलने वाले चीजो का सम्मान करने की बात सिखाने की जरूरत है। कहा कि जो भी दायित्व मिलता है उसको समय सीमा के भीतर पूर्ण करना उद्देश्य होगा। टॉप पर कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाएगा। बच्चों को कुछ चीजों के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। कहा कि विभागीय योजनाओं को पूर्ण करने में हमेशा उनकी टीम शीर्ष पर रही है। इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने काम भी किया है। इधर सीता पुष्पा के आईएएस बनने पर उन्हें बधाइयां मिल रही हैं।

चैनपुर प्रखंड में राशन वितरण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए बैठक आयोजित

# जनवरी माह का राशन वितरण समय पर पूरा होना चाहिए : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**
चैनपुर प्रखंड स्थित सभागार में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री यादव बैठा ने की। इस बैठक में प्रखंड के सभी राशन डीलरों को एनएफएसए एवं ग्रीन कार्ड धारकों को शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आदेश दिया गया कि वे सभी लाभुकों का ई-केवाईसी प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करें। इस प्रक्रिया को प्राथमिकता देने का उद्देश्य यह है कि राशन वितरण में किसी भी प्रकार की रुकावट न आए। बीडीओ यादव बैठा ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनवरी माह का राशन वितरण समय पर पूरा होना चाहिए और इसमें किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



बैठक में बीडीओ ने अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने सोना सोबरन धोती-साड़ी के वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने, मृत लाभुकों के नाम सूची से हटाने, स्टॉक रजिस्टर को सही तरीके से मेंटेन करने, और चीनी के गोदाम से उठाव कर वितरण करने के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। यादव बैठा ने सभी राशन डीलरों को चेतावनी दी कि यदि वे अपनी जिम्मेदारियों का पालन नहीं करते हैं, तो उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, राशन वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।₹ बैठक में राशन डीलरों और संबंधित अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और समस्याओं के समाधान के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड में राशन वितरण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाना था, ताकि समाज के सभी वर्गों को आवश्यक खाद्य सामग्री समय पर उपलब्ध हो सके। यह बैठक चैनपुर प्रखंड में खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो स्थानीय प्रशासन की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# बांकीर गांव में अज्ञात अपराधियों ने एक व्यक्ति का धारदार हथियार से गला रेता

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
सदर थाना के कुम्हारिया पंचायत स्थित बांकीर गांव में अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति का गला रेत दिया घटना की जानकारी ग्रामीणों ने समाजसेवी सकलदीप सिंह को दी। इसके बाद समाजसेवी ने अपने वाहन से घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक व्यक्ति रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत लौकी जमगई गांव का रहने वाला है और उसका नाम चंदन लोहरा है। वह बांकीर गांव कैसे पहुंचा और किसने उसकी हत्या का प्रयास किया यह जांच का विषय है। हालांकि ग्रामीण भी इस बारे में स्पष्ट कुछ नहीं बता पा रहे हैं। तेज धारदार हथियार से उसके गर्दन को काटा गया है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। वही उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। बांकीर गांव के बस्ती के एक गली में कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को पड़ा देखा। वही नजदीक जाने पर वह व्यक्ति खून से लथपत था और उसके गले को किसी धारदार हथियार से काटा गया है। ग्रामीण डर गए और इसकी सूचना स्थानीय समाज सेवी सकलदीप सिंह को दी। तत्काल सकलदीप सिंह अपने वाहन को लेकर घटना स्थल पहुंचे और घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी के बाद गुमला थाना के थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह भी सदर अस्पताल पहुंचे।

महिला मंडल की वार्षिक आम सभा का हुआ आयोजन

# अधिकाधिक महिलाओ को आर्थिक धारा में जोड़ने का लिया गया संकल्प

**बसिया(गुमला)।** महिला विकास मण्डल बसिया के द्वारा स्थानीय सरहुल अखाड़ा में वार्षिक आम सभा आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ सुप्रिया भगत ने उपस्थित महिला मण्डल के सदस्यो को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रखंड क्षेत्र कि महिलाएं इतने लम्बे समय तक महिला मण्डल से जुड़कर अपने सामाजिक,आर्थिक एवं मानसिक बिकास को बढ़ावा दे रहीं हैं। इसे एक सराहनीयकदम बताते हुए उन्होंने कहा कि इसी तरह विकास के पथ पर आगे बढ़ते हुए अन्य महिलाओं को भी मण्डल से जोड़कर समाज को एक नयी दिशा दे सकती हैं। आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख जगरानी तिग्गा, अंचलाधिकारी नरेश मुंडा और बीडीओ सुप्रीया भगत ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया जबकी महिला मण्डल की अध्यक्ष नीलमुनी टोप्पो के द्वारा प्रगति पत्र 2023-24 को पढ़ कर सुनाया गया। इस दौरान सचिव मंजू देवी, मण्डल के सभी सदस्य, बिनोद कुमार तिवारी, गुड़िया कुमारी ,निरंजन कुमार,विकास कुमार ,पंकज कुमार ,संदीप कुमार , जोहार संस्था के नीरज कुमार, मंतोस कुमार महतो सहित बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी दर्ज की गई।

# विधायक ने ली क्लास, अधिकारियों को लेकर संजीदगी से काम की दी चेतावनी



**बसिया(गुमला)।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को सिसई विधानसभा क्षेत्र के के विधायक जिग्गा सुसारण होरो ने सभी विभागों की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर तमाम अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी को अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करना है। कोरोना महामारी की याद दिलाते हुए काम करने में आई दिक्कत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब वर्तमान सरकार काम के प्रति लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। हम महीने में दो दिन समीक्षा बैठक करने.श की घोषणा करते हुए आम लोगों को इससे जुड़ने का आह्वान किया। कर्मचारियों को संजीदगी से काम करने की हिदायत देते हुए उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिकायतों को अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में हम आपके काम के प्रति सुधार करने के लिए कहने आये है। सभी लोग ग्रामीण क्षेत्र के लोगो का काम सही तरीके से करें और किसी भी ग्रामीण की शिकायत उनके पास नही आनी चाहिए। इस बैठक में भूमि सुधार उप समाहर्ता शेखर कुमार, बीडीओ सुप्रिया भगत, चिकित्सा प्रभारी डॉ. विजय लकड़ा, अलीम खान, अमित बघवार के अलावे प्रखंड एवम अंचल कर्मी के अलावे झारखंड मुक्ति मोर्चा के कोई कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बाइक सवार ने डिवाइडर में मारी टक्कर, हुई मौत

**गुमला।** गुमला लोहरदगा रोड स्थित खरका के समीप अनियंत्रित बाइक सवार ने सड़क किनारे डिवाइडर को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना के बाद युवक सड़क किनारे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही वह बेहोश भी हो गया स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी टोटो पुलिस को दी। टोटो थाना के एसआई इमानुएल कोंगाड़ी घटना स्थल पहुंचे और घायल को अपने वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया। जिसके बाद घायल का सदर अस्पताल में इलाज शुरू हुआ। वही उसकी पहचान नहीं होने पर जिला परिवहन कार्यालय में संपर्क कर बाइक का नंबर से उसका डिटेल निकाला गया। इसके बाद मोबाइल नंबर पर फोन कर परिवार वालों को घटना की जानकारी दी गई। जिससे उसकी पहचान ईरो गांव निवासी 25 वर्षीय भैया राम उरांव पिता सुकरा उरांव के रूप में हुई। वही पुलिस ने उसके परिजनों को घटना की जानकारी दूरभाष पर दी है। घटना में युवक का एक हाथ और एक पैर टूट गया। वही शरीर के अंदरूनी हिस्से में उसे काफी चोट लगी।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Area, Medininagar**

**e-TENDER NOTICE**

e-tender in two parts (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.) | Time for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 304/PR/JB VNL/2024-25 | Repair and maintenance of control room building and allied civil works of 33/11 KV P/S/S Tukbera under Electric Supply Circle, Daltonganj. | 655310.00 | 13150.00 | 1225.00+225.00 (GST 18%) = 1475.00 | 04 Month |
| 2 | 305/PR/JB VNL/2024-25 | Construction of common toilet at 33/11 KV P/S/S Dhurki under Electric Supply Circle, Garhwa. | 719600.00 | 14400.00 | 1225.00+225.00 (GST 18%) = 1475.00 | 04 Month |

| | |
|---|---|
| Availability of tender document on website | 07.02.2025 2:00 PM to 27.02.2025 at 2:00 PM |
| Last date and time for bid submission/uploading | 27.02.2025 at 2:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 28.02.2025 at 2:30 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | GM cum CE, Electric Supply Area, Medininagar |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules of e-tendering portal (**jharkhandtenders.gov.in**).
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager –Cum-Chief Engineer
Electric Supply Area, Medininagar

PR.NO.345955 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25):D


# छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

**सिसई (गुमला)।** प्रदेश उपाध्यक्ष किशोर साहू के अगुवाई में गुमला जिला एवं प्रखण्ड के छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने सिसई प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में जाकर गुमला जिला में लगने वाले ऐतिहासिक छोटानागपुरिया तेली महाजतरा को लेकर क्षेत्र भ्रमण करते हुए जागरूकता अभियान चलाया एवं महाजतरा में भारी से भारी संख्या में शामिल होने के लिए समाज के लोगों को प्रेरित किया गया। इस अभियान में समस्त पदाधिकारीगण एवं कार्यकताओं ने सिसई प्रखण्ड के नागफेनी से कार्यक्रम की शुरूआत कर पोढा, असरो, समल, सोगड़ा, लरंगो,पुसो, छारदा एवं चेगरी गांव में क्षेत्र भ्रमण करते हुए समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में जतरा में पहुंच कर गुमला में लगने वाले इस ऐतिहासिक छोटानागपुरिया तेली महाजतरा को सफल बनाने के लिए आह्वान किया। इस जागरूकता अभियान में जिलाध्यक्ष - श्यामसुंदर साहू, जिलाउपाध्यक्ष -निलंबर साहू, लालमोहन साहू,मुख्य संरक्षक -हीरा साहू, संरक्षक - मुनेश्वर साहू, राधा मोहन साहू, जिला सचिव - तेजमोहन साहू, बसंत साहू, दुर्गा साहू, भरनो प्रखण्ड अध्यक्ष सतेन्द्र साहू, घाघरा प्रखण्ड अध्यक्ष शिवनारायण साहू, सिसई प्रखण्ड के कृष्णा साहू, मदन साहू , श्रवण साहू मुख्य रूप से शामिल रहे।



# प्रधानाचार्य सम्मेलन में विद्या भारती की पंचपदी शिक्षण पद्धति और बाल मनोविज्ञान पर गहन चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
प्रांतीय प्रधानाचार्य सम्मेलन 2025 के दूसरे दिन विद्या भारती की पंचपदी शिक्षण पद्धति, विद्यालय प्रबंधन एवं बाल मनोविज्ञान पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक (उत्तर पूर्व क्षेत्र) रामनवमी ने संघ के सौ वर्ष पूरे होने पर उपस्थित कार्यकताओं को बधाई दी और पंच प्राण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। द्वितीय सत्र में विद्या भारती दक्षिण मध्य क्षेत्र के मंत्री ए. लक्ष्मण राव ने प्रभावी शिक्षण तकनीक, कक्षा प्रबंधन, प्रेरणा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, बाल मनोविज्ञान, सुरक्षा और व्यवहार संबंधी विकारों जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्यों को एक कुशल प्रबंधक की भूमिका निभानी चाहिए, ताकि न्यूनतम संसाधनों में विद्यालय को उच्चतम स्तर तक ले जाया जा सके। तृतीय सत्र में विद्या भारती की पंचपदी शिक्षण पद्धति पर गहन चर्चा हुई, जिसमें प्रधानाचार्यों ने भी भाग लिया। लक्ष्मण राव ने इस पद्धति को बालक-केंद्रित, क्रिया-आधारित, दर्शन एवं मनोविज्ञान पर आधारित बताया। उन्होंने छात्रों को अधिक पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित करने और कक्षा में अधिक से अधिक क्रिया-आधारित शिक्षण को अपनाने की अपील की। इससे पूर्व, पहले सत्र में उन प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया, जिनके विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त की थी।

सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड के प्रांत कार्यवाह संजय कुमार, विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव नकुल शर्मा, अखिल भारतीय मंत्री विद्या भारती के ब्रह्मा जी राव, क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम, प्रदेश सह मंत्री (विद्या विकास समिति, झारखंड) डॉ. पूजा, विभिन्न विभागों के विभाग निरीक्षक एवं पूर्णकालिक कार्यकर्ता, और स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक एवं सचिव विजय बहादुर सिंह उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान शिक्षकों को शिक्षण तकनीकों में नवाचार और विद्यालय प्रबंधन की दक्षता बढ़ाने पर बल दिया गया, जिससे शिक्षा प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# गुमला में 16-17 फरवरी को 'गुमला लिटरेचर फेस्टिवल-2'

वरुण ग्रोवर समेत कई दिग्गज साहित्यकार होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला जिले में 16 और 17 फरवरी 2025 को 'गुमला लिटरेचर फेस्टिवल-2' का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह दो दिवसीय साहित्यिक महोत्सव साहित्य, कला, संस्कृति और संवाद का अद्वितीय मंच होगा, जहां देशभर के प्रतिष्ठित लेखक, कवि और कलाकार अपने विचारों और रचनात्मक अभिव्यक्तियों को साझा करेंगे।

**प्रसिद्ध साहित्यकारों और कलाकारों की होगी विशेष उपस्थिति**

इस प्रतिष्ठित आयोजन में प्रसिद्ध गीतकार, लेखक, स्टैंड-अप कॉमेडियन और फिल्म निर्माता वरुण ग्रोवर, चर्चित लेखक चंद्रहास चौधरी, लोकप्रिय कवि एवं लेखक नीलोत्पल मृणाल, तथा हिंदी और अंग्रेजी कथा एवं कविता लेखिका अनुकृति उपाध्याय अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। ये सभी साहित्य जगत के जाने-माने नाम हैं, जिनके विचारों और लेखन से साहित्य प्रेमियों को सीखने और संवाद करने का अवसर मिलेगा।




**साहित्य प्रेमियों के लिए सुनहरा अवसर**

इस महोत्सव में लेखकों, कवियों, शोधकताओं, साहित्य प्रेमियों और विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच मिलेगा, जहां वे अपने विचार साझा कर सकेंगे और समृद्ध साहित्यिक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।

भरनो में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर टास्क फोर्स की बैठक

# 10 से 25 फरवरी तक चलेगा दवा वितरण अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
भरनो प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर प्रखंड स्तरीय ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव ने की, जबकि प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जाहिद अख्तर ने फाइलेरिया से बचाव और इसके उन्मूलन की रणनीति पर विस्तृत जानकारी दी।

**10 फरवरी से प्रखंड में शुरू होगा अभियान**

डॉ. जाहिद अख्तर ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान 10 फरवरी को बूथों पर दवा वितरण किया जाएगा, जबकि 11 से 25 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाएंगे। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाली एक गंभीर बीमारी है, जिससे विकलांगता और शारीरिक कुरूपता हो सकती है। इसलिए सभी योग्य लोगों को दवा जरूर लेनी चाहिए।

**फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा सेवन जरूरी**

बैठक में जिला फाइलेरिया-मलेरिया सलाहकार शर्मिला शर्मा ने बताया कि फाइलेरिया को आम भाषा में हाथी पांव के नाम से जाना जाता है। यह बीमारी मच्छरों के जरिए फैलती है और शरीर के अंगों में सूजन और विकृति उत्पन्न कर सकती है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी से बचाव के लिए दवा का सेवन आवश्यक है और इसके सेवन से संबंधित सावधानियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे दवा का सेवन जरूर करें। दवा पूरी तरह सुरक्षित है और इससे फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।**

**शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि PR संख्या–345424 Building (24-25)#D के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 20/2024–25 के **क्रम सं0–01 पर** अंकित **(Construction of Care Taker Room at Jalta, Gowsala at Latehar)** कार्य अपरिहार्य कारण वश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार।

PR 345922 (Building) 24-25 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक – 14 दिनांक – 31.01.2025 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 NIT NO – 03 वर्ष 2024-25 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 345571(Lohardaga)24-25*D द्वारा प्रकाशित है के क्रमांक 02 एवं 04 को इस प्रकार पढ़ा जाय।

| | |
|---|---|
| 2. | कैरो प्रखण्ड के चाल्हो पुराना स्कूल से चर्च तक 990 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। |
| 4. | लोहरदगा प्रखण्ड के जोरी गड़री पारा कालीकरण रोड से होते हुए गिरजाघर तक 510 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण |

अन्य शर्त्ते यथावत् रहेगा।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा

PR 345901 (Lohardaga)24-25*D

**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार**

**–: पशुपालकों के लिए आम सूचना :–**

सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, रांची के राज्यादेश संख्या– 15 रा0 दिनांक– 01.07.2024 के आलोक में जिले के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि अधोवर्णित सूची के अनुसार जिले के सभी पंचायतों में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक स्थानीय पशुचिकित्सकों द्वारा **''दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर''** का आयोजन किया जाएगा। आयोजित होने वाली पशु चिकित्सा शिविरों का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र. सं. | प्रखण्ड | पंचायत | शिविर आयोजन स्थल/ गांव का नाम | शिविर आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सा पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाईल न0 | सहयोगी कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बालूमाथ | बसिया | बसिया | 08.02.2025 एवं 10.02.2025 | डॉ0 नीलिमा तिर्की, भ्र० पशु० चि० पदा०, बालूमाथ। मो०–7667804557 | 1. श्री संजय कुमार, प्रावैधिक सहायक 2. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता | |
| 2 | | चेताग | चेताग | 11.02.2025 एवं 13.02.2025 | | | |
| 3 | | झाबर | झाबर | 14.02.2025 एवं 15.02.2025 | | | |
| 4 | | गणेशपूर | गणेशपूर | 17.02.2025 एवं 18.02.2025 | | | |
| 5 | | भगेया | भगेया | 19.02.2025 एवं 20.02.2025 | | | |
| 6 | | मुरपा | मुरपा | 21.02.2025 एवं 22.02.2025 | | | |
| 7 | | सेरेगड़ा | सेरेगड़ा | 24.02.2025 एवं 25.02.2025 | | | |
| 8 | | धाधू | धाधू | 27.02.2025 एवं 28.02.2025 | | | |
| 9 | बारियातु | अमरवाडीह | अमरवाडीह | 08.02.2025 एवं 10.02.2025 | डॉ0 सुशीला बागे, गोसदन पदाधिकारी, बरवाडीह। मो०– 9572031345 | 1. श्री बिनोद कुमार बैठा, अनुसेवक 2. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 10 | | टोंटी | टोंटी | 11.02.2025 एवं 13.02.2025 | | | |
| 11 | | शिबला | शिबला | 14.02.2025 एवं 15.02.2025 | | | |
| 12 | | गोनिया | गोनिया | 17.02.2025 एवं 18.02.2025 | | | |
| 13 | | सालवे | सालवे | 19.02.2025 एवं 20.02.2025 | | | |
| 14 | | बालूभांग | बालूभांग | 21.02.2025 एवं 22.02.2025 | | | |
| 15 | | फूलसू | फूलसू | 24.02.2025 एवं 25.02.2025 | | | |
| 16 | | डाढ़ा | डाढ़ा | 27.02.2025 एवं 28.02.2025 | | | |
| 17 | बरवाडीह | मंगरा | मंगरा | 08.02.2025 एवं 10.02.2025 | डॉ0 प्रमोद कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, बरवाडीह मो०– 9431715129 | 1. श्री सुदेश्वर राम, रात्रि प्रहरी 2. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 18 | | खुर्रा | खुर्रा | 11.02.2025 एवं 13.02.2025 | | | |
| 19 | | उकामार | उकामार | 14.02.2025 एवं 15.02.2025 | | | |
| 20 | | छेंचा | छेंचा | 17.02.2025 एवं 18.02.2025 | | | |
| 21 | | मोरवाई कला | मोरवाई कला | 19.02.2025 एवं 20.02.2025 | | | |
| 22 | | चुंगरू | चुंगरू | 08.02.2025 एवं 10.02.2025 | डॉ0 सुधीर सिंह, भ्र० पशु० चि० पदा०, छिपादोहर। मो०– 8318232495 | 1. श्री रामायण ठाकुर, अनुसेवक 2. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 23 | | हरातु | हरातु | 11.02.2025 एवं 13.02.2025 | | | |
| 24 | | कुचिला | कुचिला | 14.02.2025 एवं 15.02.2025 | | | |
| 25 | | लात | लात | 17.02.2025 एवं 18.02.2025 | | | |
| 26 | | छिपादोहर | छिपादोहर | 19.02.2025 एवं 20.02.2025 | | | |
| 27 | | केढ़ | केढ़ | 21.02.2025 एवं 22.02.2025 | डॉ0 मीरा कुमारी, भ्र० पशु० चि० पदा०, बेतला। मो०– 9110038983 | 1. श्री रामायण ठाकुर, अनुसेवक 2. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 28 | | बेतला | बेतला | 24.02.2025 एवं 25.02.2025 | | | |
| 29 | | पोखरीकला | पोखरीकला | 27.02.2025 एवं 28.02.2025 | | | |
| 30 | मनिका | नामुदाग | नामुदाग | 08.02.2025 एवं 10.02.2025 | डॉ0 नरेश कुमार साहू, भ्र० पशु० चि० पदा०, मनिका। मो०– 7352383316 | 1. श्री संजय कुमार प्रावैधिक सहायक 2. श्री बिरेन्द्र कुजूर, रात्रि प्रहरी 3. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 31 | | सिंजो | सिंजो | 11.02.2025 एवं 13.02.2025 | | | |
| 32 | | पल्हेया | पल्हेया | 14.02.2025 एवं 15.02.2025 | | | |
| 33 | | दुंदू | दुंदू | 17.02.2025 एवं 18.02.2025 | | | |
| 34 | | जुंगूर | जुंगूर | 19.02.2025 एवं 20.02.2025 | | | |
| 35 | | जान्हों | जान्हों | 21.02.2025 एवं 22.02.2025 | | | |
| 36 | | कोपे | कोपे | 24.02.2025 एवं 25.02.2025 | | | |
| 37 | | बड़काडीह | बड़काडीह | 27.02.2025 एवं 28.02.2025 | | | |
| 38 | चन्दवा | अलौदिया | अलौदिया | 08.02.2025 एवं 10.02.2025 | डॉ0 सरोज केरकेट्टा, भ्र० पशु० चि० पदा०, चन्दवा। मो०– 8210981471 | 1. श्री प्रेमालय बाखला, प्रावैधिक सहायक 2. श्री राजेश भगत, अनुसेवक 3. श्री महाबीर महली, अनुसेवक 4. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 39 | | कामता | कामता | 11.02.2025 एवं 13.02.2025 | | | |
| 40 | | चकला | चकला | 14.02.2025 एवं 15.02.2025 | | | |
| 41 | | चन्दवा (पू0 भाग) | चन्दवा (पू0 भाग) | 17.02.2025 एवं 18.02.2025 | | | |
| 42 | | बारी | बारी | 19.02.2025 एवं 20.02.2025 | | | |
| 43 | | सेरक | सेरक | 21.02.2025 एवं 22.02.2025 | | | |
| 44 | | चेटर | चेटर | 24.02.2025 एवं 25.02.2025 | | | |
| 45 | | सासंग | सासंग | 27.02.2025 एवं 28.02.2025 | | | |
| 46 | हेरहंज | चिरू | चिरू | 08.02.2025 एवं 10.02.2025 | डॉ0 अनिल केरकेट्टा, भ्र० पशु० चि० पदा०, बरवाडीह। मो०– 9931379911 | 1. श्री विनोद भगत, अनुसेवक 2. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता | |
| 47 | | सलैया | सलैया | 11.02.2025 एवं 13.02.2025 | | | |
| 48 | | तासू | तासू | 14.02.2025 एवं 15.02.2025 | | | |
| 49 | | सेरनदाग | सेरनदाग | 17.02.2025 एवं 18.02.2025 | | | |
| 50 | लातेहार | डीही | डीही | 08.02.2025 एवं 10.02.2025 | डॉ0 हरेन्द्र पाल भगत, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार। मो०– 8002103231 | 1. श्री बिनय कुमार सिंह, पशुधन सहायक 2. श्री शत्रुघन कुमार पाण्डेय, पट्टी बंधक 3. श्री पौलुस कुजूर, अनुसेवक 4. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 51 | | आरागुण्डी | आरागुण्डी | 11.02.2025 एवं 13.02.2025 | | | |
| 52 | | सासंग | सासंग | 14.02.2025 एवं 15.02.2025 | | | |
| 53 | | नेवाड़ी | नेवाड़ी | 17.02.2025 एवं 18.02.2025 | | | |
| 54 | | परसही | परसही | 19.02.2025 एवं 20.02.2025 | | | |
| 55 | | बेन्दी | बेन्दी | 21.02.2025 एवं 22.02.2025 | | | |
| 56 | | जालीम खुर्द | जालीम खुर्द | 24.02.2025 एवं 25.02.2025 | | | |
| 57 | | भूसूर | भूसूर | 27.02.2025 एवं 28.02.2025 | | | |
| 58 | महुआडांड़ | अम्वाटोली | अम्वाटोली | 08.02.2025 एवं 10.02.2025 | डॉ0 महानन्द मौर्य, भ्र० पशु० चि० पदा०, महुआडांड़। मो०– 7355232927 | 1. श्री सज्जन राम, रात्रि प्रहरी, 2. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 59 | | हामी | हामी | 11.02.2025 एवं 13.02.2025 | | | |
| 60 | | चटकपुर | चटकपुर | 14.02.2025 एवं 15.02.2025 | | | |
| 61 | | अक्सी | अक्सी | 17.02.2025 एवं 18.02.2025 | | | |
| 62 | | ओरसा | ओरसा | 19.02.2025 एवं 20.02.2025 | | | |
| 63 | | रेंगाई | रेंगाई | 21.02.2025 एवं 22.02.2025 | | | |
| 64 | | चम्पा | चम्पा | 24.02.2025 एवं 25.02.2025 | | | |
| 65 | | गढ़बुढ़नी | गढ़बुढ़नी | 27.02.2025 एवं 28.02.2025 | | | |
| 66 | | चैनपुर | चैनपुर | 03.03.2025 एवं 04.03.2025 | | | |
| 67 | | दुरूप | दुरूप | 05.03.2025 एवं 06.03.2025 | | | |
| 68 | | नेतरहाट | नेतरहाट | 07.03.2025 एवं 08.03.2025 | डॉ0 शोभामनी मरांडी, भ्र० पशु० चि० | 1. श्री कृष्णदेव राम, अनुसेवक 2. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 69 | | परहाटोली | परहाटोली | 08.02.2025 एवं 10.02.2025 | | | |
| 70 | | सोहर | सोहर | 11.02.2025 एवं 13.02.2025 | | | |
| 71 | गारू | कार्रवाई | कार्रवाई | 08.02.2025 एवं 10.02.2025 | डॉ0 अश्वनी यादव, भ्र० पशु० चि० पदा०, गारू। मो०– 9110038983 | 1. श्री चन्दन कुमार, अनुसेवक, 2. श्री अजय ओड़ेया, प्रावैधिक सहायक 3. श्री शिवनन्दन सिंह, पशुधन सहायक 4. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 72 | | कोटाम | कोटाम | 11.02.2025 एवं 13.02.2025 | | | |
| 73 | | रूद | रूद | 14.02.2025 एवं 15.02.2025 | | | |
| 74 | | बारेसांढ़ | बारेसांढ़ | 17.02.2025 एवं 18.02.2025 | | | |
| 75 | | मायापुर | मायापुर | 19.02.2025 एवं 20.02.2025 | | | |
| 76 | सरयू | चोरहा | चोरहा | 21.02.2025 एवं 22.02.2025 | | | |
| 77 | | गणेशपुर | गणेशपुर | 24.02.2025 एवं 25.02.2025 | | | |

**नोट :– विशेष परिस्थिति में तिथि एवं स्थल का परिवर्तन किया जा सकता है।**

सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि शिविर में अधिक से अधिक पशु/ पक्षियों को लाकर चिकित्सा, टीकाकरण एवं अन्य कार्यो का लाभ लें तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उससे लाभ उठायें।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 345924 (Animal Husbandry) 24-25 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जब कोई चीज़ आसानी से मिल जाती है, तो हम उसे खोने से डरते नहीं हैं। मेहनत और संघर्ष से प्राप्त की गई चीज़ की क़ीमत और महत्व अधिक होता है। - चाणक्य

## संपादकीय

# किसी भी धार्मिक स्थल में वीआईपी संस्कृति बंद होनी चाहिए

सनातन परम्परा में हर काम ईश्वर का ध्यान करके शुरू किया जाता है और मंदिर जाना भी इसका एक हिस्सा है जहां प्रवेश करते ही ऐसी ऊर्जा प्राप्त होती है जिससे शरीर की पांच इंद्रियां (दृष्टि, श्रवण, स्पर्श, गंध और स्वाद) सक्रिय हो जाती हैं। इनका मंदिर जाने से गहरा संबंध है। मंदिर कुछ मांगने का स्थान नहीं है न ही भगवान को कुछ ऑफर देने का । वहां शांतिपूर्वक बैठकर केवल अपने आराध्य भगवान के दर्शन करने चाहिएं परंतु अनेक लोग यह सोचने लगे हैं कि उन्हें भगवान के सामने अपनी मांगें रखने के लिए मंदिर जाना है।इसी उद्देश्य से मंदिरों में कई बार भगवान के शीघ्र दर्शन पाने की लालसा से पहुंचे भक्तों की भीड़ को काबू करने के समुचित प्रबंध न होने व अन्य कारणों से भगदड़ मच जाती है जिसमें कई बार अनमोल प्राण चले जाते हैं। इसका एक उदाहरण गत 8 जनवरी को देखने को तब मिला जब आंध्र प्रदेश में स्थित 'तिरुपति मंदिर' के 'विष्णु निवास' के निकट 'तिरुमाला श्रीवारी वैकुंठ एकादशी' के पर्व पर श्रद्धालुओं को दर्शन टोकन बांटने के लिए लगाए गए काउंटरों में से कुछ काउंटरों पर अचानक उमड़ी भक्तों की भीड़ के कारण भारी भगदड़ मच जाने से 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जब टोकन जारी करने वाले एक काउंटर पर किसी कर्मचारी की तबीयत खराब हुई और उसे अस्पताल ले जाने के लिए वहां के दरवाजे खोले गए तो वहां एकत्रित श्रद्धालुओं ने समझा कि टोकन जारी करने के लिए 'क्यू लाइन' खोल दी गई है और वे तुरंत उस ओर दौड़ पड़े जो वहां भगदड़ मचने के परिणामस्वरूप दुखद मौतों का कारण बना। जहां धर्मस्थलों में दर्शनों की उतावली के कारण मचने वाली भगदड़ वहां के प्रबंधन की त्रुटियों का परिणाम है वहीं मंदिरों में दर्शनों के लिए विशिष्ट लोगों को पहल के आधार पर दर्शन करवाने की व्यवस्था भी समस्याएं पैदा करती है। इसी बारे सुप्रीमकोर्ट में एक याचिका भी विचाराधीन है जिस पर 27 जनवरी को सुनवाई होनी है। इसमें याचिकाकत्ता ने कहा है कि ''मंदिरों में विशेष या जल्दी दर्शन के लिए अतिरिक्त 'वी.आई.पी. दर्शन शुल्क' वसूल करना संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के अंतर्गत समानता के सिद्धांत का उल्लंघन है। अनेक धर्मस्थलों में 400-500 रुपए तक का अतिरिक्त शुल्क लेकर मंदिरों में देवताओं के विग्रह के अधिकतम निकटता तक जल्दी पहुंचा जा सकता है। यह व्यवस्था शारीरिक और आर्थिक बाधाओं का सामना करने वाले वी.आई.पी. प्रवेश शुल्क देने में असमर्थ साधारण भक्तों के प्रति असंवेदनशील है। इससे शुल्क देने में असमर्थ भक्तों से भेदभाव होता है। विशेष रूप से इन वंचित भक्तों में महिलाएं तथा बुजुर्ग अधिक बाधाओं का सामना करने वाले शामिल हैं।'' इसी सिलसिले में उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने भी 7 जनवरी को धर्मस्थल (कर्नाटक) में स्थित श्री मंजूनाथ मंदिर में देश के सबसे बड़े 'क्यू काम्प्लैक्स' (प्रतीक्षा परिसर) का उद्घाटन करते हुए कहा कि, ''हमें विशेष रूप से मंदिरों में वी.आई.पी. कल्चर को समाप्त करना चाहिए, क्योंकि वी.आई.पी. दर्शन का विचार ही देवत्व के विरुद्ध है।

*अनेक धर्मस्थलों में 400-500 रुपए तक का अतिरिक्त शुल्क लेकर मंदिरों में देवताओं के विग्रह के अधिकतम निकटता तक जल्दी पहुंचा जा सकता है*

# अमेरिका अपने नियम कानून से चलेगा, भारत को भी घुसपैठियों से ऐसे ही निपटना होगा



संसद से सड़क तक विपक्ष ने अपना गोल पोस्ट फिर से बदल लिया है। कल तक महाकुंभ में भगदड़ हादसे पर जमीन-आसमान एक किये विपक्षी नेताओं की जमात अब अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों को वहां से भारत भेजे जाने पर सियासत तलाशने लगा है। संसद के बजट सत्र में महाकुंभ हादसे को पीछे ढकेल कर विपक्ष अब लगातार अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों के निर्वासन को मुद्दा बनाने लगे हैं।संसद के बाहर हो-हल्ला तो बाहर धरना दिया जा रहा है। लोकसभा में विपक्षी सांसद हंगामा करते हुए इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। विपक्ष के तमाम सांसद संसद भवन परिसर में प्रदर्शन कर रहे हैं। लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा में भी इस मुद्दे पर हंगामा देखने को मिल रहा है। विपक्ष के सांसदों ने प्रश्नकाल के दौरान भारतीयों के डिपोर्ट का मुद्दा उठाया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई कहते हैं कि अमेरिका सरकार के इस रवैये से बेहद दुखी हूं। भारत और अमेरिका के बीच संबंध अच्छे हैं लेकिन उन्होंने जिस तरीके से 100 से ज्यादा भारतीयों को मिलिट्री प्लेन से भेजा है, वो पूरी तरह से अमानवीय है। विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री को इस पर अपनी बात रखनी चाहिए। विपक्ष ट्रम्प और मोदी के रिश्तों को लेकर भी तंज कस रहे है। लगता नहीं है कि यह सियासत जल्दी थम जायेगी। क्योंकि अभी अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे करीब 150 और भारतीयों को भी अमेरिका से निकाला जाना है। वैसे यह भी नहीं भूलना चाहिए कि अमेरिका में वैध तरीके से रह रहे करीब सात लाख भारतीय बिना भेदभाव के वहां अपना जीवनयापन कर रहे हैं। एक तरफ सिसासतदारों का एक धड़ा अमेरिका के रवैये की आलोचना करके मोदी सरकार को घेर रहा है तो वहीं कुछ बुद्धिजीवी पूछ रहे हैं भारत सरकार, अमेरिका से सबक लेकर कब यहां यह रहे गैर भारतीयों को देश से निकालेगी। एक मोटे अनुमान के अनुसार भारत में करीब पांच करोड़ लोग अवैध रूप से रह रहे हैं,जिनके खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर तुष्टिकरण की सियासत के चलते कुछ राजनैतिक दलों के आकाओं द्वारा इन्हें उन्हें पाला पोसा जा रहा है। उनके आधार और पैन कार्ड बनवाये जा रहे हैं। वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराया जा रहा है। जबकि यह घुसपैठिये कई आपराधिक वारदातों में लिप्त मिल जाते हैं।

विपक्ष को इस लिये सियासत चमकाने का मौका मिल गया क्योंकि अमेरिका से डिपोर्ट किए गए सभी भारतीयों के हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां डालकर अमेरिकी एयरक्राफ्ट में भारत लाया गया था। हालांकि अमेरिका सरकार की ओर से इस तरह क्यों किया गया, यह बड़ा सवाल है। भारत सरकार की ओर से इस पूरे प्रकरण पर राज्यसभा में प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्री जयशंकर प्रसाद ने संसद में कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। साल दर साल यह होता रहा है। इस तरह (यानी हाथ में हथकड़ी और पैरों में बेड़िया) डिपोटेशन करने का तरीका नया नहीं है। अमेरिका ने अपने नियमों के अनुसार कार्रवाई की। खैर, सियासत के बीच एयरक्राफ्ट से उतरने के बाद सभी भारतीयों को कस्टम व इमीग्रेशन चेकिंग के लिए भेज दिया गया। उक्त विभागों की ओर से सभी के दस्तावेजों और बैकग्राउंड की चेकिंग की जा रही है, ताकि पता चल सके कि जो भी अवैध तरीके से रह रहे थे, उनके खिलाफ भारत के किसी भी राज्य या शहर में कोई आपराधिक केस दर्ज है या नहीं। अगर किसी के खिलाफ इस तरह का कोई रिकार्ड पाया जाता है तो उसे तुरंत हिरासत में ले लिया जाएगा और कानून के मुताबिक बनती कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच चल रही है।अमेरिका से भारत लाए गए 104 भारतीयों में गुजरात 33, हरियाणा के 34, पंजाब के 30, महाराष्ट्र के तीन, उतर-प्रदेश-चंडीगढ़ के 2-2 लोग शामिल हैं। इनमें आठ से दस साल के कुछ बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, अमेरिका सरकार की ओर से कुल 205 लोगों की लिस्ट जारी की गई थी। बाकी के लोग कब आएंगे, फिलहाल इस पर कुछ भी स्पष्ट नहीं है।बहराल, अमेरिका से भारत लौट रहे अवैध प्रवासियों की पहली फ्लाइट चर्चा में जरूर है,इस पर सियासत भी खूब हो रही है, लेकिन इस वापसी के पीछे भारत को एक और बड़ा फायदा होने वाला है। पंजाब पुलिस ने लगभग 100 कुख्यात अपराधियों की पूरी हिस्ट्री तैयार कर ली है, जिनमें से 20 के अमेरिका में छिपे होने की आशंका है। अब यह संभावना बढ़ गई है कि अमेरिका से अपराधियों के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया भी तेज हो सकती है। बता दें अमेरिका में भारत के कई मोस्ट वांटेड अपराधी छिपे हुए हैं। इनमें सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी अनमोल बिश्नोई (गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई), पुलिस प्रतिष्ठानों पर ग्रेनेड हमलों में शामिल हैप्पी पासिया, ड्रग तस्कर सरवन भोला, और गोपी नवांशहरिया जैसे नाम शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू भी पंजाब में हिंसा फैलाने और अवैध प्रवास को बढ़ावा देने में शामिल हैं, ऐसे में उसके तैयार किए गए गुर्गे भी इस वापसी में शामिल हो सकते हैं। इस लिहाज से अमेरिका द्वारा अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की शुरुआत इस दिशा में भी मददगार साबित हो सकती है।अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीयों को लेकर विमान सी-17 बुधवार को अमृतसर के श्री गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। विमान ठीक 2 बजकर 15 मिनट पर अमृतसर एयरपोर्ट पर एविएशन क्लब की तरफ लैंड करवाया गया। इसमें 104 भारतीय सवार थे। सभी को हथकड़ी लगाकर अमेरिका सेना की देखरेख में भेजा गया है।इस विमान ने मंगलवार को अमेरिका के टेक्सास के सैन एंटोनियो से उड़ान भरी थी, जोकि करीब 35 घंटे की उड़ान भरकर अमृतसर पहुंचा। वहीं, विमान पहुंचने से ठीक पहले भारत सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकार भी एयरपोर्ट पर पहुंच गए। इनमें मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर, गृह विभाग, भारतीय सेना सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हैं। उधर, 05 फरवरी को अमेरिकी विमान के अमृतसर पहुंचने के बाद एविएशन क्लब में ही अमेरिका से आए अधिकारियों और भारत सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मीटिंग की गई। हालांकि मीटिंग किन मुद्दों पर रही, इस पर अभी किसी भी अधिकारी की ओर से पुष्टि नहीं की गई, लेकिन सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने भारत के अधिकारियों के समक्ष अवैध तौर पर आने वाले लोगों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। साथ ही भविष्य में इस पर रोक लगाने के लिए कहा है। इसके अलावा जो एजेंट लोगों को अवैध तरीके से विदेश भेजने का काम कर रहा है। उन पर भी कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आज की बात



**संजय सक्सेना**

# मोहन के जापान दौरे से मप्र के औद्योगिक विकास को मिली नई दिशा

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जापान यात्रा ने न केवल जापान की औद्योगिक प्रगति और विकास को करीब से समझने का अवसर प्रदान किया बल्कि वहां के लोगों की जीवनशैली, संस्कृति, तकनीकी विकास को भी करीब से देखा। जापान सरकार और प्रवासी भारतीयों द्वारा डॉ। यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जापान में उनकी यात्रा का उद्देश्य मध्य प्रदेश और जापान के सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना रहा। जब वह टोक्यो पहुंचे तो उनका वहां स्थानीय प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जापान दौरे के पहले दिन टोक्यो में विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों और कार्यक्रमों में शामिल हुए। टोक्यो में जापान के निवेशकों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों के साथ मध्य प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के बढ़ावा देने वाले क्षेत्रों और संभावनाओं के विषयों पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ। यादव "फ्रेंड्स ऑफ एमपी-जापान" टीम के साथ भेंट करने के साथ ही टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ औद्योगिक और निवेश सहयोग के विषय पर बैठक की जिसके बाद टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में "सेलिब्रेटिंग इंडिया-जापान रिलेशनशिप : फोकस मध्यप्रदेश" रोड-शो में भी सहभागिता की। जापान के तकनीकी विकास से डॉ। मोहन यादव को काफी प्रभावित किया। उन्होंने देखा कि कैसे जापान अपने अत्याधुनिक तकनीकी अविष्कारों और इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से दुनिया भर में एक महत्वपूर्ण स्थान बना चुका है। वहाँ की रेल प्रणाली ने उन्हें खासा प्रभावित किया। उन्होंने बुलेट ट्रेन की सवारी की और महसूस किया कि कैसे यह तकनीकी दृष्टि से दुनिया के सबसे तेज और सुरक्षित परिवहन साधनों में से एक है। मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के साथ टोक्यो के मिनाटो-कू में विस्तृत चर्चा की जिसमें जापानी कंपनियों के मध्य प्रदेश में निवेश को लेकर संभावनाओं और सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ। जेट्रो ने मध्यप्रदेश सरकार के साथ बड़े निवेश पर चर्चा की। डॉ। मोहन यादव ने जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी को मध्यप्रदेश में हाइड्रो प्रोजेक्ट में निवेश करने के लिये आमंत्रित किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा उपकरणों का उत्पादन करने वाली कंपनी एएनडीडी मेडिकल के निदेशक डाइकी अराई ने मध्य प्रदेश में निर्माण इकाई स्थापित करने की मंशा जाहिर की।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अलग बात



**हर्षवर्धन पाण्डे**

# सामाजिक उल्लास बनाम अराजक उत्सव: आत्ममंथन का समय

मनुष्य अपनी प्रकृति से ही एक सामाजिक प्राणी है, जिसकी आत्मा उत्सवों, उल्लास और सामूहिक सौहार्द में आनंदित होती है। वह अपनी खुशियों की अभिव्यक्ति में अद्वितीय कुशलता प्रदर्शित करता है, किंतु प्रायः इस आनंदोत्सव के दौरान सामाजिक मर्यादाओं और दूसरों की असुविधाओं को अनदेखा कर देता है। विशेषकर विवाह, पर्व-त्योहारों और सार्वजनिक आयोजनों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। प्रलयंकारी ध्वनि में गूँजता कानफोड़ू संगीत, सड़कों पर तंबू और पंडाल लगाकर यातायात को अवरुद्ध करना, सार्वजनिक स्थलों को कूड़े-कचरे से भर देना, नियम-विरुद्ध ढंग से वाहनों को खड़ा करना और अराजक नृत्य-गान द्वारा सामूहिक जीवन की सहज धारा को बाधित करना— ये सब सामाजिक उत्तरदायित्व की अवहेलना के ज्वलंत उदाहरण हैं। यह परिदृश्य व्यक्ति की आत्म-केंद्रित मानसिकता का द्योतक है, जिसमें अपनी मनोरंजन-प्रियता को परम स्थान दिया जाता है, जबकि सामाजिक अनुशासन और सामूहिक सुविधा को तिरस्कृत कर दिया जाता है।जब कोई व्यक्ति उल्लास और उमंग में विभोर हो जाता है, तो मानो उसके अंतःचक्षु और अंतःश्रवण बंद हो जाते हैं— वह अपने आस-पास के लोगों की पीड़ा को अनुभव करने में अक्षम हो जाता है। यह केवल असंवेदनशीलता नहीं, बल्कि एक प्रकार की सामाजिक निरंकुशता है, जो इंगित करती है कि उसकी प्रसन्नता सर्वोपरि है और अन्य लोगों को उसमें बाधक नहीं, अपितु सहभागी बनना चाहिए। इस आत्ममुग्ध प्रवृत्ति का समाज की समरसता और पारस्परिक सौहार्द पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे आपसी वैमनस्य और मतभेद पनपने लगते हैं। इस प्रवृत्ति के मूल में एक अहंकारजनित धारणा भी समाहित है— जहाँ उत्सव की भव्यता को प्रतिष्ठा का पर्याय मान लिया जाता है। लोग अपनी सामाजिक छवि को सुदृढ़ करने के लिए किसी भी सीमा तक जाने को तत्पर रहते हैं, भले ही इसका व्यापक समाज पर घातक प्रभाव क्यों न पड़े।

इस समस्या की जड़ में यह मिथ्या धारणा भी समाहित है कि 'हम तो कभी-कभार ही ऐसा करते हैं, अतः दूसरों को इसे सहन करना चाहिए।' यह सोच केवल आत्मकेंद्रित प्रवृत्ति को ही नहीं दर्शाती, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व की घोर उपेक्षा को भी उजागर करती है। आवश्यकता इस बात की है कि हम एक ऐसी शिक्षाप्रणाली को अपनाएँ, जो केवल विद्या ही नहीं, अपितु नैतिक मूल्यों, सामाजिक संवेदनशीलता एवं परस्पर सहानुभूति के भाव को भी विकसित करे। विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सामाजिक संस्थानों को ऐसे कार्यक्रम संचालित करने चाहिए, जो लोगों में सामुदायिक चेतना एवं सह-अस्तित्व की भावना को सुदृढ़ करें। केवल नैतिकता का बौद्धिक प्रचार ही पर्याप्त नहीं, बल्कि कानूनी व्यवस्था को भी कठोर और प्रभावी बनाना होगा। ध्वनि प्रदूषण, अनधिकृत अतिक्रमण और यातायात अवरोध जैसी समस्याओं के समाधान हेतु कड़े कानून न केवल लागू किए जाएँ, बल्कि उनका कठोर क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया जाए। प्रशासन को चाहिए कि सार्वजनिक आयोजनों के लिए स्पष्ट और सख्त दिशानिर्देश निर्धारित करे और उनका पालन अनिवार्य रूप से करवाए।

केवल शासन और प्रशासन ही नहीं, अपितु समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति को भी अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारी का वहन करना होगा। सामाजिक संगठनों, नागरिक समितियों एवं रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को जागरूकता अभियान चलाने चाहिए, जिससे लोग यह समझ सकें कि उनका उल्लास दूसरों के लिए असुविधा का कारण न बने। हर व्यक्ति को यह स्वीकार करना होगा कि उसकी स्वतंत्रता वहीं तक मान्य है, जहाँ तक वह अन्य नागरिकों के अधिकारों और सुविधा का अतिक्रमण नहीं करती। आयोजनकर्ता भी यह सुनिश्चित करें कि उनके उत्सवों से समाज को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्हें यह स्मरण रखना चाहिए कि उत्सव का असली उद्देश्य केवल व्यक्तिगत आनंद नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और मानवीयता की भावना को पोषित करना है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आपकी बात



**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

बैसाखी ले आग की, क्यों चलते सरकार।
आग कभी करती नहीं, किसी चीज से प्यार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# बुद्धि की बर्बादी ना करें

हमारे भारतीय ग्रंथों, संतों, ऋषियों और महान साहित्यकारों ने सदैव बुद्धि के सदुपयोग पर बल दिया है। श्रीमद्भगवद्गीता में भी यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि बुद्धि का उपयोग केवल आत्मोन्नति और लोककल्याण के लिए किया जाना चाहिए, न कि दूसरों को नीचा दिखाने, अपशब्द बोलने या किसी को दुःख पहुँचाने में। यदि हम अपनी ऊर्जा और मानसिक क्षमता को नकारात्मक कार्यों में व्यर्थ करते हैं, तो यह बुद्धि की बर्बादी ही होगी। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को समझाया कि मनुष्य को अपनी बुद्धि को स्थिर रखते हुए आत्मकल्याण और लोककल्याण के मार्ग पर चलना चाहिए। गीता के अध्याय 2, श्लोक 50 में कहा गया हैः "बुद्धियुक्तो जहातीह उभे सुकृतदुष्कृते। तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम्॥" अर्थात, जो मनुष्य बुद्धि के साथ कर्म करता है, वह अच्छे और बुरे फलों से परे हो जाता है। इसलिए, हमें अपनी बुद्धि का उपयोग श्रेष्ठ कार्यों में करना चाहिए। महाभारत के रचयिता वेदव्यास ने भी इस विषय पर बल दिया है कि मनुष्य की बुद्धि उसे सही और गलत का ज्ञान कराती है। यदि हम अपनी बुद्धि को दूसरों को दुख पहुँचाने में लगाते हैं, तो यह हमारे लिए आत्मघाती हो सकता है। रामचरितमानस में तुलसीदास जी कहते हैं: "पर उपकाराय सतं विभूतयः, पर पीड़नाय खलस्य संपदः।" अर्थात, सज्जनों की बुद्धि और संपत्ति परोपकार में लगती है, जबकि दुष्टों की बुद्धि केवल दूसरों को कष्ट देने में ही संलग्न रहती है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति उसकी बुद्धि है। लेकिन यदि यह बुद्धि केवल दूसरों की आलोचना करने, उन्हें नीचा दिखाने या अपमानित करने में लगी रहे, तो यह एक अपव्यय है। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक सोच और समाजहित में अपने ज्ञान का उपयोग करने की प्रेरणा दी। कबीर दास जी ने कहा हैः "निंदक नियरे राखिए, आंगन कुटी छवाय। बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय॥" अर्थात, यदि कोई हमें गलत राह पर जाने से रोकता है, तो हमें उसका आभार मानना चाहिए, न कि क्रोधित होकर उसे नीचा दिखाने की कोशिश करनी चाहिए। इस दृष्टि पर गांधी जी ने कहा था कि "कमजोर लोग दूसरों को नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं, लेकिन सच्ची बुद्धिमानी दूसरों को ऊपर उठाने में है।" उन्होंने अहिंसा और प्रेम का संदेश देते हुए यह बताया कि नकारात्मक सोच से केवल विनाश होता है। इस संबंध में रवींद्रनाथ टैगोर जी ने लिखा कि "मनुष्य की सबसे बड़ी विशेषता उसका विवेक और सहानुभूति है। यदि वह अपनी बुद्धि को केवल दूसरों की आलोचना में लगाता है, तो यह उसकी सबसे बड़ी हार होगी।" हिंदी साहित्य के महान कथाकार प्रेमचंद ने अपनी रचनाओं में बताया कि समाज में द्वेष, ईर्ष्या और अपमान का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उनकी कहानी "पंच परमेश्वर" में यही संदेश दिया गया है कि बुद्धिमान व्यक्ति को निष्ठुरता की जगह न्याय और करुणा का मार्ग अपनाना चाहिए। प्रश्न यह उठता है कि समाज में बुद्धि का सदुपयोग क्यों आवश्यक है? जब हम इस ओर दृष्टि डालते हैं तो देखते हैं किआज की दुनिया में नकारात्मकता बहुत तेजी से फैल रही है। सोशल मीडिया से लेकर व्यक्तिगत जीवन तक, हम देखते हैं कि लोग अपनी ऊर्जा को दूसरों की आलोचना, अपमान और झूठी प्रतिष्ठा बनाने में खर्च कर रहे हैं। लेकिन यदि हम अपनी बुद्धि का सदुपयोग करें और इसे समाजहित में लगाएँ, तो न केवल हमारा स्वयं का विकास होगा, बल्कि पूरे समाज का भी उत्थान होगा। गीता, संतों, ऋषियों और साहित्यकारों के विचारों से यह स्पष्ट होता है कि बुद्धि का उपयोग सकारात्मक दिशा में किया जाना चाहिए। यदि हम इसे दूसरों को अपमानित करने, दुख पहुँचाने या बेकार की बातों में व्यर्थ करेंगे, तो यह हमारी सबसे बड़ी मूर्खता होगी। हमें अपनी बुद्धि को आत्मविकास, परोपकार और समाज की भलाई के लिए लगाना चाहिए। यही सच्ची समझदारी और वास्तविक ज्ञान का प्रमाण है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक, सहायक आचार्य, कार्तिक उरांव महाविद्यालय, गुमला रांची विवि, रांची।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 7209453444, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# रील बनाने वाली युवा पीढ़ी अब रीयल लाइफ जीना चाह रही है

**एजेंसी। महाकुंभ नगर**

सनातन संस्कृति के सबसे बड़े समागम प्रयागराज महाकुंभ में बसंत पंचमी का अमृत स्नान पूर्ण होने के बाद अब धीरे-धीरे यह आयोजन अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। ऐसा बताया जा रहा है कि 7 फरवरी से यहां अखाड़ों की रवानगी शुरू हो जाएगी। ऐसे में प्रश्न उठ रहा है कि आखिर इस महाकुंभ की सबसे बड़ी उपलब्धि क्या रही? जिस तरह समुद्र मंथन के बाद देवताओं को बहुत सारी चीजें प्राप्त हुई थीं, उसी तरह क्या इस महाकुंभ से भी कुछ प्राप्त हुआ है? इसका जवाब शंभू पंच अग्नि अखाड़ा के महामंडलेश्वर संपूर्णानंद महाराज ने दिया है। उनका कहना है कि यह महाकुंभ कई मायनों में बेहद सफल रहा है। इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही है कि इस बार सर्वाधिक संख्या में देश के युवा वर्ग की इसमें भागीदारी रही है। ऐसी भागीदारी आज तक नहीं देखी गई।

## युवाओं में सनातन संस्कृति को समझने की प्रेरणा मिली है



सीएम योगी दोनों को जाता है, जिन्होंने विगत कुछ वर्षों में सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण के लिए काफी काम किया है। महाकुंभ 2025 में इस बार बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी रही है। बड़ी संख्या में युवा अकेले या अपने परिजनों को लेकर महाकुंभ में पहुंचे हैं। संपूर्णानंद महाराज के अनुसार, विगत कुछ वर्षों में भारत में जो सांस्कृतिक पुनर्जागरण हुआ है, उससे युवाओं में सनातन संस्कृति को समझने और उसे आत्मसात करने की प्रेरणा मिली है। बड़ी संख्या में युवा महाकुंभ में सत्संग, कीर्तन का हिस्सा बन रहे हैं। महाकुंभ में चल रही राम कथा, भागवत समेत तमाम प्रवचनों में जाकर सनातन के विचारों और अध्यात्म को जानने का प्रयास कर रहे हैं। 18 से 30 वर्ष के तमाम युवा हमारे पास अपनी संस्कृति को समझने, उसका उद्देश्य जानने के लिए आ रहे हैं।

उनका मानना है कि महाकुंभ में इस बार 50 प्रतिशत से ज्यादा वो युवा शामिल हुए, जिनकी उम्र 30 से भी कम रही। यह दिखाता है कि सनातन के प्रति आज के युवाओं में आस्था तेजी से बढ़ रही है और इसका श्रेय पीएम मोदी और उन्होंने कहा कि आज गूगल पर सबसे ज्यादा सनातन और अध्यात्म को सर्च किया जा रहा है। रील बनाने वाली युवा पीढ़ी अब रीयल लाइफ जीना चाह रही है। यह महाकुंभ युवाओं को जागृत करने वाला साबित हो रहा है। यह आगामी पीढ़ी के लिए शुभ संकेत है। यदि हमारी भावी पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़कर आगे बढ़ेगी तो सनातन का प्रचार होगा। अपराध कम होंगे और समृद्धि बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह महाकुंभ सिर्फ युवाओं के लिए नहीं बल्कि हर वर्ग के लिए हितकारी साबित हो रहा है। लोगों की जनभावनाएं एक हो रही हैं। भारत पहले जैसा हो रहा है। लोग अध्यात्म के रंग में सराबोर हो रहे हैं। कोई ऊंच-नीच नहीं, कोई भेदभाव नहीं। जैसा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस महाकुंभ को एकता का महाकुंभ बताया है, यह महाकुंभ उसी का उदाहरण बन रहा है। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी में हर कोई बिना किसी भेदभाव के एक साथ डुबकी लगा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यहां सामाजिक समरसता का अद्भुत मेल देखने को मिल रहा है। संगम की पवित्र भूमि से लोग यहां की मिट्टी लेकर जा रहे हैं। यह दिखाता है कि लोगों की सोच एक जैसी है। यह एकता और समरसता नए भारत का प्रतिबिंब है। यह शिखर की ओर बढ़ते भारत की सकारात्मक ऊर्जा का संकेत है।

# गोवा के सीएम ने प्रयागराज महाकुंभ स्पेशल ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी। पणजी**



मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने गोवा से प्रयागराज के लिए चलने वाली विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने गुरुवार सुबह करमाली रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा, "मैंने गोवा सरकार की ओर से प्रयागराज के लिए एक ट्रेन को हरी झंडी दिखाई है। मैं सभी श्रद्धालुओं को बधाई देता हूं। 13 और 21 फरवरी को दो और ट्रेनें जाएंगी। अगर और लोग जाएंगे तो हम उनके लिए भी व्यवस्था करेंगे। मैं यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को महाकुंभ मेला 2025 में किए गए इंतजामों के लिए बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने भी बुधवार को संगम में पवित्र डुबकी लगाई, मैं इसके लिए भी उन्हें बधाई देता हूं।" बता दें कि महाकुंभ में बसंत पंचमी के दिव्य, भव्य अमृत स्नान को लेकर प्रयागराज रेलवे ने 300 से अधिक ट्रेनों का सफल संचालन किया था। मेला प्राधिकरण के अनुमान के मुताबिक, बसंत पंचमी पर्व पर 2.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया था। प्रयागराज रेल मंडल ने तीर्थ यात्रियों के सुगम आवागमन के लिए बसंत पंचमी पर्व के दिन 106 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। इसके साथ ही लगभग 200 नियमित ट्रेनें भी शहर के सभी स्टेशनों से चलाई गईं, जिससे लाखों की संख्या में तीर्थयात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचाया गया।

### बजट सत्र में हिस्सा लेने वाले सांसदों ने जताया भरोसा

# 'बदलाव के मूड में दिल्ली वाले, भाजपा का आना तय'

- रामगोपाल यादव ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा था कि यह पार्टी कहीं पर भी खड़ी नहीं होना चाहती है।
- "जब किसी को किसी आपातकालीन स्थिति में खून की जरूरत होती है, तब वो किसी धर्म और जाति को लेकर सवाल नहीं पूछते हैं।



**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद के बजट सत्र में हिस्सा लेने पहुंचे सांसदों ने गुरुवार को आईएएनएस से बातचीत के दौरान विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। दिल्ली विधानसभा चुनाव, आरएसएस प्रमुख के बयान और इंडी गठबंधन की सियासत पर विचार साझा किए। हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतनराम मांझी से जब दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर सामने आए एग्जिट पोल को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर यहां (दिल्ली) भाजपा की सरकार बनने जा रही है। यह बात बिना किसी हिचक के कही जा सकती है। कांग्रेस नेता गुरजीत सिंह औजला ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत द्वारा जाति के संदर्भ में दिए बयान को लेकर सवाल उठा दिए। उन्होंने कहा, "मोहन भागवत आखिर जाति की बात करते ही क्यों हैं? मैं तो कहूंगा कि उन्हें महज हिंदुओं की ही नहीं, बल्कि पूरी समुदाय की बात करनी चाहिए।" उन्होंने भावुक उदाहरण देते हुए कहा, "जब किसी को किसी आपातकालीन स्थिति में खून की जरूरत होती है, तब वो किसी धर्म और जाति को लेकर सवाल नहीं पूछते हैं। हम लोग ऑक्सीजन कहां से ले रहे हैं। कभी यह सवाल किया गया?" उन्होंने मोहन भागवत को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इन लोगों की पूरी राजनीति ही जाति पर आधारित है। ये लोग जाति की ही बात करते हैं। बता दें कि मोहन भागवत ने बुधवार को केरल में हिंदू धार्मिक सम्मेलन में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने यह बयान दिया था कि हिंदू धर्म में कोई छोटा बड़ा नहीं होता है। उनके इसी बयान को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। वहीं, कांग्रेस नेता ने रामगोपाल यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनकी राजनीति उन्हीं को मुबारक हो। आप हमें क्या खड़ा करेंगे। कांग्रेस 100 साल पुरानी पार्टी है। कांग्रेस अपने बारे में सोचने के लिए पूरी तरह से समृद्ध है। दरअसल, रामगोपाल यादव ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा था कि यह पार्टी कहीं पर भी खड़ी नहीं होना चाहती है। हमने इसे हर जगह खड़ा करने की कोशिश की, लेकिन यह पार्टी खड़ी होना ही नहीं चाहती है। शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर सामने आए एग्जिट पोल को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि एग्जिट पोल में भारतीय जनता पार्टी जीत की ओर अग्रसर है। लोगों का विश्वास भारतीय जनता पार्टी पर है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस का हाथ नहीं हथौड़ा है, जिस पर भी गिरता है, वो खत्म हो जाता है। अगर आपको यकीन नहीं हो रहा है, तो महाराष्ट्र में देख लीजिए। हमारे पास एक नहीं, बल्कि अनेक मिसालें हैं। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस के साथ हाथ मिलाया, तो उनका क्या हाल हुआ, वो किसी से छुपा नहीं है। शरद पवार के साथ हाथ मिलाया तो उनकी हालत कैसी हो गई, ये हम सभी को पता है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की राजनीतिक समझ पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राहुल के अंदर अभी-भी बचपना है। ऐसी स्थिति में राहुल के नेतृत्व को इस देश की जनता भला कैसी स्वीकार कर सकती है। जेडीयू के नेता संजय झा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। दिल्ली की जनता ने संकल्प ले लिया है कि इस बार हम किसी भी कीमत पर भाजपा को सत्ता में लाकर ही दम लेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता को यह एहसास हो चुका है कि जब तक यहां सरकार नहीं बदलेगी, तब तक यहां का सूरतेहाल नहीं बदलने वाला है।

## फायरिंग मामले में पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह की जमानत याचिका खारिज

**पटना।** बिहार में पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह को एमपी एमएलए कोर्ट से झटका लगा है। अनंत सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी गई है। गुरुवार को एमपी -एमएलए की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट ने अपनाफैसला सुनाया। बुधवार को कोर्ट ने पूर्व विधायक अनंत सिंह की नियमित जमानत अर्जी पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। मोकामा के पंचमहला थाना क्षेत्र में 22 जनवरी को हुई गोलीबारी मामले में अनंत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद 24 जनवरी को अनंत सिंह ने सरेंडर कर दिया था। जिसके बाद उन्हें 14 दिन की न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इस मामले की सुनवाई सांसदों और विधायकों के आपराधिक मामलों के लिए गठित विशेष अदालत के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित वैभव की कोर्ट में हुई।

# बिहार में सरकारी शिक्षकों की तरह विद्यार्थियों की भी 'ऑनलाइन हाजिरी'

**एजेंसी। पटना**

बिहार में शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत अब शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की तरह विद्यार्थियों की उपस्थिति भी ऑनलाइन दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है।

बताया गया कि इसे पायलट प्रोजेक्ट के तहत पहले छह जिलों पटना, नालंदा, वैशाली, जहानाबाद, सारण और भोजपुर में लागू किया जाएगा। सफलता मिलने पर इसे पूरे प्रदेश में लागू करने पर विचार किया जाएगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने गुरुवार को इससे संबंधित एक आदेश संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्गत किया। एस. सिद्धार्थ के निर्देश के मुताबिक शुरुआत में कक्षा तीन के विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति बनाई जाएगी। इस व्यवस्था के



तहत संबंधित विद्यालयों को टैबलेट उपलब्ध कराया जाएगा। कक्षा तीन के सभी छात्रों की उपस्थिति को भी ऑनलाइन ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। यह भी कहा जा रहा है कि इसी के साथ पोर्टल पर क्लास का फोटो भी अपलोड करना होगा। बताया गया है कि इसके लिए पायलट प्रोजेक्ट के तहत पांच सरकारी प्रारंभिक विद्यालय (तीन मध्य विद्यालय और दो प्राथमिक विद्यालय) का चयन बिहार शिक्षा परियोजना परिषद करेगा। पायलट प्रोजेक्ट के तहत इस योजना की शुरुआत 10 फरवरी से की जाएगी। चयनित विद्यालयों के कक्षा तीन के बच्चों के परीक्षा के परिणाम भी शिक्षक टैबलेट के माध्यम से अपलोड करेंगे। यही नहीं, प्रत्येक महीने के अंत में अकादमिक सत्र में पूरे किए गए विषयवार पाठ्यक्रमों का विवरण भी अद्यतन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बुधवार को शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में प्रतिदिन कितने बच्चों ने मध्याह्न भोजन खाया, इसका प्रमाण पत्र तैयार करने का निर्देश दिया है। इस प्रमाण पत्र पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ ही उपस्थित सभी शिक्षकों के हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से होंगे। निर्देश में कहा गया है कि कोई शिक्षक प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे तो उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा। इस संबंध में बुधवार को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया था।

# राजद की घोषणा छलावा, कभी पूरी नहीं होने वाली है : प्रशांत किशोर

**एजेंसी। पटना**

जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने गुरुवार



को बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि राजद की 'माई-बहिन मान योजना' की घोषणा सिर्फ छलावा है। यह घोषणा कभी पूरी नहीं हो सकती। जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर ने गुरुवार को सत्याग्रह आश्रम में पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम दूसरी पार्टियों की तरह नहीं हैं, जो कहते तो सब कुछ हैं, लेकिन करते कुछ नहीं हैं। हम जनता से सिर्फ वही वादे करेंगे, जिन्हें हम शत-प्रतिशत पूरा करेंगे। जो भी वादा करेंगे, उसके पहले उस पर गहन अध्ययन करेंगे और फिर जनता को बताएंगे कि हम किस तरह से वादा पूरा करेंगे। प्रशांत किशोर ने कार्यकर्ताओं से कहा कि जन सुराज, राजद की तरह जनता से झूठे वादे नहीं करती और न ही कभी करेगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि हाल ही में राजद ने 'माई-बहिन मान योजना' की घोषणा की है, जिसके तहत प्रत्येक महिला को 2,500 रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में छह करोड़ महिलाएं हैं, मतलब अगर प्रत्येक महिला को हर महीने 2,500 रुपए दिए जाएं तो हर साल करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे। जब बिहार का कुल बजट ही 2 लाख 40 हजार करोड़ रुपए का है तो हर साल 1.5 लाख करोड़ रुपए कहां से देंगे? उन्होंने कहा कि जिस दिन राजद ने वादा किया था, उसी दिन से वे समझा रहे हैं कि राजद इस वादे को कभी पूरा नहीं करने वाली है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि अगर महागठबंधन की सरकार बनती है तो सभी महिलाओं के बैंक खाते में प्रत्येक महीने 2,500 रुपए भेजे जाएंगे।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## 'दिल्ली में कांग्रेस की सीट बढ़ेगी', अजय राय ने एग्जिट पोल पर उठाए सवाल

**एजेंसी। लखनऊ**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए



मतदान समाप्त होने के बाद बुधवार को एग्जिट पोल के अनुमान सामने आए। अधिकतर एग्जिट पोल में सत्ता परिवर्तन का अनुमान लगाया गया है। एग्जिट पोल के अनुमानों पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने दावा किया कि इस चुनाव में कांग्रेस का ग्राफ और सीटों की संख्या बढ़ेगी। अजय राय ने आईएएनएस से कहा, "दिल्ली की जनता अच्छा निर्णय लेगी। पिछली बार हमारी पार्टी 'जीरो' पर थी, लेकिन इस बार कांग्रेस का ग्राफ और सीट प्रतिशत बढ़ेगा। मुझे लगता है कि कांग्रेस दिल्ली के साथ-साथ पूरे देश में आगे बढ़ेगी।" समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर लगाए गए आरोपों पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, "मैंने मिल्कीपुर उपचुनाव का एक वीडियो देखा है, जिसमें एक व्यक्ति दावा कर रहा है कि उसने छह बार मतदान किया।

## एमपी के उमरिया में भिड़े दो ट्रक, 3 महिलाओं समेत 4 की मौत

**एजेंसी। उमरिया**

मध्य प्रदेश के उमरिया में गुरुवार सुबह दो ट्रकों के बीच भीषण टक्कर हुई है। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मामला पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 43 का है। बताया जा रहा है कि यह हादसा सुबह साढ़े सात बजे के आसपास हुआ। शहडोल की तरफ से आ रहे ट्रक की उमरिया की तरफ जा रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि ट्रकों के परखच्चे उड़ गए। दोनों ट्रकों में सवार चार लोगों की मौत हो गई, जिसमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के दौरान 17 वर्षीय युवती जीवित बची थी और उसने बचाने की गुहार लगाई थी, लेकिन घटना के दो घंटे तक 108 एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची और इसके कारण उसकी भी मौत हो गई। वहीं, इस हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को ट्रकों से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही गंभीर रूप से घायल हुए दो लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतकों में एक महिला की शिनाख्त पार्वती बाई निवासी ग्राम बुड़ना के रूप में हुई है।

### नए अंदाज में होगी 'परीक्षा पे चर्चा'

# पीएम मोदी समेत सिनेमा और खेल जगत के दिग्गज भी देंगे छात्रों को टिप्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम नए कलेवर में छात्रों के सामने होगा। सवालों का जवाब सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी ही नहीं देंगे, बल्कि देश के कई दिग्गज भी देंगे। पहले पीएम मोदी छात्रों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन और तनावमुक्त रहने के टिप्स देते थे, लेकिन इस बार फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, अभिनेता विक्रांत मैसी, अभिनेत्री भूमि पेडनेकर और खेल जगत के कई दिग्गज भी जरूरी टिप्स देते नजर आएंगे। दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में 10 फरवरी को होने वाली परीक्षा पर चर्चा के लिए छात्र भी बेहद उत्साहित हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी), परीक्षा से जुड़े तनाव को सीखने के उत्सव में बदलने की पहल है। इसके 8वें संस्करण में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई। वर्ष 2018 में परीक्षा पे चर्चा एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है, जिसने वर्ष 2025 में अपने 8वें संस्करण के लिए 3.56 करोड़ पंजीकरण प्राप्त किए हैं। ये 7वें संस्करण में 2.26 करोड़ पंजीकरण हुए थे, जो 1.3 करोड़ पंजीकरणों की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। परीक्षा पे चर्चा न केवल एक लोकप्रिय कार्यक्रम बन गया है, बल्कि यह एक "जन आंदोलन" में भी बदल गया है। यह पूरे देश में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ गहराई से जुड़ गया है। परीक्षा के तनाव को दूर करने और छात्रों को परीक्षाओं को



एक त्योहार - "उत्सव" के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित करता है। परीक्षा पे चर्चा में अधिकतम भागीदारी मानसिक सेहत और समग्र शिक्षा के महत्व के बारे में बढ़ती जागरूकता और स्वीकृति को दर्शाती है। कार्यक्रम का इंटरैक्टिव प्रारूप, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और प्रधान मंत्री के बीच खुला संवाद शामिल है, ने इसकी सफलता में और योगदान दिया है। परीक्षा पे चर्चा को "जन आंदोलन" के रूप में और मजबूत करने के लिए 12 जनवरी 2025 (राष्ट्रीय युवा दिवस) से 23 जनवरी 2025 (नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती) तक स्कूल स्तर पर कई आकर्षक गतिविधियां आयोजित की गईं। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को परीक्षा पे चर्चा को एक उत्सव के रूप में मनाने में शामिल करना था। कुल 1.42 करोड़ छात्र, 12.81 लाख शिक्षक और 2.94 लाख स्कूलों ने भाग लिया। ये गतिविधियां तनाव को कम करने, ध्यान केंद्रित करने और परीक्षा के दौरान और उसके बाद प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई थीं। छात्रों को खो-खो और कबड्डी जैसे स्वदेशी खेलों, छोटी दूरी की मैराथन, रचनात्मक मीम प्रतियोगिता, आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रदर्शनों और आकर्षक पोस्टर बनाने सहित विविध प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्हें छात्र प्रशंसापत्रों के माध्यम से अपने अनुभव साझा करने, छात्र-नेतृत्व वाली चर्चाओं में भाग लेने और विश्राम और मन की शांति विकसित करने के लिए योग और ध्यान सत्रों में शामिल होने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

## मिल्कीपुर में उपचुनाव नहीं हुआ निष्पक्ष प्रशासन पर दबाव : अखिलेश यादव



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में उपचुनाव निष्पक्ष नहीं हुआ है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, "अगर चुनाव आयोग सख्त कार्रवाई करता तो मिल्कीपुर में निष्पक्ष चुनाव हुआ होता। ये चुनाव निष्पक्ष नहीं हुआ है, इसलिए मैंने कहा है कि वह (भाजपा) बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का दिया हुआ वोटिंग का अधिकार छीनना चाहते हैं। सभी ने देखा है कि भाजपा के लोगों ने वोट के अधिकार को भी छीन लिया है।" उन्होंने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा, "अयोध्या के एसएसपी राजकरन नय्यर, मिल्कीपुर के एसडीएम राजीव रतन सिंह, सीओ मिल्कीपुर श्रेयस त्रिपाठी, इनायतनगर थाना के एसओ देवेंद्र पांडेय, थाना कुमारगंज के अमरजीत सिंह, थाना खंडासा के संदीप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक पवन तिवारी पर काफी दबाव है। इतनी सी बात है कि दबाव बहुत है और कोई भी सच नहीं बोल सकता है।

## मुंबई : मर्चेंट नेवी के लापता कर्मचारी का शव मिलने के बाद परिवार ने की जांच की मांग

**मुंबई।** मुंबई के समुद्र में दो दिन से लापता मर्चेंट नेवी के एक कर्मचारी सुनील पचार (23) का शव मिलने के बाद उसके परिवार ने मामले की जांच की मांग की है। परिवार को आशंका है कि उसके साथ कुछ गलत किया गया है। सुनील पचार राजस्थान का रहने वाला था। छह महीने पहले ही उसकी नौकरी लगी थी। यह उसकी पहली नौकरी थी। उसके परिवार का कहना है कि 3 फरवरी को दोपहर करीब 3 बजे वीडियो कॉल पर सुनील खुशमिजाज था, बिल्कुल ठीक लग रहा था। उसे देखकर ऐसा लग ही नहीं रहा था कि उसे किसी भी प्रकार की दिक्कत हो सकती है। लेकिन, दो घंटे बाद ही वह पानी में गिर गया और उसकी मौत हो गई। परिवार ने मामले की जांच की मांग की है। सुनील के चाचा जगदीश प्रसाद ने कहा कि सुनील कभी आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठा सकता। वह बहुत हंसमुख और खुशमिजाज था। परिवार ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच की अपील की है।

## गढ्ढे में छुपाकर रखे अवैध शराब के ड्रम में गिरकर डूबने से बच्चे की मौत

**पूर्वी चंपारण।** जिला में अवैध शराब कारोबारियों की करतूत ने एक चार वर्षीय मासुम बच्चे की जान ले ली।घटना जिले के सुगौली थाना क्षेत्र के दक्षिणी मानसिंघा पंचायत के वार्ड नंबर पांच में सिकरहना नदी के किनारे की है।जहां संचालित अवैध शराब भट्टियों में विनिर्मित शराब को ड्रम में रखकर गढ्ढे में छुपाकर रखा गया था,जिसमे गिर कर डूबने से एक चार साल के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप व्याप्त है। लोगों मे काफी आक्रोश देखा जा रहा है।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची सुगौली थाना पुलिस की टीम ने बच्चे के शव को अपनी अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया है।घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार सुगौली थाना क्षेत्र के दक्षिणी मानसिंघा पंचायत के वार्ड नंबर पांच में सिकरहना नदी में सरस्वती माता की प्रतिमा को विसर्जित करने लोग पहुंचे थे।जिसे देखने मोरेलाल सहनी का चार साल बेटा सुजय कुमार भी पहुंचा था।जहां अवैध शराब बनाने वाले ड्रम को गढ्ढे में छुपाकर पुआल से ढंक कर रखा गया था।जिसमे गिरकर डूबने से उसकी मौत हो गई। वही घटना की सूचना मिलते ही एसपी ने मामले की तत्काल जांच व त्वरित कार्यवाही के लिए सदर डीएसपी शिखर चौधरी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर दिया है।

## चैंपियंस ट्रॉफी: लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में आज होगा सार्वजनिक उद्घाटन

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने घोषणा की है कि वह शुक्रवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम का सार्वजनिक उद्घाटन करेगा, जो 8 फरवरी को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच त्रिकोणीय श्रृंखला शुरू होने से ठीक एक दिन पहले होगा, जिसमें तीसरी टीम के रूप में दक्षिण अफ्रीका शामिल है। गुरुवार को एक बयान में, पीसीबी ने कहा कि स्थल पर नवीनीकरण और उन्नयन कार्य 117 दिनों के रिकॉर्ड समय में पूरा हो गया है और अब यह महत्वपूर्ण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सहित सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी के लिए तैयार है। नए रूप वाले स्टेडियम में अब चमकदार एलईडी लाइटें, दो नई बड़ी स्कोर स्क्रीन और सभी बाड़ों में आरामदायक आयातित सीटें हैं, जो प्रशंसकों के लिए एक अद्वितीय देखने का अनुभव सुनिश्चित करती हैं।

## 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट 10 फरवरी से

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल आमंत्रण हॉकी टूनार्मेंट का आयोजन 10 से 17 फरवरी, 2025 तक किया जाएगा। इसमें दिल्ली यूनिवर्सिटी की टॉप टीमें पुरुष और महिला वर्ग में शिरकत करेंगी। मेजबान श्याम लाल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर रबि नारायण कर के अनुसार मुख्य अतिथि प्रोफेसर बालाराम पाणि, डीन ऑफ कॉलेजेस, दिल्ली यूनिवर्सिटी और पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद टूनार्मेंट का उद्घाटन 10 फरवरी, सोमवार को सुबह 10.00 बजे श्याम लाल कॉलेज, शाहदरा के मैदान पर करेंगे। इस अवसर पर कॉलेज की चेयरपर्सन डॉ सविता गुप्ता भी मौजूद रहेंगी। खेल समिति के संयोजक वी एस जग्गी ने बताया कि पुरुष वर्ग में दस टीमें तथा महिला वर्ग में छह टीमें लीग और नॉकआउट आधार पर खेलेंगी। शीर्ष पर रहने वाली दो टीमों के बीच फाइनल खेला जाएगा। प्रत्येक मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का इनाम भी दिया जायेगा।

## हम यहां कड़ी प्रतिस्पर्धा करने आए हैं, इससे पीछे नहीं हटेंगे: जायंट्स के कोच क्लिंगर




**अहमदाबाद(आईएएनएस)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 2025 सीजन से पहले, गुजरात जायंट्स के मुख्य कोच माइकल क्लिंगर ने कहा कि टीम वास्तव में अच्छी प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार है और इस साल प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने का लक्ष्य रखती है। टीम ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर को अपना कप्तान घोषित किया। क्लिंगर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, सभी खिलाड़ी वास्तव में उत्साहित हैं। विदेशी खिलाड़ी अगले एक या दो दिन में आना शुरू हो जाएंगे और फिर हम सभी एक साथ काम करना शुरू कर सकते हैं। हम निश्चित रूप से कड़ी प्रतिस्पर्धा करने आए हैं। हम कुछ बेहतरीन क्रिकेट खेलने के लिए उत्सुक हैं और उम्मीद है कि फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। हम इससे पीछे नहीं हटेंगे, यही इस सीजन का हमारा लक्ष्य होगा।" उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमारे पास कुछ खिलाड़ियों को शामिल करने के मामले में ऐसा करने के लिए टीम है, लेकिन एक बात जिस पर मुझे वास्तव में गर्व है, वह यह है कि पिछले डब्ल्यूपीएल सीजन से ही हमारे छह खिलाड़ी ए टीम में खेल रहे हैं और उनमें से कुछ पहली बार सीनियर टीम में खेल रहे हैं। इसलिए, शीर्ष स्तर के क्रिकेट और अन्य फ्रेंचाइज क्रिकेट के साथ-साथ उन अनुभवों के साथ। यह हमारे लिए अच्छा रहेगा।

## कमिंस, हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया की टीम से बाहर

**मेलबर्न(आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि कप्तान पैट कमिंस और साथी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड आगामी चैंपियंस ट्रॉफी और श्रीलंका के खिलाफ होने वाले दो वनडे मैचों के लिए टीम से बाहर हो गए हैं। कमिंस बाएं टखने के दर्द से उबर नहीं पाए हैं, जो उन्हें भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के अंत में हुआ था, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से जीत दिलाई थी। दूसरी ओर, हेजलवुड को अपनी पिछली चोटों - साइड स्ट्रेन और पिंडली की समस्या से उबरने के बाद कूल्हे की समस्या हो गई है। राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने एक बयान में कहा, दुर्भाग्य से पैट, जोश और मिच कुछ चोटों से जूझ रहे हैं और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए समय पर नहीं आ पाए हैं। हालांकि यह निराशाजनक है, लेकिन यह अन्य खिलाड़ियों के लिए विश्व प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रदर्शन करने का एक शानदार अवसर प्रस्तुत करता है।"

# शुभमन गिल के 87 रन, भारत ने चार विकेट से जीता नागपुर वनडे




**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने नागपुर के मैदान पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लैंड को पहले वनडे में 4 विकेट से हरा दिया। पहले खेलने उतरी इंग्लैंड ने बेन डकेट और फिलिप सॉल्ट की बदौलत अच्छी शुरूआत की थी लेकिन हर्षित राणा और रविंद्र जडेजा ने 3-3 विकेट लेकर इंग्लैंड को 235 रन तक रोक दिया। इस दौरान जोस बटलर और जैकब बेथेल ने भी अर्धशतक लगाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को खराब शुरूआत से श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल ने उभारा। शुभमन शतक से चूक गए। जबकि श्रेयस और अक्षर पटेल ने अर्धशतक लगाए। अंत में हार्दिक पांड्या और रविंद्र जडेजा ने बड़ी हिट लगाकर टीम इंडिया को जीत दिला दी।

**इंग्लैंड : 248 (47.4 ओवर)**

इंग्लैंड ने पहला विकेट फिल साल्ट का गंवाया जो 43 रन पर श्रेयर अय्यर और केएल राहुल की बदौलत रन आउट हुए। बेन डकेट और हैरी ब्रूक को हर्षित राणा ने पवेलियन का रास्ता दिखाया। डकेट ने 29 गेंदों पर 32 रन की पारी खेली जबकि ब्रूक खाता खोलने में नाकाम रहे। जो रूट 19 रन पर जडेजा का शिकार बने और एलबीडब्ल्यू हुए। बटलर 52 रन की शानदार पारी खेलकर अक्षर की गेंद पर पांड्या के हाथों कैच आउट हुए। हर्षित ने अपना तीसरा विकेट लियाम लिविंगस्टोन का लिया जो 5 रन पर अभी मैदान पर पैर जमाने की कोशिश में थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पहला विकेट लेते हुए ब्रायडन कार्से को 10 रन पर बोल्ड किया।

**भारत : 251/6 (38.4 ओवर)**

लक्ष्य प्राप्ति के लिए मैदान में उतरी भारतीय टीम ने खराब शुरूआत के बाद श्रेयर अय्यर और शुभमन गिल के अर्धशतक की बदौलत 2 विकेट खोकर 26 ओवरों में 170 रन बना लिए हैं। रोहित शर्मा का खराब फॉर्म जारी है जो मात्र 2 रन बना पाए। वहीं ओपनर यशस्वी जायसवाल 15 रन ही बना सके। श्रेयस अय्यर ने 36 गेंदों पर 59 रनों का योगदान दिया। इसके बाद आए अक्षर पटेल ने भी शानदार खेल दिखाया और आदिल राशिद की गेंद पर बोल्ड होने से पहले 52 रन बनाए। क्रीज पर आए केएल राहुल कुछ खास नहीं कर पाए और दो रन बनाकर ही आऊट हो गए। थोड़ी देर बाद ही शुभमन गिल भी 87 रन बनाकर आऊट हो गए। वह अपना शतक पूरा नहीं कर पाए। इसके बाद हार्दिक पांड्या के साथ रविंद्र जडेजा ने टीम इंडिया को जीत दिला दी।

## धोनी के रांची स्थित घर का नंबर हुआ सात, बना सेल्फी प्वाइंट




**रांची(आईएएनएस)।** रांची के राजकुमार और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का लकी नंबर 7 रहा है, इसलिए धोनी ने 7 नंबर की जर्सी पहनी। धोनी के संन्यास के बाद बीसीसीआई ने दिसंबर 2023 में नंबर 7 जर्सी को भी रिटायर कर दिया। कोई भी भारतीय क्रिकेटर अब 7 नंबर की जर्सी नहीं पहन सकता। अब धोनी ने अपने हरमू स्थित घर को भी 7 नंबर दे दिया है। पूरे आवासीय परिसर में उनके द्वारा खेले गए शाट और विकेटकीपिंग की आकृति लगाई गई है। धोनी का घर अब उनके फैंस के लिए सेल्फी प्वाइंट बन गया है। गौरतलब है कि धोनी को घर बनाने के लिए झारखंड सरकार ने झारखंड राज्य आवास बोर्ड से 2009 में जमीन दी थी। इस प्लॉट के ठीक पीछे एक और प्लॉट खरीदकर धोनी ने रांची में बड़े अरमानों से अपना पहला सपनों का घर बनाया था। जिसका नाम शौर्य दिया है। हालांकि, धोनी अब राजधानी रांची के सिमलिया में आलीशान फार्म हाउस में रहते हैं। धोनी का जन्म सात जुलाई को हुआ था। जुलाई साल का सातवां महीना भी है। धोनी ने अपने इंटरनेशनल और आईपीएल करियर के दौरान नंबर-7 की जर्सी पहनी है। रांची में धोनी का एक आलीशान फार्म हाउस 'कैलाशपति' भी है। धोनी का रांची वाला फार्म हाउस सात एकड़ में फैला है। धोनी के इस फार्म हाउस में स्वीमिंग पूल से लेकर इंडोर स्टेडियम और जिम जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। बता दें कि धोनी मौजूदा समय में परिवार के साथ यहीं रहते हैं। धोनी का यह फार्म हाउस इतना खूबसूरत हैं कि कोई भी इससे इंप्रेस हुए बिना नहीं रह सकता है। यह फार्म हाउस धोनी के हरमू रोड पर बने पहले घर से केवल 20 मिनट की ड्राइव पर है। इससे पहले धोनी ने अपना बचपन मैकोन कॉलोनी में छोटे-छोटे कमरों में गुजारा है। धोनी, अक्सर अपना खाली वक्त इसी फार्म हाउस में बिताते हैं।

## रवींद्र जडेजा 600 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले पांचवें भारतीय बने

**नागपुर(आईएएनएस)।** बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा गुरुवार को तीनों प्रारूपों में 600 अंतरराष्ट्रीय विकेट तक पहुंचने वाले केवल पांचवें भारतीय गेंदबाज बन गए। ऑलराउंडर ने नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ गुरूवार को पहले वनडे में यह उपलब्धि हासिल की। जडेजा ने मैच में अपना तीसरा विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की, उन्होंने नौ ओवर में 3-26 के आंकड़े के साथ इंग्लैंड को 47.4 ओवर में 248 रन पर समेट दिया। जडेजा अब भारतीय गेंदबाजों के एक एलीट क्लब का हिस्सा हैं, जिन्होंने 600 विकेट का आंकड़ा पार कर लिया है, जो अनिल कुंबले (953), रविचंद्रन अश्विन (765), हरभजन सिंह (707) और कपिल देव (687) के सम्मानित रैंक में शामिल हो गए हैं। जडेजा ने 15वें ओवर में आक्रमण में आने के तुरंत बाद सतह से तेज टर्न लेते हुए प्रभाव डाला। जडेजा से पहले अक्षर पटेल ने गेंदबाजी की, लेकिन वनडे सीरीज के पहले मैच में बाएं हाथ के स्पिनरों की जंग में जडेजा का अनुभव निर्णायक साबित हुआ। जडेजा ने मैच का अपना पहला विकेट जो रूट को तेज गेंद पर एलबीडब्लू आउट करके हासिल किया। इसके बाद उन्होंने जैकब बेथेल को आउट करके अहम सफलता हासिल की, जिन्होंने 51 रन बनाए थे। उनका आखिरी विकेट आदिल राशिद को क्लीन बोल्ड करके आया, जिससे उनका स्पैल शानदार रहा। 2009 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से जडेजा तीनों प्रारूपों में भारत के पसंदीदा खिलाड़ी रहे हैं। गेंदबाज, बल्लेबाज और क्षेत्ररक्षक के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा ने उन्हें पिछले कुछ वर्षों में एक सच्चा मैच विजेता बना दिया है। सभी प्रारूपों में उनके आंकड़े उनकी हरफनमौला प्रतिभा के बारे में बहुत कुछ बताते हैं। टेस्ट में जडेजा ने 3,370 रन के साथ 323 विकेट लिए हैं। वनडे में उन्होंने 198 मैचों में 223 विकेट लिए हैं।




## पूर्व रियल मैड्रिड और ब्राजील के डिफेंडर मासेलो ने संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** पूर्व रियल मैड्रिड और ब्राजील के डिफेंडर मासेलो ने 36 साल की उम्र में फुटबॉल से आधिकारिक तौर पर संन्यास की घोषणा की है। मासेलो ने 2007 से 2022 तक रियल मैड्रिड का प्रतिनिधित्व किया, 25 ट्रॉफियों के प्रभावशाली संग्रह के साथ स्पेनिश क्लब से विदा ली।

## वरुण चक्रवर्ती आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए नामांकित




**दुबई (आईएएनएस)।** भारत के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को नए साल में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद जनवरी 2025 के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए नामांकित किया गया है। चक्रवर्ती दो अन्य स्पिनरों - वेस्टइंडीज के जोमेल वारिकन और पाकिस्तान के नोमान अली - के साथ प्रतिष्ठित मासिक सम्मान हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। अक्टूबर 2024 में भारत के रंग में लौटने के बाद से भारतीय गेंदबाज ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी, जनवरी में घर पर इंग्लैंड के खिलाफ चार टी20 मैचों में हिस्सा लिया। उनकी गेंदबाजी शुरू से ही घातक थी, अंग्रेजी बल्लेबाजों को उनकी स्पिन को समझने में संघर्ष करना पड़ा। ईडन गार्डन्स में पहले मैच में, चक्रवर्ती ने 3-23 के आंकड़े से प्रभावित किया, जिससे उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। चेन्नई में, उन्होंने 38 रन दिए लेकिन हैरी ब्रुक और जेमी ओवरटन के महत्वपूर्ण विकेट लिए। राजकोट में तीसरे टी20 मैच में उन्होंने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी का परिचय दिया और इंग्लिश बल्लेबाजों को चकमा देते हुए मात्र 24 रन देकर पांच विकेट चटकाए। पुणे में चौथे टी20 मैच में उन्होंने दो और विकेट चटकाए। कुल मिलाकर चक्रवर्ती ने 9.41 की औसत और 7.01 की असाधारण इकॉनमी रेट से 12 विकेट चटकाए। जोमेल वारिकन ने पाकिस्तान में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।



## जनवरी में कारों की बिक्री 15.5 प्रतिशत बढ़कर 4.66 लाख यूनिट्स रही

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत में गाड़ियों की बिक्री जनवरी में 15.53 प्रतिशत बढ़कर 4,65,920 यूनिट्स हो गई है। यह जानकारी फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) द्वारा गुरुवार को दी गई। एफएडीए के अध्यक्ष सीएस विग्नेश्वर ने कहा, पीवी (यात्री-वाहन) की बिक्री में जोरदार वृद्धि हुई है। हालांकि, इसमें से कुछ बढ़ोतरी 2025 मॉडल वर्ष के लाभ के लिए जनवरी में पंजीकृत दिसंबर की खरीदारी से हुई है। उन्होंने आगे कहा, इन्वेंट्री स्तर में सुधार हुआ है, जो लगभग पांच दिन घटकर 50-55 दिनों पर आ गया है, जो आपूर्ति-मांग संतुलन में सुधार का संकेत देता है। कई डीलरों ने मांग में सुधार देखा है। पिछले वर्ष दिए गए अधिक डिस्काउंट ने पुराने मॉडल को समाप्त करने में मदद मिली है। एफएडीए की रिपोर्ट में कई सकारात्मक संकेतों के बारे में बताया गया है, जिसने गाड़ियों की बिक्री बढ़ाने में मदद की है। इसमें शादियों का सीजन और प्रमोशन शामिल है। साथ ही उम्मीद जताई गई शादियों के सीजन के कारण मांग बढ़ सकती है। इसके अलावा बताया गया कि बजट 2025-26 में आयकर छूट की सीमा को 12.75 लाख रुपये तक किए जाने के कारण करीब एक करोड़ लोगों के हाथ में अधिक पैसा बचेगा। इससे वाहनों की मांग को बढ़ावा मिलेगा। नए मॉडल लॉन्च, चल रहे शादी सीजन की मांग और बढ़े हुए फाइनेंस विकल्पों के कारण दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 4.15 प्रतिशत बढ़कर 15,25,862 इकाई हो गई है, जिससे खरीदारी को बढ़ावा मिल रहा है।

## एसबीआई का मुनाफा तीसरी तिमाही में 84 प्रतिशत तक बढ़ा

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने गुरुवार को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजों का ऐलान किया है। देश के सबसे बड़े बैंक का मुनाफा अक्टूबर-दिसंबर अवधि में सालाना आधार पर 84 प्रतिशत बढ़कर 16,891 करोड़ रुपये हो गया है। बैंक ने पिछले साल समान अवधि में 9,164 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। दिसंबर तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) सालाना आधार पर 4 प्रतिशत बढ़कर 41,445.5 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 39,816 करोड़ रुपये थी। बैंक का कर्मचारियों पर खर्च 17 प्रतिशत गिरकर 16,074 करोड़ रुपये हो गया है। एसबीआई के घरेलू लोन में सालाना आधार पर 14.06 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### वैश्विक स्तर पर चैटजीपीटी हुआ डाउन

# यूजर्स को लॉगइन करने में हो रही परेशानी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** दुनिया में सबसे अधिक चर्चित चैटबॉट ओपनएआई का चैटजीपीटी वैश्विक स्तर पर डाउन हो गया है। यूजर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे एक्स पर शिकायत की है कि चैटजीपीटी काम नहीं कर रहा है। चैटजीपीटी को लेकर यूजर्स अलग-अलग देशों से शिकायत दर्ज करा रहे हैं और ऐसा लगता है कि करीब पूरी दुनिया में यूजर्स को चैटजीपीटी का इस्तेमाल करने में समस्या आ रही है। जानकारी के मुताबिक, ऐप किसी भी कमांड का जवाब नहीं दे रहा है और कुछ यूजर्स को लॉगइन करने में भी समस्या आ रही है। वहीं, कुछ यूजर्स द्वारा चैट रिक्वेस्ट भेजने पर ओपनएआई का चैटबॉट इंटरनल सर्वर एरर दिखा रहा है। ऑनलाइन आउटेज ट्रैक करने वाले प्लेटफॉर्म डाउनडिटेक्टर के अनुसार, इससे हजारों यूजर्स प्रभावित हुए हैं। हालांकि, ओपनएआई ने अभी तक आउटेज के कारण या इसके दायरे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। डाउनडिटेक्टर पर पिछले 24 घंटों में चैटजीपीटी आउटेज के ग्राफ में उछाल आया और जैसे-जैसे अधिक लोग इस समस्या की रिपोर्ट कर रहे हैं, यह ग्राफ बढ़ता जा रहा है। डाउनडिटेक्टर पर कोई भी अपनी समस्या रिपोर्ट कर सकता है, लेकिन जब भी किसी विशेष ऐप या वेबसाइट पर यूजर्स को समस्याओं का सामना करना पड़ता है तो शिकायतों के आधार पर तैयार ग्राफ तेजी से बढ़ता है।

**यूजर्स ने सोशल मीडिया पर इसे लेकर अपनी नाराजगी भी व्यक्त की।**

**एक यूजर** ने लिखा कि चैटजीपीटी करीब 20 मिनट से जवाब नहीं दे रहा है। मुझे 2015 की तरह महसूस हो रहा है, जब गूगल सर्च कई घंटों के लिए ऑफलाइन हो जाता था।

**एक अन्य यूजर** ने लिखा कि चैटजीपीटी डाउन हो गया है और कोई भी चैट रिक्वेस्ट भेजने पर इंटरनल सर्वर एरर लिखा आ रहा है।

चैटजीपीटी की यह पहली आउटेज नहीं है। इससे पहले 23 जनवरी को यूजर्स चैटजीपीटी के वेब और ऐप को पूरी दुनिया में एक्सेस नहीं कर पा रहे थे। इस दौरान डाउनडिटेक्टर पर हजार से भी ज्यादा शिकायतें रिपोर्ट की गई थीं।

पिछले वर्ष क्रिसमस के एक दिन बाद भी ओपनएआई का चैटबॉट काम नहीं कर रहा था। इस दौरान कई यूजर्स ने शिकायत की थी कि चैटजीपीटी काम नहीं कर रहा है।

## चीनी डीपसीक एआई को ब्लॉक करने की हम बना रहे योजना : दक्षिण कोरिया

**सोल (आईएएनएस)।** दक्षिण कोरिया के वित्त मंत्रालय ने चीनी एआई सेवा डीपसीक को ब्लॉक करने की योजना बनाई है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, प्रतिबंध लगाने की योजना इसलिए बनाई गई है क्योंकि इससे अधिकारियों के बीच डेटा संग्रह लीक होने की चिंता बढ़ी है। अधिकारी ने कहा, देश और विदेश से डीपसीक के बारे में उठाई गई अनेक तकनीकी चिंताओं के कारण, हम बाहरी नेटवर्क से जुड़े पीसी पर इस सेवा तक पहुंच को अवरुद्ध करने की योजना बना रहे हैं। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह निर्णय डीपसीक तक पहुंच को सीमित करने की व्यापक पहल का हिस्सा है, ताकि जनरेटिव एआई सेवाओं के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी के संभावित लीक को रोका जा सके। बुधवार को दक्षिण कोरिया के विदेश, व्यापार और रक्षा मंत्रालयों के कंप्यूटरों पर इस सेवा तक पहुंच प्रतिबंधित कर दी गई। एकीकरण मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि मंत्रालय एआई सेवाओं (जाहिर तौर पर डीपसीक) तक पहुंच को अवरुद्ध करने की भी योजना बना रहा है।

## मौद्रिक नीति से पहले लाल निशान में बंद हुआ शेयर

**मुंबई।** आरबीआई की मौद्रिक नीति से पहले भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में नुकसान के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतरफा गिरावट देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 213 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 78,058 और निफ्टी 92 अंक या 0.39 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,603 पर था। लार्जकैप के अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में अधिक गिरावट हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 680 अंक या 1.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53,500 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 51 अंक या 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,056 पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से मौद्रिक नीति का ऐलान 7 फरवरी को किया जाएगा।

### अदाणी ग्रीन पर क्रिसिल 'पॉजिटिव', कहा

# फाइनेंशियल रिस्क प्रोफाइल मजबूत

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भविष्य में मजबूत आय की संभावना के चलते रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अदाणी ग्रीन रिस्ट्रिक्टेड ग्रुप 1 (आरजी) की दीर्घकालिक बैंक सुविधाओं और गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर पर अपने आउटलुक को 'स्टेबल' से 'पॉजिटिव' कर दिया है और रेटिंग को 'क्रिसिल एए+' पर बरकरार रखा है। 'एजीईएल आरजी1' में तीन स्पेशल परपस व्हीकल (एसपीवी) शामिल हैं, जिसमें अदानी ग्रीन एनर्जी यूपी लिमिटेड, प्रयत्न डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और परमपूज्य सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड हैं, जिन्हें अब 'एजीईएल आरजी1' के नाम से जाना जाता है। क्रिसिल के नोट में बताया गया कि समूह पर आउटलुक संशोधन वास्तविक जनरेशन के पी90 स्तरों से लगातार बेहतर होने और 500 मिलियन डॉलर के बांड के समय पर रिफाइनेंसिंग को दशार्ता है। क्रिसिल ने आगे कहा, वित्तीय वर्ष 2024 और कैलेंडर वर्ष 2024 में अदाणी ग्रीन रेस्ट्रिक्टेड ग्रुप 1 का प्लांट लोड फैक्टर पी90 से बेहतर था, जिससे आगे भी बेहतर प्रदर्शन और आसानी से डेट सर्विसिंग की उम्मीद है।

# भारत सरकार की विदेश नीति असफल : सुप्रियो भट्टाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कॉफ्रेंस में कहा कि बुधवार का दिन देश के लिए शर्मनाक रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूरे विश्व को संदेश दिया था जो असामान्य है। खासकर उन देशों के लिए जहां के लोग अमेरिका में रहकर उनकी कृषि से लेकर औद्योगिक उत्पादन, कंज्यूमर मैन्युफैकचरिंग से लेकर ट्रांसपोर्ट में सेवा दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद देश में एनडीए की सरकार बनी और नरेंद्र मोदी की नीतियां आईं, जिससे देश में रोजगार समाप्त हो गए। रोजगार की तलाश में किसी तरह जुगाड़ लगाकर, अपने खेत बेचकर लोग कई देशों में जाने लगे, जिसमें अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और खाड़ी के देश प्रमुख हैं। भारतीय संसद में विदेश मंत्रालय ने जो आंकड़े दिए हैं वे चौंकाने वाले हैं। 2014 से लेकर 2024 तक 50,000 लोगों ने भारतीय नागरिकता को त्यागकर दूसरे देशों की नागरिकता ली है। मोदी जी के कार्यकाल में ही देश के आर्थिक अपराधी चाहे वह विजय माल्या हो, नीरव मोदी, ललित मोदी, चाहे मेहुल चौकसी हो, ये सभी देश से बाहर भाग गए और भारत सरकार मूक दर्शक बनी रही। नेहरू जी के समय में बनी पंचशील की नीति को ताक में रखकर विदेश नीति को इवेंट बनाकर रख दिया गया। दो साल पहले अचानक से रूस और यूक्रेन देशों के बीच युद्ध शुरू हो गई थी। यूएनओ के हस्तक्षेप के बाद वहां पढ़ाई करने वाले छात्रों और अन्य को निकलने के लिए सेफ पैसेज बनाया, कुछ समय के लिए युद्ध रोक दिया गया ताकि लोग निकल सके। भारतीयों के सकुशल वापसी पर प्रधानमंत्री ने खूब तारीफें बटोरी।



कैदियों की तरह अमेरिका ने 103 लोगों को भारत भेजा गया

2014 से लेकर 2024 तक 50,000 लोगों ने भारतीय नागरिकता को त्यागा

अब देश को शर्मसार करने वाली घटना घटी है तो प्रधानमंत्री और भाजपा क्यों चुप है। जब मोदी जी डुबकी लगा रहे थे तो अमेरिका का विमान अमृतसर के अतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। हाथों- पैरों में बेड़ियों से जकड़कर दुर्दांत कैदियों की तरह 103 हमारे लोगों को अमेरिका ने भेज दिया। क्या यह मानवाधिकार का उल्लंघन नहीं है। अमेरिका जो बोलेगा क्या हम मान लेंगे। सात दिन के बाद भारत के प्रधानमंत्री को अमेरिका ने बुलाया है। कहां गए वे भाजपा के नेता जो रूपया को डॉलर से मुकाबले करने की बात कह रहे थे। गुजरात मॉडल की बात करते हैं 33 लोग गुजरात के थे। राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने पूछा कि झारखंड के कितने लोग अवैध प्रवासी थे तो उन्होंने कहा कि इसका जवाब भारत सरकार का विदेश मंत्रालय देगा। आगे उन्होंने कहा कि कोरोना के समय हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड से बाहर दूसरे प्रदेशों में गये अपने राज्यवासियों को विमान से झारखंड सकुशल वापस लाया था, राज्य सरकार कितनी संवेदना और मानवता का परिचय दी थी। भारत के प्रधानमंत्री को झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सीख लेनी चाहिए। अंत में उन्होंने कहा कि भाजपा से मुझे कुछ उम्मीद नहीं मगर सेना के सुपरिटेंडेंट और भारत के राष्ट्रपति से निवेदन किया है कि उन्हें भारत सरकार से पूछना चाहिए कि देश को इतना कायरतापूर्ण दिन क्यों देखना पड़ा जिससे पूरा देश शर्मसार हुआ है। भारत सरकार की विदेश नीति असफल क्यों हुई।

केंद्र सरकार से वार्ता का दौर जारी

## कोयला खदानों को बंद करने की समय घोषित नहीं : सुप्रियो भट्टाचार्य

**मनोज मिश्रा**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के 53 वें स्थापना दिवस के अवसर पर धनबाद के रणधीर वर्मा स्टेडियम गोल्फ ग्राउंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के खनिज संपदा से पूरा देश रौशन होता है और उसी झारखंड के लोगों की हालत भूखे मरने की है। उन्होंने केंद्र सरकार से कोयला रॉयल्टी की बकाया राशि एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए नहीं देने पर कोयले खदानों को बंद करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि हमारा अधिकार हमें नहीं मिलेगा तो झारखंड की कोयला खदानें बंद कर दी जाएगी। इस पर राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य से पूछा कि कोयला खदानें कब से बंद की जा रही है। इस पर श्री भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र सरकार से वार्ता का दौर जारी है। कोयला खदानों को बंद करने की समय घोषित नहीं की गई है।

## चार दिन से लापता युवक का शव धुर्वा डैम से बरामद



**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र के धुर्वा डैम से गुरुवार शाम पांच बजे एक व्यक्ति का शव नगड़ी पुलिस ने बरामद किया। मृतक 48 वर्षीय श्रवण कुमार चौरसिया रांची के हरमू रोड किशोरगंज का निवासी था। शाम में धुर्वा डैम पर घूमने गए लोगों की नजर शव पर पड़ी और इसकी सूचना नगड़ी थाने को दी। सूचना मिलते ही पहुंची नगड़ी पुलिस ने शव को स्थानीय लोगों की मदद से पानी से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। ज्ञात हो कि श्रवण दो फरवरी की शाम से लापता था उस दिन शाम 5:45 बजे उनका परिजनों से फोन पर अंतिम बार बात हुई थी। तीन फरवरी की सुबह उसकी स्कूटी, मोबाइल और चप्पल धुर्वा डैम के फाटक के पास में लावारिस हालत में मिली थी। वहीं दो दिन पहले एनडीआरएफ की टीम भी धुर्वा डैम में उतरी थी। दिन भर तलाश करने के बाद भी एनडीआरएफ टीम को शव नहीं मिला था। चार दिन बाद शव अपने आप पानी में ऊपर आ गया।

अनगड़ा और नामकुम प्रखंड संयोजक मंडली का हुआ गठन

## पार्टी को पंचायत स्तर तक करें मजबूत : मुस्ताक आलम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली की बैठक संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता व सिल्ली विधायक अमित महतो उपस्थित थे। बैठक में अनगड़ा स्थित डाकबंगला और नामकुम स्थित कोलकाता बैंक्वेट हॉल में हुई। बैठक मे संयोजक मंडली द्वारा सर्वसम्मति से अनगड़ा प्रखंड के लिए 25 सदस्यीय संयोजक मंडली और नामकुम प्रखंड के लिए 20 सदस्यीय संयोजक मंडली का गठन किया गया।

मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि झामुमो के सांगठनिक प्रक्रिया के तहत रांची जिला संयोजक मंडली के प्रखंड दौरा सह सदस्यता अभियान चल रहा है। इसी क्रम में अनगड़ा और नामकुम प्रखंड में बैठक कर प्रखंड संयोजक मंडली का गठन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी से जुड़ने वाले सभी नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत है। पार्टी के चल रहे सदस्यता अभियान में हमें रांची जिला की उपस्थिति को मजबूत करना है।

इस बैठक मे मुख्य रूप से संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, नयनतारा उरांव, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा और मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, बीरू साहू, सबिबुल रहमान, महावीर विश्वकर्मा, आदिल इमाम, मंटू लाला, सुजीत कुजूर, विलयम रिचर्ड लकड़ा, रमेश साहू, कांके प्रखंड संयोजक प्रमुख जावेद अख्तर अंसारी, राजेश सिंह, शांति तिर्की, विजय आनंद नायक, महादेव मुंडा, बंशीधर महतो, मुस्लिम अंसारी, हरीश महतो एवं राजकुमारी टोपनो एवं अन्य शामिल हुए।

भाजपा का हेमंत सरकार पर हमला, कहा

## डीजीपी नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डीजीपी अनुराग गुप्ता के समर्थन में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) द्वारा दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि झामुमो के प्रवक्ता ने अपनी प्रेस वार्ता में मूल मुद्दों पर जवाब देने के बजाय केवल बाबूलाल मरांडी पर व्यक्तिगत कटाक्ष किए। इससे यह स्पष्ट होता है कि झामुमो भी इस सच्चाई को स्वीकार कर चुका है कि अनुराग गुप्ता की झारखंड के डीजीपी के रूप में नियुक्ति पूरी तरह असंवैधानिक है।



अजय साह ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया में यूपीएससी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि यह एक संवैधानिक संस्था है और सुप्रीम कोर्ट ने इसे डीजीपी चयन प्रक्रिया के लिए अधिकृत किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यूपीएससी के सदस्य को चयन पैनल में शामिल किए बिना डीजीपी की नियुक्ति करना संविधान का सीधा उल्लंघन है। प्रकाश सिंह केस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि डीजीपी की नियुक्ति केवल यूपीएससी पैनल की सिफारिशों के आधार पर ही होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस संवैधानिक उल्लंघन को छिपाने के लिए गोल-मोल बातें कर रही है, जबकि यह एक गंभीर मामला है और इस पर पारदर्शी जवाब दिया जाना चाहिए।

अजय साह ने आगे कहा कि डीजीपी पद पर नियुक्ति के लिए सेवा विस्तार या सेवानिवृत्ति आयु को बढ़ाने की पूरी शक्ति केंद्र सरकार के पास होती है। हालांकि, खटट प्रवक्ता ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे केवल तथ्यों को तोड़-मरोड़कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

श्री साह ने आगे बताया कि भाजपा शासित मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड में हाल ही में डीजीपी की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों के अनुरूप यूपीएससी पैनल के माध्यम से की गई है। जेएमएम प्रवक्ता को उत्तर प्रदेश का ठीक से अध्यन करना चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने नियमविरुद जाकर डीजीपी की ऐसी कोई भी नियुक्ति नहीं की है।

अजय साह ने हेमंत सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि झारखंड सरकार लगातार संवैधानिक प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि हेमंत सरकार खुद को संविधान और सर्वोच्च न्यायालय से ऊपर मान रही है और अपने फैसलों में कानूनी प्रक्रियाओं को पूरी तरह दरकिनार कर रही है।

## झारखंड के हज यात्रियों को 18 तक जमा करने होंगे पासपोर्ट



**रांची।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने झारखंड के हज यात्रियों को पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। सभी चयनित आजमीने हज को मूल पासपोर्ट झारखंड राज्य हज समिति के कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया है। पासपोर्ट जमा करने की आखिरी तारीख 18 फरवरी 2025 है। इसके अलावा, यह भी निर्देश दिया गया है कि जमा किए जाने वाले पासपोर्ट की वैधता की जांच की जाएगी। पासपोर्ट की वैधता की जांच में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पासपोर्ट किसी प्रकार से फटा/कटा या पृष्ठ ढीले न हों, किसी प्रकार के पानी व अन्य धब्बे न हों, तथा कम से कम एक साथ दो पृष्ठ खाली हों।

## पृष्ठ एक के शेष

**जवान ने कैंप से चुराए गए एके-47...**

के लिए दिए थे। इसी बीच बुधराम के भाई की एक्सीडेंट में मौत हो गई। उसके बाद जब भी सेना का जवान अपनी जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए बुधराम के पास जाता तो वह टालमटोल करता। इसी बीच एक बार फिर से बुधराम ने सेना के जवान से 2 लाख लिया और कहा कि इस बार वह उसकी जमीन रजिस्ट्री कर देगा। लेकिन दोबारा पैसे लेने के बाद भी उसने आर्मी जवान के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री नहीं की इसके बाद जवान ने उसकी हत्या की प्लानिंग की और अपने एक साथी जवान का एक-47 राइफल चोरी कर उसे अपने एक दोस्त के जरिए रांची मंगवाया और उसी राइफल से बुधराम को मार डाला। वहीं इस वारदात में मारे गए मनोज की हत्या आर्मी जवान नहीं करना चाहता था, लेकिन वह बुधराम को मारने के दौरान बीच बचाव में आ गया जिसकी वजह से उसकी भी हत्या करनी हो गई। पुलिस के अनुसार मनोरंजन ने बैरक से राइफल चुराया, लेकिन किसके रायफल को चुराया ये चुराते वक्त उसे नहीं मालूम था। हालांकि सेना में चोरी की खबर फैलने के बाद पता चला रायफल सेना के जवान नायक राकेश कुमार की है।

**सांसद विष्णु दयाल राम ने...**

की उदासीनता के कारण निर्माण कार्य बाधित हो गया। 4 अक्टूबर 2023 को केंद्रीय कैबिनेट ने परियोजना के लिए संशोधित लागत राशि को स्वीकृति दी थी, लेकिन राज्य सरकार द्वारा राशि वितरण की प्रक्रिया तय न करने के कारण अब तक मुआवजे की राशि जारी नहीं की गई है। जल शक्ति मंत्री ने आश्वासन दिया कि जैसे ही राज्य सरकार राशि वितरण की प्रक्रिया सूचित करेगी, केंद्र सरकार तुरंत राशि भेज देगी। उन्होंने बताया कि परियोजना की निगरानी के लिए एक अधिकार प्राप्त समिति और एक तकनीकी मूल्यांकन समिति गठित की गई है, ताकि शेष कार्यों को जल्द पूरा किया जा सके। सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने यह जानकारी दी।

**तेज रफ्तार हाइवा ने...**

बाइक (जेएच 02एन-2916) से रामगढ़ से गोला की ओर जा रहे थे। इस बीच विपरीत दिशा से तेज गति से जा रही हाइवा ने बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया और दोनों को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। इससे घटना स्थल पर ही दोनों लोगों की मौत हो गयी। घटना इतना दर्दनाक था कि दोनों का सिर धड़ से अलग हो गया था। घटना के बाद यहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गयी। घटना के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना की सूचना मिलते ही चितरपुर सीओ दीपक मिंज, गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप, रजरप्पा थाना के प्रभारी थाना प्रभारी अशोक कुमार सदलबल घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस प्रशासन ने मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत लाभ देने के आश्वासन देने के बाद सड़क से जाम हटा। ततपश्चात पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेज दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद दोनों के परिजन घटनास्थल पहुंचे। क्षत विक्षत शव को देखकर दोनों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

**कांग्रेस से सबका साथ-सबका...**

सबकी साझा जिम्मेदारी है और भारत के लोगों ने हमें इसी के लिए चुना है। हालांकि, कांग्रेस से यह उम्मीद करना कि वह इस नारे को समझेगी और यह कैसे काम करता है, एक बड़ी भूल होगी। पूरी पार्टी सिर्फ. एक परिवार के लिए समर्पित है और इसलिए उनके लिए 'सबका साथ, सबका विकास' के आदर्श वाक्य के साथ काम करना असंभव है। उन्होंने कहा कि यहां पर 'सबका साथ, सबका विकास' पर बहुत कुछ कहा गया। 'सबका साथ, सबका विकास' तो हम सबका दायित्व है। इसलिए देश ने हम सबको यहां बैठने का अवसर दिया है। कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के मॉडल में परिवार को प्राथमिकता देना चिंता का विषय है। इसलिए उनकी नीतियां, कामकाज, भाषण - सभी इसी को सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहे हैं। मैं देश के प्रति आभारी हूं कि उन्होंने हमें तीसरी बार सेवा करने के लिए चुना। भारत के लोगों ने हमारी प्रगति की नीति को परखा है और हमें अपने वादों को पूरा करते हुए देखा है। हमने लगातार 'राष्ट्र प्रथम' के आदर्श के साथ काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस से 'सबका साथ, सबका विकास' की अपेक्षा करना बहुत बड़ी गलती होगी। ये उनकी सोच-समझ के बाहर है और उनके रोडमैप में भी ये शूट नहीं करता। क्योंकि जब इतना बड़ा दल, एक परिवार को समर्पित हो गया है, तो उसके लिए 'सबका साथ, सबका विकास' संभव ही नहीं है। कांग्रेस ने राजनीति का एक ऐसा मॉडल तैयार किया था, जिसमें झूठ, फरेब, भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण आदि का घालमेल था। कांग्रेस के मॉडल में 'फैमिली फर्स्ट' ही सर्वोपरि है। इसलिए, उनकी नीति-रीति, वाणी-वर्तन उस एक चीज को संभालने में ही खपता रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि भारत के संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो। हमने संतृप्ति का दृष्टिकोण अपनाया है। हमने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि योजनाएं बिना किसी गड़बड़ी के लाभार्थियों तक पहुंचे। पिछले दशक में हमने 'सबका साथ, सबका विकास' के आदर्श के साथ काम किया है और इसके परिणाम सामने आए हैं।

**अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों को...**

हम यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका की सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं कि निर्वासितों के साथ दुर्व्यवहार नहीं हो। हमारा ध्यान अवैध प्रवासियों से जुड़े 'उद्योग' के खिलाफ कड़ी कार्रवाई पर होना चाहिए।

**पति से अलग हो चुकी महिला को दूसरे...**

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्न और सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की और महिला के हक में फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह महिला का अधिकार है, और इसे किसी भी हालत में नकारा नहीं किया जा सकता। इस मामले की शुरूआत तब हुई, जब अपीलकर्ता महिला ने बिना अपने पहले पति से बिना औपचारिक तलाक लिए दूसरे पुरुष से शादी कर ली थी। यह बात ध्यान देने योग्य है कि महिला के दूसरे पति को उसकी पहली शादी के बारे में पूरी जानकारी थी। दोनों के बीच एक बच्चा भी हुआ, लेकिन बाद में दोनों के बीच कलह बढ़ गया और उनका रिश्ता टूट गया। अब महिला ने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा की मांग की थी, जिसे फैमिली कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था। लेकिन जब मामला हाईकोर्ट पहुंचा, तो अदालत ने फैमिली कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने यह तर्क दिया कि क्योंकि महिला की पहली शादी कानूनी तौर पर समाप्त नहीं हुई थी, इसलिए उसे दूसरे पति से गुजारा नहीं मिल सकता। यह मामला जब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि महिला के दूसरे पति को उसकी पहली शादी के बारे में पूरी जानकारी थी, और इस कारण से वह गुजारा देने से इनकार नहीं कर सकता। कोर्ट ने यह भी कहा कि परिवार कोर्ट ने साफतौर पर यह बताया था कि महिला के पहले पति के साथ एक समझौता हुआ था, जिसमें दोनों के बीच संबंध समाप्त हो गए थे। हालांकि, यह समझौता तलाक का कानूनी प्रमाण नहीं है, लेकिन यह यह साबित करता है कि दोनों के बीच कोई संबंध नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि महिला पहले पति से गुजारा नहीं मांग रही है, और यही कारण है कि वह दूसरे पति से गुजारा पाने की हकदार है। कोर्ट ने यह निर्णय दिया कि कानून की अनुपस्थिति में भी महिला की स्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, और उसे हक मिलना चाहिए। इस तरह सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करता है, और यह सुनिश्चित करता है कि महिलाएं कानूनी और सामाजिक रूप से सुरक्षित रहें, चाहे उनका रिश्ता किसी भी स्थिति में हो। कई कानूनविदों का कहना है कि यह फैसला समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है और उनके अधिकारों की रक्षा करता है।

## कोर्ट में वेलफेयर टिकट नदारद, जनता परेशान

**चतरा।** चतरा कोर्ट में पिछले चार दिनों से वेलफेयर टिकट न मिलने के कारण जनता परेशान हो गई है। इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित विद्यार्थी हैं, जो छात्रवृत्ति, जातीय और आवासीय प्रमाणपत्र बनवाने के लिए एफिडेविट करवाना चाहते हैं। इन दस्तावेजों के लिए वेलफेयर टिकट की आवश्यकता होती है, लेकिन टिकट न मिलने से प्रमाणपत्र बनवाने में परेशानी हो रही है। इसके अलावा, भूमि रजिस्ट्री कराने वाले भी संकट में हैं, क्योंकि यदि वेलफेयर टिकट नहीं मिलता, तो उनका एग्रीमेंट समाप्त हो सकता है और रजिस्ट्री नहीं हो पाएगी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश जायसवाल ने बताया कि वेलफेयर टिकट के लिए भुगतान एसबीआई मेन ब्रांच में किया गया था, लेकिन बैंक में शिथिलता बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि ट्रेजरी में भी प्रक्रिया लटकाई जा रही है। इस मुद्दे पर एसडीओ जहूर आलम से शिकायत की गई, जिन्होंने जल्द टिकट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। बार एसोसिएशन के सचिव मुरली मनोहर मिश्रा ने भी इस विषय में गंभीरता से चर्चा की और आरोप लगाया कि बैंक और ट्रेजरी की लापरवाही से न्यायिक और गैर न्यायिक कार्यों में रुकावट आ रही है।

## शिक्षक और अभिभावकों के बीच बैठक, लर्निंग गैप पर चर्चा

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में गुरुवार को आयोजित शिक्षक-अभिभावक बैठक में छात्रों की शैक्षिक प्रगति पर चर्चा की गई। प्राचार्य मन्टु कुमार ने विशेष रूप से लर्निंग गैप की समस्या पर ध्यान केंद्रित किया और नियमित उपस्थिति पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य बच्चों का सामाजिक, भावनात्मक और मानसिक विकास करना है।

# न्यूज | बॉक्स

## रक्षा राज्य मंत्री से मिला झारखंड कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस के तीन विधायकों ने गुरुवार को नई दिल्ली में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से रक्षा मंत्रालय में शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के साथ खिजरी के विधायक राजेश कच्छप, कांके के विधायक सुरेश बैठा और रामगढ़ की विधायक ममता देवी शामिल रहे।

## विस अध्यक्ष आज पुणे के लिए होंगे रवाना

14वां नेशनल कॉन्क्लेव भारतीय छात्र संसद की अध्यक्षता करेंगे

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में आयोजित सम्मेलन में शामिल होने के लिए शुक्रवार को पुणे रवाना होंगे। विस अध्यक्ष इस सम्मेलन में 14वां नेशनल कॉन्क्लेव भारतीय छात्र संसद की अध्यक्षता करेंगे। राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन में वो "रेवाड़ी संस्कृतिः एक राजकोषीय बोझ या आवश्यक समर्थन?" विषय पर अपना व्याख्यान देंगे। राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से भाग लेने वाले विधायकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम के लिए एकत्रित हो रहे हैं। कार्यक्रम में मंत्री इरफान अंसारी एवं झारखंड विधानसभा के कुछ सदस्य भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। विदित हो कि एमटीआई वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के द्वारा आयोजित सम्मेलन वर्ष 2023 राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन भारत मुंबई में आयोजित कराई गई थी। जिसमें देश भर से कुल 1800 विधायक भाग लिए थे।

## हाईकोर्ट ने तथ्य छिपाने पर सरकार पर दो लाख का जुर्माना लगाया

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ में पत्थर खनन लीज निरस्त करने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने तथ्य छिपाने पर नाराजगी जताते हुए सरकार पर दो लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। अदालत ने उक्त राशि प्रार्थी को भुगतान करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही पलामू उपायुक्त और खान आयुक्त के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिससे प्रार्थी का खनन लीज निरस्त किया गया था। इस संबंध में प्रार्थी आनंद कुमार सिंह ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राहुल कुमार ने अदालत को बताया कि आनंद कुमार सिंह को पलामू जिले में पत्थर खनन का लीज मिला था। लेकिन बिना किसी सूचना और पक्ष सुने ही उनका लीज निरस्त कर दिया गया। पलामू उपायुक्त के आदेश का हवाला देते हुए जिला खनन पदाधिकारी ने लीज निरस्त करने का आदेश पारित किया। लेकिन उपायुक्त के आदेश से संबंधित दस्तावेज प्रार्थी को नहीं दिया गया। झारखंड लघु खनिज समादान नियमावली की धारा 27 में लीज निरस्त करने का अधिकार समाहर्ता (उपायुक्त) के पास है। इस मामले में प्रार्थी को न तो उपायुक्त की ओर से कोई शो कॉज किया गया और न ही उनका पक्ष सुना गया। जिला खनन पदाधिकारी ने उपायुक्त के आदेश का हवाला देकर लीज को निरस्त कर दिया, जो कानूनी रूप से सही नहीं है। मामले में नैसर्गिक न्याय का पालन नहीं किया गया।

## राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर 14 और 15 फरवरी को रांची में नो फ्लाई जोन घोषित

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 14 और 15 फरवरी को रांची में कार्यक्रम प्रस्तावित है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से रांची सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बीएनएसएस की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। इस दौरान राष्ट्रपति के भ्रमण वाले क्षेत्र में 14 फरवरी की सुबह 5 बजे से लेकर 15 फरवरी की रात 11 बजे तक नो फ्लाई जोन घोषित किया है। 14 फरवरी को राष्ट्रपति बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हिनू, अरगोड़ा होते हुए राजभवन पहुंचेंगे। 15 फरवरी को राजभवन से कांके रोड होते हुए बिरसा प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा पहुंचेंगी। निषेधाज्ञा के तहत राष्ट्रपति के कार्यक्रम वाले 200 मीटर की परिधि में ड्रोन्स, पैराग्लाइडिंग एंड हॉट एयर बलूंस पूर्णतः वर्जित रहेगी।

## टोल गेट को लेकर केंद्रीय मंत्री के घोषणा का समर्थन

**रांची।** पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की उस घोषणा का स्वागत किया है जिसमें उन्होंने दो टोल गेट के बीच 60 किमी की दूरी रखने की घोषणा की है। वहीं 60 किमी से कम दूरी के टोल गेट को तीन माह के अंदर बंद करने की बात कही है। रामकुमार पाहन ने कहा मैंने जनता के हित को ध्यान में रखते हुए पूर्व में ही हेसल टोल प्लाजा निर्माण का विरोध किया था जो ओरमांझी के पुंदाग से महज 35 किमी की दूरी पर हेसल में बनाया गया है। यह नियम के खिलाफ है। ज्ञात हो कि बुंडू टोल प्लाजा की दूरी हेसल से 35 किमी है मात्र 70 किमी की दूरी में तीन टोल गेट बनाए गए हैं। उन्होंने एनएचएआई से हेसल टोल गेट बंद करने की मांग की है।

## पूर्वी कमान अंलकरण समारोह 12 को

**रांची।** रांची मिलिट्री स्टेशन में पूर्वी कमान अंलकरण समारोह 12 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाईयों को सम्मानित किया जाएगा। मुखय अतिथि जीओसी इन सी, पूर्वी कमान लेफ्टिनेंट जनरल राम चन्दर तिवारी समारोह में वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित करेंगे। समारोह में कुल 42 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। 21 को सेना पदक (वीरता), पांच सेना पदक (विशिष्ट सेवा), दो बार टू सेना पदक (विशिष्ट सेवा), दो युद्ध सेवा पदक, एक बार टू विशिष्ट सेवा पदक और 11 विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा 45 सैन्य इकाईयों को जीओसी इन सी, पूर्वी कमान इकाई प्रशंसा से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम से एक दिन पूर्व 11 फरवरी को शौर्य संध्या का आयोजन होगा। इस सांस्कृतिक संध्या में मार्शल आर्ट प्रदर्शन, हेलीकॉप्टर द्वारा फ्लाई पास्ट, आर्मी बैंड सिंफनी फ्यूजन और आतिशबाजी की प्रस्तुति होगी।

## दो मार्च को निकाली जाएगी श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा

**रांची।** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के तत्वावधान में दो मार्च को रांची शहर में राजस्थान के खाटू श्याम की श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा निकाली जाएगी। यह पदयात्रा नेवरी से शुरू होकर खाटू श्याम मंदिर हरमू रोड में ध्वजा समर्पण के साथ संपन्न की जाएगी। खाटू धाम में यह परंपरा है कि श्याम भक्त बाबा श्याम को ध्वजा निशान यात्रा रिंगस से 17 किलोमीटर की पदयात्रा कर बाबा श्री श्याम को समर्पित करते हैं। मान्यता है कि जो भी भक्त श्याम प्रभु के निशान को श्रद्धा और विश्वास के साथ उन्हें अर्पित करता है तो बाबा उन भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।

## हमारी सरकार ने एससी/एसटी एक्ट को मजबूत बनाया

# हम संतुष्टिकरण पर भरोसा करते हैं : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमने एससी/एसटी एक्ट को मजबूत बनाया। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का मॉडल संतुष्टिकरण पर भरोसा करता है। पीएम मोदी ने राज्यसभा में कहा कि हमारे गवर्नेंस का आधार 'सबका साथ, सबका विकास' है। हमने एससी/एसटी एक्ट को मजबूत बनाया। जातिवाद का जहर फैलाने का प्रयास हो रहा है। लेकिन, 3-3 दशक तक दोनों सदन के ओबीसी सांसद ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने की मांग करते थे, लेकिन इसे नहीं माना गया। उस समय उनकी राजनीति को यह सूट नहीं करता था। हमने ओबीसी समाज की इस मांग को पूरा किया। उन्होंने कहा कि देश में जब-जब आरक्षण का विषय आया है तो समस्या का समाधान करने का प्रयास नहीं किया गया। तनाव और दुश्मनी पैदा करने के तरीके अपनाए गए। लेकिन, हमारी सरकार ने पहली बार ऐसा मॉडल दिया, जिसमें समाधान ढूंढा गया। हमने सामान्य वर्ग के गरीब को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया। बिना किसी तनाव और बिना किसी से छीने दिया। जब हमने ऐसा किया तो एससी/एसटी और ओबीसी समुदाय ने इसका स्वागत किया और किसी के भी पेट में दर्द नहीं हुआ।

राज्यसभा में पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में जब-जब आरक्षण का विषय आया, तो समस्या के समाधान के लिए सत्य को स्वीकार करने का काम नहीं हुआ। देश में विभाजन कैसे हो, तनाव कैसे पैदा हो, वही तरीके अपनाए गए। पहली बार हमारी सरकार ने एक ऐसा मॉडल दिया और 'सबके साथ, सबके विकास' के मंत्र के साथ दिया। देश की महिलाओं का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने राज्यसभा में कहा कि भारत की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को कोई नकार नहीं सकता। लेकिन, अगर उनको अवसर मिले और वो नीति-निर्धारण का हिस्सा बनें तो देश की प्रगति में और गति आ सकती है। इस बात को ध्यान रखते हुए हमने इस नए सदन के पहले निर्णय के रूप में 'नारी शक्ति अधिनियम' पारित कराया।

कांग्रेस की राजनीति पर सवाल उठाते हुए पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस की राजनीति का मंत्र हमेशा दूसरे के रूढ़िवादिता पर कायम रहा, जिसके कारण वह अस्थिर हो गए। कोई भी राजनीतिक दल की सरकार कहीं बनी तो उसे अस्थिर कर दिया। वह (कांग्रेस) जो ये छोड़कर अपने आम चुनाव के बाद उनके साथ थे, वह भी भाग रहे हैं।

> पीएम मोदी ने राज्यसभा में कहा कि हमारे गवर्नेंस का आधार 'सबका साथ, सबका विकास' है। हमने एससी/एसटी एक्ट को मजबूत बनाया। जातिवाद का जहर फैलाने का प्रयास हो रहा है।

## भारत के चाय पत्ती आयात पर बदले प्रावधानों से नेपाली निर्यातक संकट में



**काठमांडू ।** भारत के चाय पत्ती आयात करने के नए प्रावधानों ने नेपाली निर्यातकों की मुश्किलें बढ़ा दी है। नेपाली चायपत्ती उत्पादक संघ ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को अपनी चिंता से अवगत कराया है। ओली ने संघ को आश्वासन दिया है कि नेपाल सरकार इसके लिए भारत सरकार से बात करेगी। भारत ने हाल ही में नए प्रावधान लागू करते हुए नीलामी प्रक्रिया से ही विदेश से चाय पत्ती का आयात करने का फैसला किया है। नेपाल चायपत्ती उत्पादक संघ के अध्यक्ष आदित्य पराजुली का कहना है कि इससे उनकी परेशानी बढ़ गई है। भारतीय बाजार में जाने वाली चाय पत्ती की मात्रा घट गई है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा गया है। पराजुली ने बताया कि प्रधानमंत्री ने समस्या के समाधान के लिए कूटनीतिक प्रयास करने का आश्वासन दिया है।

## जयशंकर ने कहा- 104 भारतीयों को वापस भेजने के बारे में पूरी जानकारी थी

- अमेरिका से डिपोर्टेशन कोई पहली बार नहीं हो रहा...
- विपक्ष- इसका मतलब भारतीयों को हथकड़ी लगाकर भारत भेजने के बारे में भी पता था

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में अमेरिका से कथित अवैध भारतीय प्रवासियों के निर्वासन के मुद्दे पर बयान दिया। उन्होंने डिपोर्टेशन पर संयुक्त राष्ट्र की संधि का जिक्र करते हुए कहा कि ये लीगल माइग्रेशन को सपोर्ट करने और अवैध माइग्रेशन को हतोत्साहित करने लिए है। जयशंकर ने कहा कि डिपोर्टेशन कोई नई बात नहीं है। विदेश मंत्री ने 2009 से लेकर अब तक के आंकड़े भी बताए और कहा कि हर साल अवैध प्रवासियों को वापस भेजा जाता है। उन्होंने गुरुवार 6 फरवरी को राज्यसभा को जानकारी दी कि अमेरिका सरकार के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा, 'यदि कोई नागरिक विदेश में रह रहा पाया जाता है, तो उसे वापस बुलाना सभी देशों का दायित्व है। हम अमेरिकी सरकार से संपर्क कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वापस लौटने वाले निर्वासितों के साथ किसी भी तरह का बुरा बर्ताव न हो।' एस जयशंकर ने अमेरिका से भारतीयों के डिपोर्टेशन के सवाल पर कहा कि 104 भारतीयों को वापस भेजने के बारे में हमें पूरी जानकारी थी। हमने अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि वह एक वापस आने वाले भारतीय से बैठकर बात करें कि वह कैसे अमेरिका पहुंचे। उन्हें किसी एजेंट्स ने धोखा दिया था या फिर कुछ और वजह थी। जय शंकर के इस तरह गोल-मोल व सतही जवाब से नाराज़ विपक्षी सांसदों ने अमेरिका में अवैध तरीके से भारतीयों को वापस भेजने के तरीके पर सवाल खड़े किए। बुधवार को एक अमेरिका का सैन्य विमान 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमृतसर पहुंचा। निर्वासित लोगों ने दावा किया कि अपनी इस पूरी यात्रा के दौरान उनके हाथ और पैरों में हथकड़ी लगी रही और जब वह अमृतसर के एयरपोर्ट पर पहुंचे उसी के बाद में उन्हें खोला गया। इनमें से हरियाणा और गुजरात से 33-33, पंजाब से 30, महाराष्ट्र व उप्र से तीन-तीन तथा चंडीगढ़ से दो लोग शामिल थे। अवैध रूप से अमेरिका में प्रवास करने वाले एक भारतीय व्यक्ति ने कहा, 'मुझसे झूठ बोला गया था कि मुझे कानूनी तरीके से भेजा जाएगा, लेकिन मुझे डंकी रूट के रास्ते से भेजा गया। मुझे रास्ते में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अब जब मैं वापस आ गया हूं, तो मैं यहां काम करूंगा। मैंने बड़ी मुश्किल से सीमा पार की। मैं 8 महीने में वहां पहुंचा। मुझे 20 दिनों तक अमेरिकी सीमा पर जेल में रखा गया और फिर मुझे वापस भेज दिया गया। हमारे हाथ-पैर जंजीरों से बांध दिए गए और हमें बताया गया कि हमें वापस भारत भेजा जा रहा है। हमें अमृतसर एयरपोर्ट पहुंचने में 40 घंटे लगे। बच्चों को छोड़कर सभी को जंजीरों से बांध दिया गया। अब हम यहां खेती करेंगे। हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह हमारे पैसे वापस दिलाने में हमारी मदद करे। हमसे झूठ बोला गया और डंकी रूट से अवैध तरीके से भेजा गया।

# गाजा छोड़ कर जाने वाले फिलिस्तीनियों की मदद करेगी इजरायली सेना, रक्षा मंत्री का ऐलान...

**तेल अवीव (आईएएनएस)**

इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने गुरुवार को गुरुवार को कहा कि उन्होंने सेना को एक योजना तैयार करने का निर्देश दिया है, जिससे गाजा पट्टी छोड़ने के इच्छुक फिलिस्तीनियों की क्षेत्र से बाहर जाने में मदद की जा सके। उनका यह बयान राष्ट्रपति ट्रंप की इस घोषणा पर आया कि अमेरिका गाजा पर नियंत्रण करने, वहां रहने वाले को पुनर्स्थापित करने और इस क्षेत्र का विकास करने का लक्ष्य रखता है। कैट्ज ने एक्स पर कहा, "इस योजना में भूमि क्रॉसिंग के जरिए बाहर निकलने के विकल्प शामिल होंगे, साथ ही समुद्र



और हवाई मार्ग से प्रस्थान के लिए विशेष व्यवस्था भी शामिल होगी।" इजरायली मंत्री ने कहा, "स्पेन, आयरलैंड, नॉर्वे और अन्य देश, जिन्होंने गाजा में इजरायल की कार्रवाइयों पर झूठा आरोप लगाया, कानूनी रूप से गाजा के लोगों को अपने क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति देने के लिए बाध्य हैं। अगर वे मना करते हैं तो उनका पाखंड उजागर हो जाएगा। इस बीच, कनाडा जैसे देश, जिनके पास एक संरचित आव्रजन कार्यक्रम है, ने पहले गाजा के निवासियों को लेने की इच्छा व्यक्त की। कनाडा जैसे देश, जिनके पास एक आव्रजन कार्यक्रम है, ने पहले भी गाजा निवासियों को स्वीकार करने की इच्छा व्यक्त की है।" कैट्ज ने लिखा, "गाजा के लोगों को आवागमन और प्रवास की स्वतंत्रता का अधिकार होना चाहिए, जैसा कि दुनिया में हर जगह प्रचलित है। मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की साहसिक पहल का स्वागत करता हूं, जो गाजा में रहने वाले उन लोगों के लिए व्यापक अवसर पैदा कर सकती है जो छोड़ना चाहते हैं।

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान का समर्थन किया जिसमें गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के लिए वहां से फिलिस्तीनियों को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव शामिल है। उन्होंने इस योजना को 'असाधारण' बताया। रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने अमेरिकी मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में बुधवार को कहा, "यह पहला अच्छा विचार है जो मैंने सुना है। यह एक उल्लेखनीय विचार है।

## फिलिस्तीनियों तक मदद पहुंचाने में जुटा संयुक्त राष्ट्र, गाजा में सहायता अभियान को दे रहा विस्तार

**संयुक्त राष्ट्र ।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि वे और उनके सहयोगी पूरे क्षेत्र में जरूरतों का आकलन कर रहे हैं और सहायता अभियान बढ़ा रहे हैं। मानवीय मामलों के समन्वय



के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने बुधवार को कहा कि वह मुख्य रूप से गाजा के लोगों के लिए चिंतित हैं। 2.1 मिलियन आबादी में से 90 प्रतिशत पहले ही अपने घरों से विस्थापित हो चुके हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ओसीएचए ने कहा कि विश्व निकाय और उसके सहयोगियों का अनुमान है कि 5,00,000 से अधिक विस्थापित फिलिस्तीनी अकेले उत्तरी गाजा लौट आए हैं, जहां तंबू और शेल्टर मटेरियल की तत्काल आवश्यकता है। इस कमी को दूर करने के लिए अस्थायी परिस्थितियों में रहने वाले परिवारों पर बारिश के प्रभाव को दूर करने के लिए फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने मंगलवार को दक्षिणी से उत्तरी गाजा तक टेंट के 22 ट्रक पहुंचाए।

## डिपोर्ट हो अमेरिकी जहाज से 40 घंटे में अमृतसर पहुंचे हरविंदर ने बताया

# नरक से भी बदतर थे 40 घंटे

**ब्यूरो**

- घिसट -घिसट कर जाना पड़ता था वाशरूम
- हाथों में हथकड़ियां, पैरों में जंजीर, 40 घंटे तक टॉयलेट जाना भी मुश्किल...

**नई दिल्ली।** जिस अमेरिकी सैन्य विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से 104 भारतीयों को ट्रम्पहिया फरमान के बाद वापस भेजा गया, वह विमान अमृतसर में उतरने से पहले फ्यूल भरने के लिए चार बार रुका और 40 घंटे में अमृतसर पहुँचा। उसमें जो 104 भारतीय थे उनमें से एक हरविंदर ने बताया- 'हमें 40 घंटे तक हथकड़ियों में रखा गया। हमारे पैरों में जंजीर बंधी हुई थी, हमें अपनी सीट से एक इंच भी हिलने नहीं दिया। कई बार लगातार गुहार लगाने के बाद हमें बस इतनी अनुमति दी गई कि हम खुद को घसीट-घसीट कर वॉशरूम तक ले जा सके। विमान में मौजूद लोग टॉयलेट का दरवाजा खोलकर हमें अंदर धक्का दे देते थे।' हरविंदर सिंह पंजाब के होशियारपुर जिले के ताहली गांव के रहने वाले हैं। उनकी उम्र 40 साल है। हरविंदर सिंह बताते हैं, 'अमेरिका से भारत का यह सफर नरक से भी बदतर था। 40 घंटे तक हम सभी लोग ढंग से कुछ खा भी नहीं पाए।' हरविंदर बताते हैं, 'वे हमें हथकड़ी लगाकर ही खाने को मजबूर करते थे। हमने विमान में मौजूद लोगों से कहा कि कुछ मिनट के लिए हथकड़ी हटा दें, लेकिन किसी ने हमारी बात नहीं सुनी। यह हवाई सफर न सिर्फ शरीर को दर्द देने वाला था बल्कि दिमागी रूप से भी थका देने वाला था। हालांकि विमान में एक शख्स ऐसा भी था जो थोड़ा दयालु था, और उसने हमें खाने के लिए फल दिए। हरविंदर बताते हैं कि पूरे हवाई सफर के दौरान वह सो नहीं सके, क्योंकि 8 महीने पहले जब उन्होंने विदेश जाने का फैसला किया था, तो अपनी पत्नी से एक बेहतर जिंदगी देने का वादा किया था। वह उन वादों के बारे में ही सोचते रहे। जून, 2024 में हरविंदर सिंह ने अपनी पत्नी कुलजिंदर कौर से बातचीत के बाद अमेरिका जाने का फैसला किया था। हरविंदर की शादी को 13 साल हो चुके हैं और उनके दो बच्चे हैं। वे लोग गाय-भैंस का दूध बेचकर जैसे-तैसे अपना घर चला रहे थे। इसी दौरान उनके एक रिश्तेदार ने उनसे कहा कि वे हरविंदर को 15 दिन में अमेरिका भेज देंगे और ऐसा डंकी रूट के जरिए नहीं बल्कि कानूनी तरीके से करेंगे। बदले में उन्हें इसके लिए 42 लाख रुपए देने होंगे। हरविंदर और उनकी पत्नी ने बहुत सोचा और इसके लिए पैसे जुटाए। उन्होंने अपनी एक एकड़ जमीन को गिरवी रख दिया और प्राइवेट ब्याज देने वाले लोगों से ऊंची दरों पर लोन ले लिया।कुलजिंदर कौर बताती हैं कि 8 महीने तक उनके पति को एक देश से दूसरे देश में घुमाया गया लेकिन वह कभी भी अमेरिका तक नहीं पहुंच सके। इस दौरान हरविंदर ने अपनी मुसीबत के पलों को रिकॉर्ड किया और अपनी पत्नी को वीडियो भेजे। 15 जनवरी को कुलजिंदर ने आखिरी बार अपने पति से बात की थी। जब इस बात का पता चला कि अमेरिका से उनके पति को डिपोर्ट किया जा रहा है तो यह कुलजिंदर के लिए झटका देने वाली खबर थी। कुलजिंदर बताती हैं कि जब हरविंदर से उनका संपर्क टूट गया था, तो उन्होंने गांव की पंचायत में ट्रेवल एजेंट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। कुलजिंदर कहती हैं, 'हमारा सब कुछ लुट गया, हम सिर्फ अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य चाहते थे, और अब हम सिर्फ कर्ज व दुख में ही डूबे हुए हैं।' कुलजिंदर बताती हैं कि ट्रैवल एजेंट ने विदेश में रहने के दौरान उनके पति से खूब पैसे ऐंठे थे और ढाई महीने पहले जब उनके पति ग्वाटेमाला में थे तब भी उनसे 10 लाख रुपए ले लिए थे। हरविंदर के माता-पिता बुजुर्ग हैं। 85 साल के पिता व 70 साल की मां अभी भी खेतों में काम करते हैं।

## पाक के रमजान चीनी मिल भ्रष्टाचार केस में प्रधानमंत्री शहबाज और पुत्र हमजा बरी



**इस्लामाबाद।** लाहौर की भ्रष्टाचार निरोधक अदालत के जज सरदार इकबाल डोगर ने आज प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके बेटे हमजा शहबाज को रमजान चीनी मिल भ्रष्टाचार केस में बरी कर दिया। जज डोगर ने सोमवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। यह केस तब का है जब शहबाज शरीफ पंजाब के मुख्यमंत्री थे। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र द न्यूज इंटरनेशनल की खबर के अनुसार, शहबाज पर बेटों के स्वामित्व वाली रमजान चीनी मिल की सुविधा के लिए कराए गए निर्माण पर सार्वजनिक धन (500 मिलियन रुपये) का उपयोग करके अधिकार के दुरुपयोग का आरोप लगा था। निचली अदालत ने शहबाज और हमजा को 2019 में इस केस में दोषी ठहराया था। इसके बाद राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश 1999 में संशोधन किया गया। फिर सुप्रीम कोर्ट की अनुमति से इसे सितंबर 2024 में लाहौर की भ्रष्टाचार निरोधक अदालत में भेजा गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री शहबाज और 10 अन्य को नवंबर 2023 में आशियाना-ए-इकबाल हाउसिंग स्कीम केस में लाहौर की एक जवाबदेही अदालत बरी कर चुकी है।

# लाहौर प्रशासन से हाई कोर्ट ने कहा- पीटीआई की रैली पर आज शाम तक फैसला लो

**लाहौर (हि.स.)**

पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के आठ फरवरी को लाहौर के मीनार-ए-पाकिस्तान में रैली करने के ऐलान से प्रशासन के हाथ-पांव फूले हुए हैं। पीटीआई 10 दिन पहले लाहौर जिला प्रशासन को इसकी सूचना देते हुए अनुमति मांगी थी। प्रशासन से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर पीटीआई ने तीन फरवरी को लाहौर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने लाहौर के डिप्टी कमिश्नर को आज शाम तक फैसला लेने का आदेश दिया है। द न्यूज इंटरनेशनल की खबर के अनुसार, पीटीआई ने आगामी आठ फरवरी को मीनार-ए-पाकिस्तान पर पिछले साल के आम चुनाव की पहली वर्षगांठ के अवसर पर "काला दिवस" मनाने का फैसला



किया है। पीटीआई ने बाकायदा जिला प्रशासन से रैली करने की अनुमति मांगी। जवाब न मिलने पर पीटीआई की कानूनी टीम ने हाई कोर्ट से गुहार लगाई। हाई कोर्ट के जस्टिस फारूक हैदर ने आज तीन फरवरी को दायर पीटीआई नेता आलिया हमजा की याचिका पर सुनवाई की।

# बसंतोत्सव यानी मनुष्य को मनुष्य बनाने का सांस्कृतिक पर्व

**बीजिंग (आईएएनएस)**

दो फरवरी के दिन भारतीय कैलेंडर के अनुसार माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी की तिथि यानी पांचवें दिन ज्ञान और विद्या की देवी सरस्वती की पूजा हुई। उत्तर भारत में उसी दिन बसंतोत्सव के रूप में विख्यात होली के एक दिन पहले जलाई जाने वाली होलिका के लिए पहली लकड़ी आदि रखी जाती है। कुछ इसी बासंती मौसम में ही चीन का बसंत उत्सव होता है। चीन के चंद्र कैलेंडर के पहले महीने में होने वाले इस त्योहार में चीन डूबा हुआ रहा। आर्थिक मोर्चे पर अपने तकनीकी कौशल और मानव श्रम के दम पर दुनिया में दूसरे नंबर पर आर्थिक महाशक्ति बन चुके चीन में छुट्टियों जैसा माहौल होना उस दुनिया के लिए प्रेरक हो सकता है, जो काम और काम को ही अपना सबकुछ मान रही है। बसंत ऋतु में भारत में खेतों में हरे-पीले फूलों की जैसी कालीन बिछ जाती है। चीन में भी कुछ ऐसा ही माहौल है। इसी माहौल के बीच चीन के लोग खुशियां मना रहे हैं, अपने परिवारों के साथ विशेष भोजन का आनंद उठा रहे हैं। शायद बसंत का ही असर है कि भारत में बसंत पंचमी के दिन सब कुछ पीला करने की परंपरा है।

भारत में बसंत पंचमी के दिन सरस्वती पूजा के लिए पीले वस्त्र पहनने, पीले रंग का भोजन करने, पीले रंगों के फूलों से घरों और मंदिरों को सजाने का रिवाज है। चीन में भी कुछ ऐसा ही माहौल होता है। यूनेस्को के अनुसार, चीन में, वसंत उत्सव नए साल की शुरुआत का प्रतीक है। यह चीनी कैलेंडर के पहले महीने के पहले दिन पड़ता है और इसमें नए साल की शुरुआत करने, अच्छे भाग्य के लिए प्रार्थना करने, पारिवारिक पुनर्मिलन का जश्न मनाने और सामुदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की सामाजिक प्रथाएं शामिल होती हैं। भारत में भी विद्या की देवी यानी सरस्वती से बसंत पंचमी के दिन पूजा करके कुछ ऐसी ही आशाएं की जाती हैं, कुछ ऐसे ही आशीर्वाद मांगे जाते हैं। भारत में भी लोग देवी सरस्वती से विद्या, ज्ञान के साथ ही सुख-संपत्ति और खुशहाली का आशीर्वाद मांगते हैं। भारतीय शास्त्रों में बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के संबंध में एक कथा कही जाती है। इसके अनुसार, भारतीय संस्कृति के आदि स्रष्टा ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की और उसके बाद दुनिया की ओर नजर उठाकर देखा तो उन्हें चारों ओर सुनसान निर्जन ही दिखाई दिया, तब सारा माहौल जैसे उदासी से भरा था।

### सैकड़ों वर्ष पूर्व चीन में बसंत को 'नियन' कहा जाता था

भारत और चीन आदिकाल से एक-दूसरे के पड़ोसी हैं। शायद यही वजह है कि दोनों देशों की कुछ सांस्कृतिक परंपराएं एक हैं। भारतीय बसंतोत्सव के ही अंदाज में कह सकते हैं कि चीन में भी बसंत का त्योहार यहां के लोगों का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। सैकड़ों वर्ष पूर्व चीन में बसंत को 'नियन' कहा जाता था। उस समय नियन का अर्थ भरपूर फसल वाला साल था। जिस तरह भारतीय त्योहार भी बुनियादी रूप से कृषि पर्व हैं, चीन के भी त्योहार मूल रूप से कुछ ऐसे ही हैं। नियन भी एक तरह से कृषि पर्व भी है। चीन में बसंतोत्सव की शुरुआत 29 जनवरी से हुई है।

